RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 11 अंक 198
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 25 मई, 2023
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित
# पायनियर
www.dailypioneer.com



देश का विदेशी मुद्रा भंडार संतोषजनक स्थिति में

राष्ट्रीय-11

# संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करेंगे 19 विपक्षी दल

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**नवनिर्मित** संसद भवन के उद्घाटन समारोह में विपक्षी दल शामिल नहीं होंगे। विपक्ष के 19 दलों ने बुधवार को सामूहिक रूप से यह ऐलान किया है। उन्होंने आरोप लगाया कि केंद्र की मौजूदा सरकार में संसद से लोकतंत्र की आत्मा को निकाल दिया गया है। उन्होंने कहा कि ऐतिहासिक समारोह से राष्ट्रपति को दूर रखने का अशोभनीय कृत्य सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान और लोकतंत्र पर सीधा हमला है। वहीं आंध्र प्रदेश की सत्तारूढ़ पार्टी वाईएसआरसीपी के प्रमुख और राज्य के मुख्यमंत्री वाई एस जगन मोहन रेड्डी, बीजू जनता दल और शिरोमणि अकाली दल के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने पुष्टि की कि उनकी पार्टी नए संसद भवन के उद्घाटन में शामिल होगी

दूसरी ओर, सरकार ने विपक्ष के इस कदम को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए कहा कि विपक्षी पार्टियों को अपने इस फैसले पर पुनर्विचार करना चाहिए। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को संसद के नए भवन का उद्घाटन करेंगे। कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस, द्रविड मुन्नेत्र कषगम




नई दिल्ली में केंद्रीय मंत्रियों किशन रेड्डी और अनुराग ठाकुर के साथ पत्रकार वार्ता करते गृह मंत्री अमित शाह

(द्रमुक), जनता दल (यूनाइटेड), आम आदमी पार्टी(आप), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी, शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा), समाजवादी पार्टी (सपा), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा) ने उद्घाटन समारोह का संयुक्त रूप से बहिष्कार करने की घोषणा की है। समारोह का संयुक्त रूप से बहिष्कार करने वाले दलों में इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग, झारखंड मुक्ति मोर्चा, नेशनल कांफ्रेंस, केरल कांग्रेस (मणि), रिवोल्यूशनरी सोशलिस्ट पार्टी, विदुथलाई चिरुथिगल काट्ची (वीसीके), मारुमलार्ची द्रविड मुन्नेत्र कषगम (एमडीएमके) और राष्ट्रीय लोकदल भी शामिल ( शेष पेज 9 )

## फैसले पर पुनर्विचार करे विपक्षः सरकार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने 19 विपक्षी दलों के नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह के बहिष्कार के सामूहिक ऐलान को दुर्भाग्यपूर्ण करार देते हुए बुधवार को उनसे अपने रुख पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि विपक्षी दल गैर-मुद्दे को मुद्दा बना रहे हैं और पूर्व में भी प्रधानमंत्रियों ने संसद भवन परिसर में इमारतों का उद्घाटन किया है। जोशी ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष संसद के संरक्षक हैं और उन्होंने प्रधानमंत्री को संसद भवन का उद्घाटन करने के लिए आमंत्रित किया है। करीब सौ साल बाद एक ऐतिहासिक चीज हो रही ( शेष पेज 9 )

# प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले का उठाया मुद्दा

● अल्बनीज ने कड़ी कार्रवाई का आश्वासन दिया

**भाषा।** सिडनी

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ वार्ता में ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले की हालिया घटनाओं का मुद्दा उठाया और यहां खालिस्तान समर्थकों की गतिविधियों को लेकर भारत की चिंताओं से उन्हें अवगत कराया। दोनों पक्षों ने इस वर्ष के अंत तक व्यापक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने का लक्ष्य भी तय किया।

मोदी और अल्बनीज ने व्यापक चर्चा के बाद भारत-ऑस्ट्रेलिया ने प्रवासन और गतिशीलता साझेदारी व्यवस्था (एमएमपीए) पर हस्ताक्षर किए। इससे छात्रों, पेशेवरों, शोधकर्ताओं, शिक्षाविदों और अन्य लोगों को आवाजाही में मदद मिलेगी। इसमें विशेष रूप से भारत के लिए बनाई गई मैट्स (प्रतिभाशाली प्रारंभिक पेशेवरों के लिए गतिशीलता व्यवस्था) नामक योजना का एक नवीन कुशल मार्ग शामिल है। ऑस्ट्रेलिया की अपनी तीन दिवसीय यात्रा संपन्न होने के बाद मोदी स्वदेश रवाना हो गए। मोदी की ऑस्ट्रेलिया यात्रा के तीसरे और अंतिम दिन हुई



सिडनी में ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

चर्चा में द्विपक्षीय संबंधों के पूरे आयामों के साथ-साथ रक्षा और सुरक्षा, व्यापार और निवेश, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, हरित हाइड्रोजन, महत्वपूर्ण खनिजों, शिक्षा, प्रवासन और गतिशीलता एवं लोगों के बीच संबंधों में सहयोग पर ध्यान केंद्रित किया गया। मोदी और अल्बनीज ऑस्ट्रेलिया-भारत हरित हाइड्रोजन कार्यबल के संदर्भ की शर्तों पर हस्ताक्षर किए जाने का भी गवाह बने। इससे स्वच्छ ( शेष पेज 9 )

# संजय सिंह के सहयोगियों पर ईडी के छापे

● आबकारी नीति से जुड़े धन शोधन के मामले केंद्रीय एजेंसी की कार्रवाई, सिंह ने साधा केंद्र पर निशाना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रवर्तन** निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली की आबकारी नीति में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन के एक मामले की जांच के सिलसिले में राष्ट्रीय राजधानी में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता एवं सांसद संजय सिंह के कुछ सहयोगियों के परिसरों सहित कई ठिकानों पर बुधवार को छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी।आप नेता ने ट्विटर पर एक वीडियो संदेश साझा करते हुए कहा कि उनके दो सहयोगियों अजीत त्यागी और सर्वेश मिश्रा के परिसरों पर ईडी छापेमारी कर रही है। वहीं छापेमारी के बाद सांसद संजय सिंह ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार सत्ता का दुरुपयोग कर रही है। सूत्रों ने बताया कि करीब छह स्थानों पर धन




शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत छापेमारी की गई है।

मामले में शामिल कुछ आरोपियों से पूछताछ के दौरान मिली जानकारी के आधार पर कार्रवाई की गई। जिन लोगों के यहां छापेमारी की गई, उनमें से कुछ सिंह से संबद्ध हैं। राज्यसभा के सदस्य सिंह ने कुछ समय पहले केंद्रीय वित्त सचिव को पत्र लिखकर ईडी निदेशक, आबकारी नीति मामले की जांच कर रहे एक अधिकारी तथा एक सहायक निदेशक के खिलाफ इस जांच के संबंध में कथित रूप से झूठे और अपमानजनक दावे करने के लिए मुकदमा चलाने की अनुमति मांगी थी। ाज्यसभा सदस्य सिंह ने अडाणी-हिंडनबर्ग मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा कि वह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संबंध में भ्रष्टाचार को उठाते रखेंगे। उन्होंने कहा, मेरे सहयोगियों के खिलाफ फर्जी मुकदमे दर्ज किए जा रहे हैं और ईडी के छापे पड़ रहे हैं।

## मोदी सरकार को सर्वोच्च न्यायालय पर विश्वास नहींः केजरीवाल

**मुंबई।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को दावा किया कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सेवाओं पर नियंत्रण से जुड़ा केंद्र का अध्यादेश इस बात का परिचायक है कि मोदी सरकार उच्चतम न्यायालय पर विश्वास नहीं करती है। मुंबई में शिवसेना (यूबीटी) के अध्यक्ष उद्धव ठाकरे से मुलाकात के बाद केजरीवाल ने कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) जैसी केंद्रीय जांच एजेंसियों का इस्तेमाल कर राज्य सरकारों को गिराया जा रहा है। केजरीवाल उद्धव से राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में सेवाओं के नियंत्रण से जुड़े केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ समर्थन के संबंध में मिले थे।

( विस्तृत पेज 3 पर )

# नफरती भाषण मामले में आजम खां को न्यायालय ने किया बरी

**भाषा।** रामपुर

**रामपुर** की एक विशेष अदालत ने समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खां को 2019 में नफरती भाषण देने के मामले में एक बड़ी राहत देते हुए निचली अदालत द्वारा दी गई तीन साल कैद की सजा को खारिज कर दिया। खां के वकील विनोद शर्मा ने विशेष एमपी-एमएलएसत्र न्यायाधीश (द्वितीय) अमित वीर सिंह की अदालत के फैसले के बारे में बताते हुए कहा, निचली अदालत के खिलाफ हमने अपील दाखिल की थी। आज फैसला हमारे पक्ष में आया है।

अदालत ने कहा है कि नफरती भाषण मामले में निचली अदालत का फैसला गलत था। हमें उन सभी मामलों में दोषमुक्त कर दिया गया है। इस मामले के एक सरकारी वकील ने नाम उजागर नहीं करने की शर्त पर बताया कि विशेष अदालत ने आजम खां को मिली तीन साल की सजा के फैसले के खिलाफ दायर अपील को स्वीकार कर लिया है और निचली





अदालत के सजा के निर्णय को खारिज कर दिया है। गौरतलब है कि 2019 के लोकसभा चुनाव के दौरान नफरती भाषण देने के मामले में एमपीएमएलए मजिस्ट्रेट अदालत ने उस वक्त रामपुर सदर सीट से सपा विधायक रहे खां को 27 अक्टूबर 2022 को तीन साल की सजा सुनाई थी। उसके बाद उनकी विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी और वोट देने का अधिकार भी वापस ले लिया गया था।

खां ने निचली अदालत के इस निर्णय के खिलाफ विशेष न्यायाधीश एमपीएमएलए अदालत में अपील की थी। खां की विधानसभा सदस्यता खत्म होने के बाद पिछले साल रामपुर सदर सीट पर उपचुनाव हुआ था, जिसमें भाजपा प्रत्याशी आकाश सक्सेना ने ( शेष पेज 9 )

# आर्थिक वृद्धि दर 7% से अधिक रहने का अनुमान

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** रिजर्व बैंक (आरबीआइ) के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को वित्त वर्ष 2022-23 में वृद्धि दर सात प्रतिशत के अग्रिम पूर्वानुमान से भी अधिक रहने की उम्मीद जताई। उन्होंने कहा कि तीसरी और चौथी तिमाहियों में आर्थिक गतिविधियों के तेज रहने से ऐसा होने की संभावना है। राष्ट्रीय सांख्यिकीय कार्यालय (एनएसओ) ने गत फरवरी में जारी दूसरे अग्रिम अनुमान में कहा था कि वित्त वर्ष 2022-23 में भारतीय अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर सात प्रतिशत रहेगी। वित्त वर्ष 2021-22 में यह 8.7 प्रतिशत रही थी। दास ने यहां उद्योग मंडल सीआईआई के सालाना कार्यक्रम में कहा कि संभावना है कि वृद्धि दर इस अनुमान से भी अधिक रह सकती है। अगर पिछले वित्त वर्ष की जीडीपी वृद्धि सात प्रतिशत से अधिक रहती है तो कोई अचरज नहीं होगा। गत 31 मार्च को समाप्त वित्त वर्ष 2022-23 की वृद्धि के बारे में अस्थाई वार्षिक अनुमान 31 मई को जारी किए जाएंगे। दास ने वृद्धि दर अधिक रहने की संभावना के पीछे की



वजह बताते हुए कहा, तीसरी तिमाही में ऐसा लगा था कि रुकी हुई मांग आने से आर्थिक गतिविधियों को समर्थन मिल रहा है। लेकिन चौथी तिमाही में सभी आर्थिक संकेतकों से यही लगा कि आर्थिक गतिविधियों ने तेजी पकड़ ली है।

उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक की निगरानी में शामिल लगभग सभी 70 संकेतकों ने चौथी तिमाही में तेजी की रफ्तार कायम रहने के संकेत दिए। उन्होंने कहा, ऐसी स्थिति में अगर वृद्धि दर सात प्रतिशत से थोड़ी अधिक रहती है तो हमें आश्चर्यचकित नहीं होना चाहिए। जहां तक चालू वित्त वर्ष का सवाल है तो आरबीआई ने इस साल वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है। आरबीआई गवर्नर ने नीतिगत ब्याज दर में वृद्धि का सिलसिला रोकने की मांग पर कहा कि ऐसा करना उनके हाथ में नहीं है क्योंकि यह जमीनी स्थिति पर निर्भर करता है। अप्रैल में आरबीआई ने प्रमुख नीतिगत दर (रेपो) को 6.5 प्रतिशत पर यथावत रखते हुए सभी को हैरान कर दिया था। इससे पहले केंद्रीय बैंक मई, 2022 से रेपो दर में ढाई प्रतिशत की वृद्धि कर चुका है।

दास ने कहा कि आगामी मौद्रिक समीक्षा बैठकों में नीतिगत दर में बढ़ोतरी नहीं करने संबंधी सुझाव आरबीआई के पास आए हैं लेकिन ऐसा कर पाना उनके हाथ में नहीं है। उन्होंने कहा, यह जमीनी स्थिति पर निर्भर करता है। जो कुछ उस समय हो रहा है मुझे उसके हिसाब से फैसला करना है। यह देखना है कि रुझान क्या है। क्या मुद्रास्फीति बढ़ रही है या नरम हुई है। इसके साथ ही गवर्नर ने कहा कि जहां तक अप्रैल की मौद्रिक समीक्षा के दौरान रेपो दर में वृद्धि पर लगाम लगने का सवाल है तो उसे एक विराम के तौर पर ही देखा जाना चाहिए, वह कोई नजीर नहीं है। उन्होंने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति नरम हुई है लेकिन अभी इस मोर्चे पर कोताही बरतने ( शेष पेज 9 )

## क्विक न्यूज

### आलाकमान से चर्चा को दिल्ली पहुंचे सिद्धरमैया-शिवकुमार

**नई दिल्ली।** कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया और उपमुख्यमंत्री डी के शिवकुमार बुधवार को दिल्ली पहुंच गए जहां वे राज्य में मंत्रिमंडल विस्तार और मौजूदा मंत्रियों को विभागों के आवंटन पर कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व के साथ चर्चा करेंगे। शिवकुमार आज शाम दिल्ली पहुंचे तो मुख्यमंत्री सिद्धरमैया रात में पहुंचे। दिल्ली पहुंचने के बाद कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष शिवकुमार ने कहा यह सामान्य दौरा है और वे राज्य से जुड़े मुद्दों को लेकर पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के साथ बातचीत करेंगे। उन्होने संवाददाताओं से कहा, हमें मंत्रिमंडल विस्तार का काम जल्द से जल्द पूरा करना है। इसे लेकर प्रक्रिया जारी है। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री के साथ किसी भी तरह के मतभेद से इनकार किया। पार्टी सूत्रों ने बताया कि दोनों नेता मौजूदा मंत्रियों को विभागों के आवंटन और मंत्रिमंडल विस्तार के मुद्दे पर कांग्रेस आलाकमान के साथ चर्चा करेंगे। कर्नाटक में सिद्धरमैया और शिवकुमार ने 20 मई को आठ मंत्रियों के साथ क्रमशः मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

# मणिपुर में भीड़ ने मंत्री के घर में तोड़फोड़ की

**भाषा।** इम्फाल, कोलकाता

**लोगों** के एक समूह ने बुधवार को मणिपुर के लोक निर्माण विभाग मंत्री एवं भाजपा नेता कोंथोजाम गोविंददास के बिष्णुपुर जिले स्थित घर में तोड़फोड़ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। हमलावरों का दावा था कि संघर्षग्रस्त राज्य में सरकार स्थानीय लोगों को दूसरे समुदाय के उग्रवादियों से बचाने के लिए पर्याप्त उपाय नहीं कर रही है। अधिकारियों के अनुसार, भीड़ ने जब निंगथोखोंग क्षेत्र स्थित घर पर हमला किया तो मंत्री और उनके परिवार के सदस्य वहां मौजूद नहीं थे। हमलावर भीड़ में ज्यादातर महिलाएं थीं। उन्होंने कहा कि इस हमले में मकान का एक गेट, खिड़कियां, कुछ फर्नीचर और कुछ इलेक्ट्रॉनिक उपकरण क्षतिग्रस्त हो गए। यह पहली बार है जब राज्य में मैती और कुकी समुदाय के लोगों के बीच जारी जातीय हिंसा के दौरान किसी मंत्री के घर पर हमला किया गया है। राज्य में तीन सप्ताह पहले शुरू हुई हिंसा में 70 से अधिक लोगों की मौत हुई है और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सेना और अर्धसैनिक बलों को तैनात किया गया है। इस बीच, पूर्वी सैन्य कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आर पी कालिता ने राज्य में सुरक्षा स्थिति का जायजा लेने के लिए मणिपुर का दौरा किया। कोलकाता में एक रक्षा अधिकारी ने यह जानकारी दी। कालिता ने मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह और वरिष्ठ सरकारी अधिकारियों के साथ मौजूदा स्थिति और जल्द से जल्द सामान्य स्थिति स्थापित करने के लिए सभी एजेंसियों के बीच एकजुटता बढ़ाने के उपायों पर चर्चा की। कलिता ने मणिपुर के लोगों से शांति और सद्भाव बनाए रखने और क्षेत्र में स्थाई शांति सुनिश्चित करने के लिए रचनात्मक बातचीत करने का आग्रह किया।

## राहुल की नए पासपोर्ट के लिए अपील पर कल होगी सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** की एक अदालत नेशनल हेराल्ड मामले में आरोपी कांग्रेस नेता राहुल गांधी की नया पासपोर्ट हासिल करने के लिए अनापत्ति प्रमाणपत्र पाने के उद्देश्य से दाखिल की गई याचिका पर 26 मई को सुनवाई करेगी। राहुल गांधी को गुजरात के सूरत की एक अदालत द्वारा आपराधिक मानहानि के एक मामले में दोषी ठहराए जाने के बाद सांसद के रूप में अयोग्य घोषित कर दिया गया था। इसके पश्चात राहुल ने राजनयिक यात्रा दस्तावेज लौटा दिए थे। अब उन्होंने नए साधारण पासपोर्ट के वास्ते अनापत्ति प्रमाणपत्र (एनओसी) हासिल करने के लिए मंगलवार को दिल्ली की एक अदालत का रुख किया है। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट वैभव मेहता ने मामले को शुक्रवार को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया।

# कर्जदार के वाहन पर जबरन कब्जा नहीं कर सकते बैंक

## पटना हाई कोर्ट ने बैंकों के बाहुबल प्रयोग को आजीविका के मौलिक अधिकार का उल्लंघन माना

● कोर्ट ने अधिकारों का संवैधानिक सीमाओं में प्रयोग करने की सलाह दी

**पायनियर समाचार सेवा।** पटना

**वित्तीय** संस्थानों व बैंक लोन की किस्त नहीं चुकाने पर बाहुबलियों को भेजकर जबरन वाहन पर कब्जा करने की प्रवृत्ति पर पटना हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाते हुए इसे जीवन और आजीविका के मौलिक अधिकार का उल्लंघन माना है।

उच्च न्यायालय ने बुधवार को स्पष्ट कहा कि वित्तीय संस्थानों और बैंकों को कर्ज नहीं चुकाने वाले मालिकों के वाहन जब्त नहीं करने चाहिए। न्यायमूर्ति राजीव रंजन प्रसाद की एकल पीठ ने उक्त मामले को लेकर दायर याचिकाओं का निपटारा करते हुए कहा कि बैंक और वित्तीय कंपनियां भारत के मौलिक



प्रतीकात्मक चित्र

सिद्धांतों और नीति के विपरीत कार्य नहीं कर सकती हैं, जिसका अर्थ है कि कोई भी व्यक्ति कानून की स्थापित प्रक्रिया का पालन किए बिना आजीविका और सम्मान के साथ जीने के अधिकार से वंचित नहीं किया जा सकता। अदालत ने कहा कि बैंकों और वित्त कंपनियों के अधिकारों को संवैधानिक सीमाओं के भीतर और कानून के अनुसार प्रयोग किया जाना चाहिए।

अदालत ने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने अपने फैसले में तथाकथित वसूली एजेंट (रिकवरी एजेंट) के रूप में गुंडों और बाहुबलियों को भेजकर इस तरह से कब्जा करने के कृत्य पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाने की बात कही है। अदालत ने बिहार के सभी पुलिस अधीक्षकों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि किसी भी वसूली एजेंट द्वारा किसी भी वाहन को जबरन जब्त नहीं किया जाए।

वसूली एजेंट द्वारा जबरन वाहनों को जब्त करने के मामलों की सुनवाई करते हुए अदालत ने 19 मई को यह फैसला सुनाया। इस तरह के कृत्य के लिए दोषी हर बैंक-वित्तीय कंपनी पर 50,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया। उच्च न्यायालय ने अपने 19 मई के आदेश में कहा कि कर्ज प्रदाता (फाइनेंसर) को ऋण समझौते के तहत वाहन को फिर से हासिल करने की शक्ति मिली है, लेकिन इस शक्ति की आड़ में उसे कानून अपने हाथों में लेने की अनुमति नहीं दी जा सकती है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 25 मई, 2023



# 1100 फ्लैटों की बिल्डरों ने रजिस्ट्री रोकी

## नोएडा प्राधिकरण ने डाटा किया सार्वजनिक, 21 बिल्डर परियोजनाएं शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




- आरोपी बिल्डर सूचीबद्ध, सबलीज डीड नहीं करवाने पर प्राधिकरण लगाएगा जुर्माना

नोएडा प्राधिकरण की तरफ से 21 बिल्डर परियोजनाओं को एक हजार से अधिक फ्लैटों का कंप्लीशन जारी किया जा चुका है। इसके बावजूद फ्लैट खरीदारों की सबलीज रजिस्ट्री बिल्डरों की ओर से नहीं कराई जा रही है। मंगलवार की देर शाम नोएडा प्राधिकरण की ग्रुप हाउसिंग विभाग ने फ्लैट खरीदारों से अपील की।

प्राधिकरण ने कहा कि वह उन बिल्डरों से अपनी अपनी रजिस्ट्री कराए। जिन्होंने प्राधिकरण कार्यालय से कंप्लीशन सर्टिफिकेट ले चुके है। प्राधिकरण ने उन 21 बिल्डर परियोजनाओं की सूची व फ्लैट की संख्या तक सार्वजनिक कर दी है। ग्रुप हाउसिंग विभाग प्रसून द्विवेदी ने बताया कि बिल्डर्स परियोजनाओं में कार्य पूर्ति प्राप्त यूनिट्स को त्रिपक्षीय सब लीज डीड या रजिस्ट्री कराने की अनुमति बिल्डर्स या डेवलपर्स को दी जा चुकी है। इसके बावजूद भी उनके द्वारा फ्लैट खरीदारों के पक्ष में त्रिपक्षीय सव लीज डीड रजिस्ट्री नहीं कराई जा रही है। प्रदेश शासन का मुख्य उद्देश्य अधिक से अधिक फ्लैट खरीदारों को उनके फ्लैटों पर पोजेशन कराया जाना है। इस उद्देश्य से प्राधिकरण की ओर से लगातार रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है, लेकिन फ्लैट खरीदारों के पक्ष में त्रिपक्षीय सब लीज डीड या रजिस्ट्री नहीं हो सकी है। ऐसे में उन बिल्डरों को सूचीबद्ध कर लिया गया है।

यदि अब भी वे सबलीज डीड नहीं कराते तो उनके खिलाफ जुर्माना लगाया जाएगा। ज्ञात हो कि प्राधिकरण आरोपी बिल्डरों पर नकेल कसने की तैयारी कर रहा है।

# टेलीकॉम कारोबारी की हत्या का खुलासा जल्दः एसीपी



- हत्याकांड के पीछे पुलिस को संपत्ति विवाद का शक

**पायनियर समचार सेवा।** गाजियाबाद

मुकेश गोयल मर्डर का खुलासा मुरादनगर थाना पुलिस जल्द कर सकती है। पुलिस के हाथ कुछ ऐसे सुराग लगे हैं जिनकी कहा जा सकता है कि मुकेश गोयल के हत्यारे शॉर्प शूटरों को एक-दो दिन के अंदर ही गिरफ्तार करके इस सनसनीखेज वारदात का खुलासा कर सकती है।

यह कहना है मसूरी सर्किल के एसीपी आईपीएस निमीष पाटिल का। पाटिल ने बताया कि इस हत्याकांड के पीछे का मुख्य कारण वह प्रॉपर्टी दिखाई दे रही है जिसे कारोबारी ने कुछ समय पहले मोनू आदि को बेचा था। पाटिल ने कहा कि प्राथमिक जांच में जो बात सामने आई है, उससे पता चला है कि उस डीलिंग में अधिकांश रकम तो क्रेता ने मुकेश गोयल को दे दी थी, लेकिन एक लंबे अंतराल के बाद भी क्रेता लगभग 20 लाख की रकम कारोबारी को नहीं दे रहा था। इस वजह से क्रेता-विक्रेता पक्ष में कई बार कहासुनी भी हुई थी।

पाटिल ने कहा कि ऐसा हो सकता है कि जब दवाब पड़ा तो मोनू ने मुकेश गोयल की हत्या शार्प शूटरों से करवा दी। एसीपी ने बताया कि मुकेश गोयल के मर्डर के खुलासे के लिये पुलिस की कई टीम दिन-रात एक कर रही हैं। पुलिस ने जेल में बंद कुछ शातिर अपराधियों से भी पूछताछ की है। पाटिल ने बताया कि इस वारदात का खुलासा न केवल शीघ्र कर दिया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### महिलाओं की आंखों को अधिक खतराः डॉ. रीना



**नोएडा।** अक्सर देखा गया है कि अपने परिवारों की देखभाल के चक्कर में महिलाएं अपनी सुरक्षा और स्वास्थ्य की उपेक्षा करती हैं, जिससे उनकी आंखें भी बुरी तरह से प्रभावित होती हैं। पुरुषों की तुलना में महिलाओं की आंखों की रौशनी को कहीं अधिक ख़तरा होता है और नेत्रहीनता के कुल मामलों में से 2/3 मामले महिलाओं से संबंधित होते हैं, इंटरनैशनल डे ऑफ एक्शन फॉर वूमेन्स हेल्थ से पहले यह कहना है नोएडा स्थित आई केयर अस्पताल की सीओओ और चिकित्सा निदेशक डॉक्टर रीना चौधरी का। डॉ रीना चौधरी ने कहा, आंखों में रूखापन नमी की कमी, मोतियाबिंद, ग्लूकोमा, उम्र संबंधी मैकुलर डिजेनेरेशन और डायबिटिक रेटीनोपैथी जैसी आंखों की आम बीमारियां महिलाओं में अधिक पाई जाती हैं। इतना ही नहीं, अमूमन पुरुषों के मुक़ाबले महिलाएं ज़्यादा उम्र तक जीती हैं, ऐसे में उनकी आंखों को पुरुषों की तुलना में अधिका ख़तरा बना रहता है। हॉर्मोन में होने वाले बदलावए माइग्रेन और अन्य शारीरिक बदलावों से भी महिलाओं की आंखों पर दुष्प्रभाव पड़ता है, महिलाओं द्वारा नियमित रूप से नेत्र परीक्षण की उपेक्षा करना बहुत ही आम बात है।

### रेलवे के सेक्शन आफिसर से बदमाशों ने लूटी चेन

**नोएडा।** इंदिरापुरम कोतवाली क्षेत्र के वसुंधरा सेक्टर 14 में रेलवे के सेक्शन ऑफिसर से बाइक सवार बदमाशों ने सोने की चेन लूट ली। उनके साथी पीछे भागे तो बदमाशों ने बाइक रोककर पिस्टल तान दी। वह रुक गए। बदमाश मौके से लिंक रोड पर भाग गए। वसुंधरा सेक्टर 15 में अजीत कुमार परिवार के साथ रहते हैं। मैं दिल्ली स्थित बड़ौदा हाउस में एकाउंट सेक्शन ऑफिसर है। बुधवार सुबह करीब 7:00 बजे वह अपने मित्र शिशिर के साथ वॉक पर निकले थे। मंडी के सामने लगी रेहड़ी से फल खरीदने लगे। अभी पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने उनसे चैन लूट ली। उनके मित्र पीछे भागे तो बदमाशों ने बाइक रोककर पिस्टल तान दी। अजीत ने मित्र को रोक लिया। बदमाश लिंक रोड पर भाग गए। पुलिस आयुक्त इंदिरापुरम स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली ली जा रही है।

### रेलकर्मी के ट्रेन की चपेट में आने पर किया प्रदर्शन

**गाजियाबाद।** रेलवे ट्रैक पर काम करते ट्रैक मैन ललित कुमार ट्रेन की चपेट में आ गया और उसकी मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना के विरोध में एनआरएमयू ब्रांच के कार्यकर्ताओं ने आज एडीईएन ऑफिस का घेराव कर प्रदर्शन किया। रेलवे कर्मियों का आरोप था कि जब लाइन पर ट्रेकमैन काम कर रहा था, तो कैसे उस ट्रैक पर ट्रेन आ गई और इसकी सूचना पूर्व में काम कर रहे कर्मियों को क्यों नहीं दी गई। रेलवे कर्मियों का कहना है कि लापरवाही के चलते एक कर्मचारी को अपनी जान गंवानी पड़ी। इस घटना के दोषियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाए। मामले की जांच करने की मांग भी रेलवे कर्मियों ने रखी। रेलवे कर्मियों ने कहा कि अन्य लोगों की लापरवाही का खामियाजा ट्रैक पर काम कर रहे कर्मियों को भुगतना पड़ता है। प्रदर्शन में ब्रांच शाखा अध्यक्ष अजय सक्सेना, सचिव लोकेन्द्र सिंह, विजय पहलवान आदि सैंकड़ों कर्मचारी शामिल हैं। इस घटना पर एनआरएमयू के महामंत्री शिवगोपल मिश्रा व मंडल मंत्री अनूप शर्मा ने भी दुख प्रकट किया।

### प्राधिकरण के खिलाफ पथ विक्रेताओं की बैठक

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की दोहरी नीतियों के खिलाफआज सेक्टर-5 में नोएडा के वेंडर्स ने बैठक कर पथ विक्रेता कर्मकार यूनियन के महामंत्री व सीटू जिलाध्यक्ष गंगेश्वर दत्त शर्मा को समस्याओं से अवगत कराया। बैठक में गंगेश्वर दत शर्मा ने कहा कि पिछले गत दिनों प्राधिकरण पर 15 दिन लगातार अनिश्चितकालीन धरना-प्रदर्शन किया गया। अधिकारियों द्वारा समस्याओं का समाधान करने के आश्वासन दिए जाने पर धरना समाप्त हुआ था। जिन मुद्दों पर प्राधिकरण के साथ वार्ताओं में सहमति बन गई थी उन पर अभी तक प्राधिकरण द्वारा कोई कार्य आगे नहीं बढ़ाया गया है। प्राधिकरण के साथ यह भी सहमति बनी कि वर्ष 2018 में आवेदन करने वाले तथा सत्यापित हो चुके वेंडर्स को कार्य करने से नहीं रोका जाएगा। लेकिन सेक्टर-5 नोएडा के सत्यापित वेंडर्स व वर्ष 2018 में आवेदन करने वाले वेंडर्स को प्राधिकरण के वर्क सर्किल के अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा कार्य करने से रोका जा रहा है। बैठक में पथ विक्रेता पूनम देवी, नेहा मिश्रा, अरविंद कुमार, संजय शाह, ललन कुमार, विजयपाल सहित अन्य उपस्थित रहें।

# तनाव के चलते जिम्स अस्पताल के डॉक्टर ने फांसी लगाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

ग्रेटर नोएडा के जिम्स अस्पताल के रेडियोलॉजिस्ट डॉक्टर ने आत्महत्या कर ली है। पुलिस के मुताबिक, वो काफी दिनों से परेशान थे और डिप्रेशन में चल रहे थे।

फिलहाल उनके शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक, ग्रेटर नोएडा के थाना इकोटेक प्रथम क्षेत्र के गौतम बुद्ध यूनिवर्सिटी में कैंपस में रहने वाले जिम्स के डॉक्टर ने अपने कमरे में पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली है। जिस समय उन्होंने फांसी लगाई वो घर में अकेले थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा है, पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगा रही है।

थाना ईकोटेक प्रथम की थाना प्रभारी सरिता मलिक ने जानकारी देते हुए बताया कि जिम्स अस्पताल के डॉक्टर अंकित चतुर्वेदी 36 वर्ष, रेडियो लॉजिस्ट थे। वह गौतम बुध नगर यूनिवर्सिटी में कैंपस में रह रहे थे। उन्होंने कैंपस के कमरे में ही किसी कारणवश पंखे से लटक कर आत्महत्या कर ली। थाना प्रभारी ने बताया कि वह कई दिनों से परेशान बताए गए थे। मोबाइल और अन्य सामान भी जब्त किया है।

# हाईटेंशन लाइन से उतरा करंट, मां-बेटी की मौत

- कपड़े सुखाते समय लोहे की ग्रिल में करंट उतरने से हुआ हादसा

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गाजियाबाद में बुधवार दोपहर एक दर्दनाक हादसा हुआ है। करंट की चपेट में आने से एक साल की मासूम बच्ची और मां की मौत हो गई। दोनों के शवों को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रवि शंकर सिंह ने बताया, यह हादसा बुधवार सुबह करीब 11 बजे वेव सिटी थाना क्षेत्र के शंकर विहार स्थित मंगल कॉलोनी में हुआ। यहां रहने वाली 32 वर्षीय रंजू अपनी एक साल की बेटी के साथ घर की छत पर खड़ी थी। रंजू के हाथ में एक सरिया था, जो उसने गली की तरफ झुका रखा था। वहां से हाईटेंशन लाइन का तार निकल रहा था।

ये सरिया उस तार से टच हो गया। इससे रंजू करंट की चपेट में आ गई। रंजू जिस लोहे की ग्रिल के सहारे खड़ी थी, उसमें भी करंट दौड़ गया। इस ग्रिल को रंजू की मासूम बेटी पकड़ी हुई थी, वो भी करंट की चपेट में आ गई। दोनों की मौके पर मौत हो गई। आसपास के लोग तुरंत छत पर पहुंचे। वहां से उन्हें निजी अस्पताल में ले गए, जहां पर दोनों को मृत घोषित कर दिया। एसीपी ने बताया कि इस मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। रंजू के पति रामसरोज मूल रूप से मऊ जिले में घोसी थाना क्षेत्र के गांव अकोहली मुबारकपुर गांव के रहने वाले हैं। वे गाजियाबाद में लालकुआं के समीप शंकर विहार में रिंकू यादव के मकान में किराए पर रहते हैं और मजदूरी करके परिवार का पालन.पोषण करते हैं।

पता चला है कि सुबह 11 बजे रंजू कपड़े सुखाने के लिए छत पर गई थीं। उन्होंने कुछ कपड़े लोहे की ग्रिल पर सुखा दिए। इसी ग्रिल को पकड़कर उनकी एक वर्षीय बेटी खड़ी हुई थी। वहीं पर एक सरिया भी रखा हुआ था।

बताया जा रहा है कि रंजू ने इस सरिये को दूसरी जगह रखने का प्रयास किया, उसी वक्त वो हाईटेंशन लाइन से छू गया। जिससे सरिया और ग्रिल में करंट उतरा और मां-बेटी की मौत हो गई।

पॉवर कॉरपोरेशन ने इस तरह के हादसे रोकने के लिए घरों के बाहर जहां से लाइन गुजर रही है, उस लाइन के ऊपर प्लास्टिक के पाइप चढ़ा, हुए हैं, ताकि अगर कोई छू जाए तो उसे करंट न लगे। लेकिन रंजू के मकान के सामने ये पाइप जगह-जगह से टूटा हुआ था और हाईटेंशन लाइन का तार साफतौर पर दिखाई दे रहा था। ऐसा भी हो सकता है कि प्लास्टिक पाइप ज्यादा पुराना होने की वजह से खुद ही गलकर टूट गया हो। बहरहाल, यहां पॉवर कॉरपोरेशन की लापरवाही भी साफ तौर पर दिखाई पड़ती है।

# चंद मिनटों में जली कार, चालक ने कूदकर बचाई जान

**नोएडा।** सेक्टर-21 के पास बुधवार तड़के चलती कार में आग लग गई। आग इतनी तेज थी कि पूरी कार में तेजी से फैल गई। कार चालक ने कूदकर अपनी जान बचाई। वहां मौजूद लोगों ने दमकल विभाग को इसकी जानकारी। मौके पर पहुंची दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। इसके बाद क्रेन की मदद से कार को सड़क किनारे किया गया। सीएफओ प्रदीप चौबे ने बताया कि बुधवार तड़के करीब 04 बजकर 17 मिनट पर। सेक्टर 21 रोड पर अनुज जोशी की रिट्ज गाड़ी में आग लगने की जानकारी मिली। अनुज जोशी खुद कार चला रहे थे। कार में आग लगने की वजह शॉट सर्किट बताई जा रही है।

# नोएडा में जल्द खुलेगा ऋषि-मुनियों को समर्पित पार्क

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा




- एक साथ मिलेगा चारों वेदों का ज्ञान

सेक्टर-78 में वेदवन पार्क का काम अंतिम चरण में है। यहां पार्क में बीचों-बीच सबसे ऊंची करीब 30 फिट की ऋषि अगस्त्य लगाई जाएगी। इस महीने के अंत तक यह मूर्ति लग जाएगी।

पार्क में प्रवेश निशुल्क रहेगा। वेदवन पार्क प्राचीन ऋषियों और उनके द्वारा लिखे गए वेदों के ज्ञान पर आधारित है। पूरे पार्क को 7 ऋषियों के नाम पर बांटा गया है। जिनमें भारद्वाज, गौतम, ओत्र, विश्वामित्र और अगस्त्य शामिल हैं। प्रदेश का यह पहला पार्क होगा, जिसे ऋषि-मुनियों को समर्पित किया जाएगा। इतना ही नहीं हर जोन में ऋषियों के जीवन से जुड़ी किसी घटना को स्कल्पचर और आर्ट के जरिए प्रदर्शित किया जाएगा। उदाहरण के तौर पर अगस्त्य के बारे में कहते हैं कि उन्होंने अपनी मंत्र शक्ति से समुद्र का पूरा जल पी लिया था। वेद वन में उनके जीवन की इस घटना को दर्शाया जाएगा। इसके लिए यहां पर तालाब बनाया जा रहा है, इसके सामने अगस्त्य ऋषि की कलाकृति लगाई जाएगी। आपको बता दें कि यह ऋषियों को समर्पित प्रदेश का पहला पार्क होगा। एनसीआर में भी इस तरह का पार्क नहीं है। यहां 4 वेदों के आकर्षण के साथ कई दीवारें बनाई गई हैं। इन पर प्राचीन भारतीय संतों की मूर्तियां लगाई गई हैं। पार्क में हर शाम वॉटर लेजर शो चलाया जाएगा। इसमें 30 मिनट तक वेद और पुराणों की जानकारी दी जाएगी।

शुद्धिपत्र

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्लॉट नंबर 7, कम्युनिटी सेंटर एस.डी. टावर, सेक्टर-8, रोहिणी, नई दिल्ली-110085

कर्जदार नाम आस मोहम्मद, ऋण खाता सं. :- एलएडीईएल00038585559 के संबंध में दिनांक 21 मई, 2023 को पायनियर (हिन्दी) दिल्ली संस्करण में प्रकाशित 13(2) नोटिस के विज्ञापन के संदर्भ में देखें। असावधानीवश एक त्रुटि के कारण ऋण खाता संख्या एलएडीईएल00038585559 के स्थान पर एलएडीईएल00039122413 वर्णित की गई है। हम अतएव, आपसे उसको एलएडीईएल00038585559 के रूप में पढ़ने का अनुरोध करते हैं। उक्त नोटिस मे दिया गया अन्य सभी विवरण अपरिवर्तित रहेगा।

दिनांकित : 25-05-2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

**Public Notice**

This is to inform the General Public that I, Mrs. Aditi Walia (Aadhar Card No. 387194704351 & Passport No. K7698364) W/o Mr. Dinkar Walia R/o. Flat no. A5, New Adarsh Apartment, RSVP School, Sector 10, Plot 22, Dwarka Sector 10, Delhi, 110075 wish to change my present surname 'Walia' to my maiden surname 'Bindal'.
For all purposes Mrs. Aditi Walia including wherever mentioned in records, henceforth shall be known as Mrs. Aditi Bindal. The above statement made by me is true and correct to the best of my knowledge and belief.

**सांकेतिक कब्ज़े की सूचना**

ICICI Bank
शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड ऑफिस नंबर 201-बी, दूसरी मंज़िल, रोड नंबर 1 प्लॉट नंबर-बी3, वाईफाई आईटी पार्क, वागले इंडस्ट्रियल एस्टेट, ठाणे (पश्चिम)- 400604

जबकि
अधोहस्ताक्षरी ने वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अंतर्गत आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी के रूप में तथा प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के अधीन प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए नीचे वर्णित कर्ज़दारों को माँग सूचनाएँ निर्गमित की थीं, जिसमें उक्त सूचना की प्राप्ति की तिथि से 60 दिनों के अंदर सूचना में वर्णित राशि का प्रतिभुगतान करने को कहा गया था।
कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार/ज़मानतदार राशि का प्रतिभुगतान करने में विफल रहे हैं, अतएव एतद् द्वारा कर्ज़दार तथा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक अधिग्रहण किया गया है जो कि उक्त अधिनियम की धारा 13(4) के तहत नियम 8 में दर्शाया गया है। संपत्ति तथा अधिग्रहण की तिथि नीचे दर्शाई गई है। एतद् द्वारा विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने के लिए सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार इसमें वर्णित राशि तथा उस पर आगे ब्याज हेतु आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

| क्र. सं. | कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र. | संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि | डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.) | शाखा का नाम |
|---|---|---|---|---|
| 1. | समीर किशोर मजीठिया/ निधि समीर मजीठिया/ LBMUM00001810453 | फ्लैट नंबर 1938, 19वीं मंज़िल, ओसिमो "महागुन मॉडर्न", प्लॉट नंबर जीएच-02, सेक्टर 78, नोएडा- 201301 (क्षेत्रफल 2250 वर्ग फुट, निर्मित क्षेत्र 1835 वर्ग फुट। अविभाज्य और अविभाजित आनुपातिक शेयर के साथ, इस ब्लॉक के तहत)/ मई 22, 2023 | जनवरी 11, 2023 रु. 57,22,075/- | दिल्ली/ एनसीआर |

उपरोक्त दर्शाए गए कर्ज़दार/सह-कर्ज़दार एवं ज़मानतदारों को सूचित किया जाता है कि इस सूचना के प्रकाशन से 30 दिनों के अंदर राशि का भुगतान करें, अन्यथा 30 दिनों की समाप्ति के पश्चात् अधिग्रहित संपत्ति की नीलामी कर दी जाएगी जो पूर्णत: नियम 8 और 9 प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के अंतर्गत है।

दिनांक : मई 25, 2023 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/ एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लि.

**कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड**
पंजी. कार्यालय : प्रथम तल, एक्सप्रेस बिल्डिंग, 9-10, बहादुरशाह जफर मार्ग, नई दिल्ली-110002
कार्पोरेट पहचान संख्या : एल70109डीएल1980पीएलसी169318
फोन : 7303495374, ई-मेल : camaccommercial@gmail.com, वेबसाइट : www.camaccommercial.com
31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का संक्षिप्त विवरण
(रू. लाख में, सिवाय प्रति शेयर डेटा)

| क्र. सं. | विवरण | पृथक्कृत | | | | समेकित | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | तिमाही समाप्त | | वर्ष समाप्त | | वर्ष समाप्त | |
| | | 31 मार्च, 2023 (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2022 (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2023 (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2022 (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2023 (लेखापरीक्षित) | 31 मार्च, 2022 (लेखापरीक्षित) |
| 1. | परिचालन से कुल आय | 141.05 | 438.12 | 343.41 | 637.07 | 343.41 | 637.07 |
| 2. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) (कर तथा अपवाद मदों से पूर्व) | 109.70 | 385.30 | 140.65 | 555.88 | 140.65 | 555.88 |
| 3. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर से पूर्व (अपवाद मदों के बाद) | 109.70 | 385.30 | (329.45) | 555.88 | (329.45) | 555.88 |
| 4. | अवधि हेतु शुद्ध लाभ/(हानि) कर तथा अपवाद मदों के बाद | 109.91 | 321.59 | (329.25) | 464.77 | (469.68) | 770.07 |
| 5. | अवधि हेतु कुल समावेशी आय [जिसमें अवधि हेतु लाभ/(हानि) (कर पश्चात) तथा अन्य समावेशी आय (कर पश्चात) सम्मिलित हैं] | (35.92) | 136.44 | 14,976.80 | 1,086.43 | 28,518.70 | (321.09) |
| 6. | इक्विटी शेयर पूंजी | 88.28 | 88.28 | 88.28 | 88.28 | 88.28 | 88.28 |
| 7. | अन्य इक्विटी | | | 173,162.50 | 158,185.70 | 337,813.14 | 309,294.43 |
| 8. | प्रति शेयर अर्जन, रू. 10/-प्रत्येक का (क) मूल (रू.) | 12.45 | 36.43 | (37.30) | 52.65 | (53.20) | 87.23 |
| | (ख) तनुकृत (रू.) | 12.45 | 36.43 | (37.30) | 52.65 | (53.20) | 87.23 |

नोट्स :
1. 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु उपरोक्त लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों का पुनरीक्षण कार्य लेखापरीक्षा समिति द्वारा तथा अनुमोदन एवं अभिलेखबद्ध करने का कार्य निदेशक मंडल द्वारा 24 मई, 2023 को आयोजित उनकी संबंधित बैठक में किया गया है।
2. उपरोक्त विवरण सेबी (सूचीयन दायित्व और अन्य प्रकटीकरण अपेक्षाएं) विनियमावली, 2015 के विनियम 33 के तहत स्टॉक एक्सचेंज में प्रस्तुत किए गए 31 मार्च, 2023 को समाप्त तिमाही और वर्ष हेतु लेखापरीक्षित वित्तीय परिणामों के विस्तृत प्रारूप का संक्षिप्त विवरण है। कम्पनी के वित्तीय परिणामों का पूर्ण विवरण कम्पनी की वेबसाइट पर उपलब्ध है तथा 24 मई, 2023 को दि कलकत्ता स्टॉक एक्सचेंज लिमिटेड को भी भेजा गया है।

बोर्ड के आदेश द्वारा
वास्ते कैमेक कॉमर्शियल कम्पनी लिमिटेड
हस्ता./-
(मोनिशा सराफ)
निदेशक
डीआईएन : 07503642
स्थान : नई दिल्ली
दिनांकित : 24 मई, 2023

# ईएसआईसी अस्पताल से नवजात चोरी, हंगामा

**नोएडा।** नोएडा के सेक्टर 24 स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम ईएसआईसी से बुधवार तड़के अस्पताल के प्रथम तल से नवजात चोरी हो गया। सूचना पर पहुंची सेक्टर 24 कोतवाली पुलिस मामले की जांच कर रही है।

नवजात बच्चा गायब होने से स्वजन का रो रोकर बुरा हाल है। अस्पताल प्रबंधन के मुताबिक प्रसव के बाद महिला को प्रथम तल पर भर्ती किया गया था।

इस दौरान एक अज्ञात महिला भी प्रसूता के साथ लगी हुई थी आशंका है। वही संदिग्ध महिला बच्चा चोरी कर ले गई है।

# 'दुनिया में वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति की लोकप्रियता बढ़ी'

- केंद्रीय आयुष मंत्री सोनोवाल पहुंचे होम्योपैथी भेषज संहिता आयोग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद


वैकल्पिक चिकित्सा पद्धति की जानकारी लेते मंत्री सोनवाल।

आयुष मंत्री सर्वानंद सोनोवाल ने कहा है कि नागरिकों की सेहत से खिलवाड़ करना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

दवाइयों की गुणवत्ता बेहतर बनाने और इनके प्रति लोगों का विश्वास बरकरार रखने के लिए दवाओं की जांच, निगरानी एवं शोध का कार्य सतत जारी है। बाजार में नकली एवं अधोमानक दवाइयां बनाने और बेचने वालों पर नियंत्रण के लिए जांच का कार्य तेजी से किया जा रहा है। बुधवार को संजय नगर स्थित भारतीय चिकित्सा एवं होम्योपैथी भेषज संहिता आयोग कार्यालय में अधिकारियों के साथ बैठक करने के बाद पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि देश ही नहीं दुनिया में आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी चिकित्सा पद्धति की लोकप्रियता एवं स्वीकार्यता बढ़ रही है। इसी का विस्तार करने के लिए देशभर में 165 प्रयोगशालाओं में दवाओं के मानक तय करने के लिए जांच और शोध का कार्य हो रहा है। उन्होंने कहा कि आयुष को बढ़ावा देने के लिए लोगों को जागरूक और सजग किया जाना बहुत जरूरी है। इसके लिए आयोग का विस्तार करने के लिए भारत सरकार कई योजनाओं पर कार्य कर रही है।

कोरोना काल में योग घर-घर तक पहुंच गया है और शरीर की प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए लोग आयुर्वेद और होम्योपैथी चिकित्सा पद्यति से इलाज करवा रहे हैं।

# इशिता, स्मृति और कुश से मिलीं पुलिस आयुक्त लक्ष्मी सिंह

- कहा- देश को आप जैसे युवाओं की जरूरत

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा


इशिता , स्मृति और कुश मिश्रा को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने सम्मानित किया।

गौतमबुद्ध नगर में रहने वाले 4 युवाओं ने भारतीय प्रशासनिक सेवा में कामयाबी हासिल करके पूरे देश में नोएडा का परचम लहराया है। बुधवार को यूपीएससी एग्जाम में टॉप करने वाली इशिता किशोर, स्मृति मिश्रा और कुश मिश्रा को पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने बुलाकर सम्मानित किया है।

इस दौरान तीनों अभ्यर्थियों को सम्मानित करते हुए लक्ष्मी सिंह ने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं। पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने तीनों अभ्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा यह नोएडा शहर के लिए काफी गर्व की बात है। सबसे बड़ी खुशी की बात यह भी है कि पूरे इंडिया में यूपीएससी एग्जाम में टॉप करने वाली अभ्यार्थी ग्रेटर नोएडा में रहती हैं।

स्मृति मिश्रा ने पूरे इंडिया में टॉप 4 रैंकिंग हासिल करके और कुश मिश्रा ने 182वीं रैंकिंग हासिल करके जिले का नाम रोशन किया है। यह नोएडा के लिए एक ऐतिहासिक और गर्व की बात है। देश को आप जैसे युवाओं की जरूरत है। इशिता किशोर ने दिल्ली के एयरफोर्स बाल भारती स्कूल से बारहवीं तक पढ़ाई की है। वह मेधावी छात्रा थीं। उन्हें दिल्ली विश्वविद्यालय के प्रतिष्ठित श्रीराम कॉलेज ऑफ कॉमर्स में प्रवेश मिला। अर्थशास्त्र में स्नातक करने के बाद इशिता किशोर ने नामचीन कंपनी के लिए काम किया। इशिता ने तीसरे प्रयास में यह शानदार उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा इस कामयाबी के लिए मेरी मां को बड़ा श्रेय जाता है। मेरी मेहनत और सहयोग की बदौलत मैंने आज यह उपलब्धि हासिल हुई है।

नोएडा के सेक्टर-41 ई.ब्लॉक में रहने वाली स्मृति मिश्रा ने सोशल दुनिया को त्याग कर सफलता पाई है। उन्होंने अपने सपने को पूरा करने के लिए शादी, विवाह में जाना बंद रखा। घूमना-फिरना और तीज-त्योहार से दूरी बना ली। स्मृति बताती हैं हम मूलरूप से प्रयागराज के बागबरी गद्दी के रहने वाले हैं। मेरे पिता राजकुमार मिश्रा बरेली में डीएसपी हैं। कुश मिश्रा ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी के सहायक प्रबंधक पीपी मिश्रा के बेटे हैं और शहर के सेक्टर डेल्टा दो में रहते हैं।

लव और कुश मिश्रा जुड़वा भाई हैं। दोनों लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी में जुटे हैं। इसी सिलसिले में कुश मिश्रा ने पिछले साल उत्तर प्रदेश प्रादेशिक सेवा में कामयाबी हासिल की थी। ट्रेनिंग करने के बाद उन्होंने हाल ही में जॉइनिंग की है।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ऐ, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाषः 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यवाहक कार्यकारी संपादक: विजय प्रकाश सिंह , स्थानीय सम्पादकः प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# अध्यादेश पर उद्धव ठाकरे भी साथ आए

## केजरीवाल ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, कहा-जनतंत्र विरोधी कानून को पास नहीं होने देंगे

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने बुधवार को शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे से मुलकात की। केजरीवाल ने दिल्ली में सेवाओं के नियंत्रण से जुड़े केंद्र के अध्यादेश के खिलाफ आम आदमी पार्टी की लड़ाई के पक्ष में उद्धव ठाकरे से समर्थन मांगा।

मुलाकात के दौरान अरविंद केजरीवाल ने कहा कि दिल्ली के लोगों को शिवसेना और उद्धव ठाकरे का भी साथ मिल गया है। सभी मिलकर जन विरोधी और दिल्ली विरोधी कानून को राज्यसभा में पास नहीं होने देंगे। वहीं, उद्धव ठाकरे ने कहा कि दिल्ली के अधिकारों को लेकर उच्चतम न्यायालय द्वारा दिया गया फैसला लोकतंत्र के लिए बहुत जरूरी था, लेकिन केंद्र ने अध्यादेश लाकर इसे पलट दिया। लोकतंत्र विरोधी लोगों से देश के संविधान को बचाने के लिए हम सभी साथ हैं।


उद्धव ठाकरे को गुलदस्ता भेंट करते मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल।

आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शिवसेना प्रमुख उद्धव ठाकरे का धन्यवाद करते हुए कहा कि सभी जानते हैं कि दिल्ली के लोगों ने अपने अधिकारों के लिए बहुत लंबी लड़ाई लड़ी। वर्ष 2015 में जैसे ही आम आदमी पार्टी की सरकार बनी, वैसे ही मोदी सरकार ने एक अधिसूचना पारित कर सारी शक्तियां छीन ली। इसके बाद 8 साल तक सुप्रीम कोर्ट में अपने अधिकारों की लड़ाई लड़ी। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली की चुनी हुई सरकार के पक्ष में फैसला सुनाया। उसके मात्र 8 दिन के अंदर ही केंद्र सरकार ने अध्यादेश लाकर दोबारा हमारी सारी शक्तियां छीन ली।

जनतंत्र में तो चुनी हुई सरकार के पास शक्तियां होनी चाहिए, ताकि वो जनता के हित में कार्य कर सके। क्योंकि जनतंत्र में चुनी हुई सरकार ही जनता के प्रति जवाबदेह होती है। मगर मोदी सरकार ने हमने सारी शक्तियां छीन ली। ये लोग साफ कह रहे हैं कि हम सुप्रीम कोर्ट के फैसले को नहीं मानते हैं। शिवासेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने वादा किया है कि जब संसद में इस अध्यादेश का बिल आएगा तो वे इसके खिलाफ दिल्लीवालों का समर्थन करेंगे। इसके लिए पह लोगों की तरफ से उद्धव ठाकरे और उनकी पार्टी का धन्यवाद करते हैं।

### केंद्र कर्नाटक में भी ला सकता है दिल्ली जैसा अध्यादेश : आप

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि केंद्र सरकार भविष्य में कर्नाटक और अन्य राज्यों में भी सेवाओं के नियंत्रण को लेकर अध्यादेश ला सकती है। कांग्रेस नेता अजय माकन ने एक दिन पहले ही अध्यादेश के मुद्दे पर मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का समर्थन नहीं करने पर जोर दिया था, जिसके बाद आप की यह प्रतिक्रिया आई है। सौरभ भारद्वाज ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अजय माकन कर्नाटक की जीत पर खुशी मना रहे हैं लेकिन उन्हें याद रखना चाहिए कि केंद्र कल कर्नाटक में इसी तरह का अध्यादेश ला सकता है और वहां (सरकार से) पुलिस की शक्ति छीन सकता है। तब वह क्या करेंगे।

# दूषित जल हर हाल में यमुना में जाने से रोकें : उपराज्यपाल

● अपशिष्ट जल की खराब गुणवत्ता यमुना में प्रदूषण का है मुख्य कारण



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

अनधिकृत कॉलोनियों और झुग्गी-झोपड़ियों का अपशिष्ट जल और सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट्स (एसटीपी) और कॉमन एफ्लुएंट ट्रीटमेंट प्लांट्स (सीईटीपी) से निकलने वाले उपचारित अपशिष्ट जल की खराब गुणवत्ता यमुना नदी में प्रदूषण के उच्च स्तर का मुख्य कारण हैं।

इसके अलावा 40,805 औद्योगिक इकाइयों में से केवल 64 फीसदी यानी 26,077 ही सीईटीपी के सदस्य के रूप में पंजीकृत थी। थे। वहीं 23,149 यानी 36 प्रतिशत इकाइयां औद्योगिक कचरा सीधे यमुना में छोड़ रही थीं।

उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने बुधवार को यमुना में प्रदूषण को कम करने में उनकी प्रभावशीलता और भविष्य की भूमिका का आकलन करने के लिए 13 सीईटीपी के प्रतिनिधियों के साथ समीक्षा बैठक की। एलजी ने कहा कि कई सीईटीपी अपनी पूरी क्षमता के तहत नहीं चल रहे थे। इसके मद्देनजर उन्होंने निर्देश दिया कि सभी सीईटीपी क्षमता का आकलन सभी हितधारकों की भागीदारी के साथ किया जाए।

उपराज्यपाल ने मूल्यांकन पूरा करने के लिए 30 दिनों का समय दिया है। बैठक में अधिकारियों ने एलजी को बताया गया कि शहर में जितने भी सीईटीपी हैं वह अपनी क्षमता के 68 से 70 प्रतिशत तक ही काम कर रहे हैं। इनमें से कई संयंत्रों को अपग्रेड करने की जरूरत है। यह भी बताया गया कि पिछले 10 सालों से इन प्लांटों का ऑडिट नहीं कराया गया है। एलजी ने इस बात पर नाराजगी जताई कि अब भी 36 प्रतिशत इंडस्ट्रियल यूनिट सीईटीपी से जुड़े नहीं है और यहां तक कि जो सीईटीपी से जुड़े हैं, उनमें से 33 प्रतिशत सदस्यता शुल्क नहीं चुकाते हैं। इन सबके परिणामस्वरूप यमुना में प्रदूषण के स्तर को कम करने में दिक्कतें आ रही हैं।

उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि औद्योगिम कचरे को उपचारित करने के लिए सीईटीपी की निर्धारित क्षमता का मूल्यांकन करना यमुना नदी को प्रदूषण मुक्त करने के लिए जरूरी है।

### एलजी को यमुना की उच्च स्तरीय कमेटी से हटाएं : आप

**नई दिल्ली।** दिल्ली सरकार ने उपराज्यपाल को यमुना पर बनी उच्च-स्तरीय समिति का बतौर अध्यक्ष नियुक्त करने के नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के फैसले को चुनौती देते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की है। राज्य सरकार ने एनजीटी के आदेश को रद्द करने का अनुरोध करते हुए कहा है कि यह आदेश दिल्ली में शासन की संवैधानिक व्यवस्था के साथ-साथ उच्चतम न्यायालय की संविधान पीठ के वर्ष 2018 और वर्ष 2023 के आदेशों का भी उल्लंघन करता है। एलजी को दी गई शक्तियां विशेष रूप से चुनी हुई सरकार के अधिकार क्षेत्रों पर अतिक्रमण करती हैं। दिल्ली सरकार ने तर्क दिया कि समन्वित दृष्टिकोण के महत्व देते हुए इस बात पर जोर दिया है कि एनजीटी के आदेश में इस्तेमाल की गई भाषा निर्वाचित सरकार को दरकिनार करती है। दलील दी गई है कि एक ऐसे प्राधिकरण को कार्यकारी शक्तियां प्रदान की गई हैं, जिनके पास उन शक्तियों को रखने का संवैधानिक अधिकार का अभाव है और यह चुनी हुई सरकार के अधिकार क्षेत्र को भी कमजोर करता है।

# मनीष सिसोदिया ने अंतरिम जमानत अर्जी वापस ली

● पत्नी की बीमारी का हवाला देकर दाखिल की थी याचिका, अब कहा-हालत बेहतर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने आबकारी नीति से जुड़े मामलों में अपनी अंतरिम जमानत याचिका बुधवार को दिल्ली उच्च न्यायालय से वापस ले ली और कहा कि उनकी पत्नी की हालत अब स्थिर है।

न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा ने सिसोदिया को अंतरिम जमानत अर्जी वापस लेने की अनुमति दी। आम



आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता के खिलाफ कथित भ्रष्टाचार और धनशोधन को लेकर सीबीआई और प्रवर्तन निदेशालय द्वारा जांच की जा रही है। सिसोदिया फिलहाल तिहाड़ जेल में बंद हैं। उन्होंने अपनी पत्नी के खराब स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारों पर नियमित और अंतरिम जमानत याचिका दायर की थी। सिसोदिया की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता मोहित माथुर ने कहा कि चूंकि सीबीआई मामले में मुख्य जमानत याचिका पर आदेश पहले से ही सुरक्षित है और आप नेता की पत्नी की हालत अब स्थिर है, इसलिए वह अंतरिम जमानत का अनुरोध नहीं करना चाहते। सिसोदिया के वकील ने ईडी द्वारा दर्ज धनशोधन मामले में उनकी नियमित जमानत याचिका पर भी संक्षेप में दलीलें दीं और कहा कि जमानत अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य नियम है। उच्च न्यायालय धनशोधन मामले में सिसोदिया की जमानत याचिका पर 26 मई को सुनवाई जारी रखेगा।

### धनशोधन मामला: दो जमानत याचिका खारिज

*__नई दिल्ली।__ दिल्ली की एक अदालत ने बुधवार को आय से अधिक संपत्ति मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सत्येंद्र जैन के खिलाफ दर्ज धन शोधन के मामले में दो आरोपियों की जमानत याचिका खारिज कर दी। विशेष न्यायाधीश विकास ढल ने आय के ज्ञात स्रोत से अधिक धन अर्जित करने के लिए सत्येंद्र जैन को उकसाने के आरोपी वैभव जैन और अंकुश जैन द्वारा दायर वैधानिक जमानत याचिका को खारिज कर दिया। दोनों ने इसके लिए अदालत का रुख करते हुए दलील दी थी कि उनके खिलाफ दायर आरोप पत्र पूरा नहीं है इसलिए उन्हें वैधानिक जमानत दी जानी चाहिए। प्रवर्तन निदेशालय ने इस आधार पर इस याचिका का विरोध किया था।*

### छह दिन तक इनर रिंग रोड पर ट्रैफिक रहेगा प्रभावित

**नई दिल्ली।** यातायात पुलिस ने बुधवार को कहा कि दिल्ली जल बोर्ड द्वारा किए जा रहे मरम्मत कार्य के कारण इनर रिंग रोड के पंजाबी बाग से प्रेमबाड़ी की ओर जाने वाले मार्ग पर अगले छह दिनों तक वाहनों की आवाजाही प्रभावित होगी।

यातायात पुलिस ने ट्विटर पर, यात्रियों को इनर रिंग रोड पर यातायात अवरूद्ध हो सकने के बारे में सचेत किया और उन्हें मरम्मत कार्य पूरा होने तक इस मार्ग का उपयोग नहीं करने की सलाह दी। यातायात पुलिस ने बुधवार को ट्वीट कर कहा कि ब्रिटानिया चौक के पास दिल्ली जल बोर्ड द्वारा मरम्मत कार्य किए जाने के कारण इनर रिंग रोड के पंजाबी बाग से प्रेमबाड़ी की ओर जाने वाले मार्ग पर यातायात प्रभावित होगा।

# यौन उत्पीड़न: उपप्रधानाचार्य का तबादला

● दिल्ली महिला आयोग के हस्तक्षेप में बाद शिक्षा निदेशालय ने की कार्रवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कादीपुर में लड़कों के स्कूल प्रमुख (उपप्रधानाचार्य) का तबादला कर दिया गया है। उपप्रधानाचार्य पर यौन उत्पीड़न का आरोप है जिसकी महिला शिक्षकों ने कई बार शिक्षा निदेशालय में शिकायत की लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिसके बाद उन्होंने दिल्ली महिला आयोग में



अपनी शिकायत दर्ज करवाई। डीसीडब्ल्यू के हस्तक्षेप के बाद शिक्षा निदेशालय ने आरोपी उपप्रधानाचार्य के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू कर दिया है। साथ ही उनका तबादला भी कर दिया है।

दिल्ली महिला आयोग के अनुसार, कादीपुर में लड़कों के स्कूल के प्रमुख के खिलाफ यौन और मानसिक उत्पीड़न की कई शिकायतें मिलीं। शिकायत करने वालों ने बताया था कि आरोपी ने स्कूल की शिक्षिकाओं का यौन और मानसिक उत्पीड़न किया है। शिक्षिकाओं ने उसके खिलाफ कई बार अपने वरिष्ठ अधिकारियों से भी शिकायत की थी।

आयोग को सूचित किया गया कि स्कूल की कर्मचारी स्तरीय शिकायत निवारण समिति ने मामले की जांच की और मामले की जांच करने पर आरोपों को सही पाया दिल्ली महिला आयोग की सदस्य फिरदोस खान द्वारा शिक्षा उप निदेशक को समन जारी किया गया था। इसके बाद दिल्ली महिला आयोग की अध्यक्ष स्वाति मालीवाल ने शिक्षा निदेशक को समन जारी कर मामले में कार्रवाई रिपोर्ट मांगी थी।

### क्रिकेटर गिल की बहन को धमकी, महिला आयोग का नोटिस

**नई दिल्ली।** दिल्ली महिला आयोग ने क्रिकेटर शुभमन गिल की बहन को ट्रोल करने, अपशब्द कहने, बलात्कार और मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस दिया है। आयोग ने दिल्ली पुलिस को 26 मई तक कार्रवाई की जानकारी देने को कहा है।

आयोग ने नोटिस में कहा , सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर और इंस्टाग्राम पर शुभमन गिल की बहन के लिए लिखी ए पोस्ट अश्लील, धमकीभरी और अपमानजनक हैं। उसे बलात्कार और मारने की भी धमकी दी जा रही है जो आपराधिक है।

# मोदी सरकार ने हर क्षेत्र में किया उल्लेखनीय काम : सचदेवा

● पीएम मोदी ने नौ साल में शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन समेत अन्य क्षेत्रों में किया कायापलट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

प्रदेश भाजपा मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियां गिनाएगी। प्रदेश के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिल्ली वालों के लिए शिक्षा, स्वास्थ्य, परिवहन, सड़क, प्रदूषण समेत अन्य क्षेत्र में किए गए विकास कार्यों का लेखा-जोखा पेश किया। साथ ही आम आदमी पार्टी की सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि दिल्ली सरकार ने क्या किया है, दिल्ली की जनता समीक्षा करे।




प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा और नेता प्रतिपक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने बुधवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विश्व क्षितिज पर देश की छवि इतनी प्रबल बना दी है कि आज देश यह देख कर गौरवान्वित हो उठता है जब रूस, अमेरिका, इंग्लैंड जैसे देशों के शासनाध्यक्ष आगे बढ़कर मोदी से गले मिलते हैं। हाल ही में जब एक टापू राष्ट्र पपुआ न्यू गिनिया के प्रधानमंत्री ने श्रद्धा के साथ पीएम के चरण स्पर्श किये तो हर भारतीय को गर्व महसूस हुआ। सचदेवा ने कहा कि प्रधानमंत्री गत 9 वर्षों में दिल्ली के विकास के लिये काम किया है तो वहीं 2020 से 2022 के कोविड काल के दौरान गरीबों को जो मानवीय सहायता दी वह सदैव लोगों को याद रहेगी। साथ ही गत वर्षों में लगभग 20 केन्द्रीय विद्यालय एवं नवोदय विद्यालय स्वीकृत किये हैं, कोविड काल में बनाये विशेष अस्पतालों के अलावा, एम्स, सफदरजंग, आरएमएल अस्पतालों का विस्तार किया। सड़कों पर दौड़ती लेक्ट्रानिक बसें, कूड़े के पहाड़ों को खत्म करने के अलावा तीसरे रिंग रोड का निर्माण आदि दिए।

# सेना का अधिकारी बताकर ठगी करने वाला गिरफ्तार

● आर्मी स्कूल में सामान खरीदने का देता था झांसा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

खुद को सेना का अधिकारी बताते हुए आर्मी स्कूल के लिए सामान खरीदने का झांसा देकर ठगने के आरोप में युवक को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी हरीश राजस्थान के भरतपुर जिले के बामनी गांव में व्हाइट ग्लोबल एटीएम चलाता था। पुलिस के अनुसार, दिल्ली के एक निवासी ने उन्हें बताया कि 30 जून, 2022 को उसे एक अज्ञात व्यक्ति का फोन आया, जिसने खुद को सेना का अधिकारी बताकर आर्मी स्कूल के लिए पाइप खरीदने का झांसा देकर उनसे 10,47,605 रुपये ठग लिए। पुलिस उपायुक्त (शाहदरा) रोहित मीणा ने कहा कि जांच दल ने कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) और व्हाट्सएप चैट सहित सभी प्रासंगिक जानकारी एकत्र की। आरोपियों के सभी बैंक विवरण और फोन नंबर की जांच की गई। जांच के दौरान रकम को राजस्थान के विभिन्न खातों में स्थानांतरित कर पैसे एटीएम के माध्यम से निकाले जाने का पता चला।

### टैक्सी चालक की हत्या करने वाला किशोर धरा

**नई दिल्ली।** जाफराबाद इलाके टैक्सी चालक की हत्या मामले में दिल्ली पुलिस को बड़ी कामयाबी मिली है। पुलिस ने इस मामले में एक नाबालिक को पकड़ा है। मामले में फरार तीन पहचान कर ली गई है। आरोपी लड़के ने खुलासा किया कि लूटपाट के इरादे से टैक्सी चालक अर्जुन की हत्या की थी।

पुलिस उपायुक्त जॉय तिर्की ने बताया कि इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच से पता चला कि अर्जुन कार का दरवाजा खोलकर अंदर आराम कर रहा था, तभी चार लड़के वहां से गुजरे। चारों लड़के आगे बढ़ने के बाद, उसे लूटने के लिए वापस आ गए। इसके बाद हुई हाथापाई में वे उसे चाकू मार कर फरार हो गए।

# कुछ बैंकों में रही दो हजार के नोट बदली में दिक्कत

● दूसरे दिन बैंकों में नहीं दिखी भीड़

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कुछ बैंक शाखाओं में 2,000 रुपये के नोट बदलने की प्रक्रिया बुधवार को पर्याप्त नकदी न होने के कारण अस्थाई तौर पर रोकनी पड़ी जिससे लोगों को कुछ समय तक इंतजार करना पड़ा।

बैंकों से जुड़े सूत्रों ने बताया कि कुछ शाखाओं में 2,000 रुपये के नोट के बदले दिए जाने वाले कम मूल्य के नोट कम पड़ गए। हालांकि कुछ समय बाद करेंसी चेस्ट से नोट आ जाने के बाद लोगों को राहत मिल गई। बहरहाल विभिन्न बैंकों के शीर्ष अधिकारियों ने दावा किया कि शाखाओं में कम मूल्य के नोट की कमी से जुड़ी बड़ी शिकायतें नहीं सामने आई हैं।

इसके साथ ही शाखाओं में भीड़ की भी स्थिति नहीं देखने को मिली है। केनरा बैंक के मुख्य महाप्रबंधक भवेंद्र कुमार ने कहा कि हम दिल्ली सर्किल में अपनी सभी शाखाओं को 500, 200 और 100 रुपए मूल्य के नोट लगातार पहुंचा रहे हैं ताकि 2,000 रुपये के नोट बदलने की प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। रिजर्व बैंक के 2,000 रुपये के नोट चलन वापस लेने के गत 19 मई के ऐलान के बाद इन नोटों को बदलने या जमा करने का सिलसिला मंगलवार से ही शुरू हुआ है।

पहले दिन नोट बदलने या जमा करने के लिए पहचानपत्र मांगे जाने और फॉर्म भरवाने की कुछ शिकायतें ग्राहकों ने की थीं। हालांकि रिजर्व बैंक यह साफ कर चुका है कि इसके लिए किसी भी व्यक्ति को कोई भी पहचानपत्र नहीं देना है और न ही कोई फॉर्म भरना है।

रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने बुधवार को भी कहा कि केंद्रीय बैंक 2,000 रुपये के नोट को वापस लेने की प्रक्रिया पर नजर रखे हुए है और इसे बिना किसी बाधा के पूरा कर लिया जाएगा। आरबीआई ने 2,000 रुपए के नोट बदलने या जमा करने के लिए लोगों को 30 सितंबर तक का वक्त दिया है।

## संक्षिप्त समाचार


तीन साल से फरार चल रहा लारेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य गिरफ्त में।

### लारेंस बिश्नोई गिरोह का सदस्य गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने यहां मुठभेड़ के बाद लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्य को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी योगेश उर्फ हिमांशु दिल्ली में हत्या के प्रयास के एक मामले में अंतरिम जमानत पर जेल से निकलने के बाद तीन साल से फरार था। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) आलोक कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि योगेश अपने सहयोगी से सोमवार को दोपहर में करीब तीन बजे यहां ब्रिटानिया चौक फ्लाईओवर के पास मिलने आ रहा है। कुमार ने कहा कि जब पुलिस ने आरोपी को घेर लिया और उसे आत्मसमर्पण करने के लिए कहा, तो उसने पुलिस दल पर गोलियां चलाईं, जिसके बाद पुलिस ने जवाबी कार्रवाई कर उसे काबू कर लिया।

### सेंट स्टीफेंस की याचिका पर सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने सेंट स्टीफेंस कॉलेज द्वारा दिल्ली विश्वविद्यालय की उस अधिसूचना के खिलाफ याचिका की सुनवाई बुधवार को 23 अगस्त तक के लिए टाल दी, जिसमें केवल साझा विश्वविद्यालय प्रवेश परीक्षा के अंकों के आधार पर ही अल्पसंख्यक कोटे के तहत प्रवेश पर जोर दिया गया है। अदालत ने एक संबंधित मामले के उच्चतम न्यायालय में लंबित होने के मद्देनजर यह फैसला किया।

### एनएसयूआई नेता की याचिका पर मांगा जवाब

**नई दिल्ली ।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने बुधवार को नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के एक नेता की उस याचिका पर दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) का रुख जानना चाहा, जिसमें आरोप लगाया गया है कि प्रतिबंधित आदेश के रद्द होने के बाद भी विश्वविद्यालय उनके पीएचडी शोध पत्र (थीसिस) को स्वीकार नहीं कर रहा है। एनएसयूआई के नेता को 2002 गुजरात दंगों पर ब्रिटिश ब्रॉडकास्टिंग कॉरपोरेशन (बीबीसी) के विवादित वृत्तचित्र को दिखाने के लिए प्रतिबंधित किया गया था। न्यायमूर्ति पुरुषेंद्र कुमार कौरव ने कांग्रेस की छात्रसंघ इकाई के राष्ट्रीय सचिव लोकेश चुग की याचिका पर नोटिस जारी किया।

# बूंदाबांदी से तापमान में गिरा, कई दिन बाद मिली राहत

## आज भी मौसम रहेगा सुहाना, तेज हवा के साथ हल्की वर्षा के आसार

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

पिछले कई दिनों से समूचे उत्तर भारत में पड़ रही भीषण गर्मी पर बुधवार को पश्चिमी विक्षोभ का खासा असर देखने को मिला। इसी के चलते उत्तर पश्चिमी हवाओं में आई ठंडक से दिल्ली में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। ज्यादातर जगह यह गिरावट चार से आठ डिग्री तक रही।

मौसम विभाग का पूर्वानुमान है कि बृहस्पतिवार को भी ऐसी ही स्थिति बनी रहेगी। तेज हवा के साथ वर्षा होगी और तापमान भी कम ही रहेगा। पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता और राजस्थान के ऊपर बने एक अपर साइक्लोनिक सर्कुलेशन के चलते उत्तर भारत के ज्यादातर राज्यों में



मंगलवार रात से ही मौसम ने करवट लेनी शुरू कर दी थी। कहीं धूल भरी आंधी चली तो कहीं वर्षा हुई। यह सिलसिला जारी रहा। दिल्ली में बुधवार सुबह से ही मौसम सुहावना था। वर्षा कहीं नहीं हुई लेकिन रिज, जाफरपुर, नरेला और स्पोर्ट्स कांप्लेक्स में बूंदाबांदी दर्ज की गई। हवा भी दिन भर चलती रही। बीच बीच में धूप खिली, लेकिन बादलों की आवाजाही भी लगी रही। इसी के चलते एक दिन पहले की तुलना में दिन का तापमान आठ डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। न्यूनतम तापमान में भी गिरावट देखी गई। सफदरजंग में बुधवार को अधिकतम तापमान 34.7 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से पांच डिग्री कम है।

### फिलहाल दिल्ली में लू लौटने के आसार नहीं

पश्चिमी विक्षोभ का असर अगले चार-पांच दिन रहने वाला है। इसके चलते होने वाली बूंदाबांदी, वर्षा, बादल छाए रहने और वातावरण में बनने वाली नमी से 30 मई तक अधिकतम तापमान के 38 डिग्री सेल्सियस से नीचे ही रहने का अनुमान है। यानी फिलहाल दिल्ली में लू वाले दिनों के लौटने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

# विभाजन के समय की राजनीति पर शोध करेगा दिल्ली विवि

● यह केंद्र सामाजिक विज्ञान संकाय का एक घटक होगा: निदेशक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

दिल्ली विश्वविद्यालय स्वतंत्रता और विभाजन अध्ययन केंद्र स्थापित करेगा, जो देश के बंटवारे से जुड़ी हाई वोल्टेज राजनीति और इस बारे में शोध करेगा कि तत्कालीन केंद्रीय नेतृत्व अलगाववाद के रोगाणुओं को रोकने में किस तरह विफल रहा।

दस्तावेजों के अनुसार, यह भारत के साथ फ्रंटियर प्रांत को रखने के विषय पर केंद्रीय नेतृत्व के जोर न देने के अलावा इस बारे में भी शोध करेगा कि किस तरह कांग्रेस कार्यसमिति ने (महात्मा) गांधी से परामर्श किए बिना विभाजन के लिए सहमति दी। शोध विषयों के लिए ये प्राथमिकताएं स्वतंत्रता और विभाजन अध्ययन केंद्र की स्थापना के लिए मसौदा अवधारणा नोट का हिस्सा हैं। आठ बिंदुओं वाले अवधारणा नोट में इस बात पर जोर दिया गया है कि कैसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 2021 में भारत के विभाजन से जुड़ी भयावहता को फिर से याद करने और याद रखने पर जोर दिया। 26 मई को होने वाली अकादमिक परिषद की बैठक के एजेंडे के अनुसार, सदस्य संबंधित विषय पर समिति की सिफारिशों पर विचार करेंगे। समिति के प्रमुख एवं दिल्ली विश्वविद्यालय के साउथ कैंपस के निदेशक प्रकाश सिंह ने कहा कि अवधारणा नोट में सुझाव दिए गए हैं।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 25 मई, 2023



# गांवों में करवाने वाले तात्कालिक कार्यों की सूची पोर्टल पर अपलोड करें सरपंच : राव इंद्रजीत सिंह

## केंद्रीय राज्य मंत्री ने फरूखनगर ब्लॉक में 14 विकास परियोजनाओं का किया शिलान्यास

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के खंड फरूखनगर में आयोजित कार्यक्रम में बोलते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**केंद्रीय** योजना, सांख्यिकी और कार्यक्रम कार्यान्वयन व कारपोरेट कार्य राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह ने कहा कि प्रदेश की ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों को प्राथमिकता व पारदर्शिता से पूरा करवाने के लिए हरियाणा सरकार ने पोर्टल की शुरुआत की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा की पंचायतों का विकास कार्यों को लेकर जो भी प्लान है, उसमें से तत्काल करवाए जाने वाले विकास कार्यों की सूची बनाकर पोर्टल पर अपलोड करें। यह बात उन्होंने बुधवार को फरूखनगर बीडीपीओ कार्यालय में जनसुनवाई कार्यक्रम में कही।

राव इंद्रजीत सिंह ने ग्राम स्तर पर प्राथमिकताओं का जिक्र करते हुए कहा कि गांवों में तालाबों की सफाई, शिव धाम का रखरखाव, पार्क-व्यायामशाला व वेलेनेस सेंटर का निर्माण आदि कार्यकरवाए जा रहे हैं। ऐसे में सभी नए नियुक्त सरपंच अपने गांव के हिसाब से विकास कार्यों की प्राथमिकता तय करें। केंद्रीय मंत्री ने जनसुनवाई कार्यक्रम में करीब तीन करोड़ रुपये की लागत से पूरी होने वाली 14 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि कोविड 19 के कारण जिन विकास परियोजनाओं में देरी हुई है, उनको अगले एक साल में प्राथमिकता के साथ पूरा करवाया जाएगा। उन्होंने कहा कि फरूखनगर क्षेत्र में करीब 7 हजार करोड़ की लागत से निर्माणाधीन पलवल-सोनीपत ऑर्बिट रेल कॉरिडोर व करीब 1300 करोड़ की लागत से बनने वाली फरूखनगर-झज्जर रेल परियोजना से क्षेत्र के विकास को एक नई गति मिलने जा रही है। उन्होंने कहा कि फरूखनगर से झज्जर के बीच रेल परियोजना का आधा खर्च केंद्र सरकार व आधा खर्च हरियाणा सरकार द्वारा वहन किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्री ने जल संरक्षण के उद्देश्य से शुरू की गई अमृत सरोवर योजना का जिक्र करते हुए कहा कि हमे हमारी आने वाली पीढ़ियों को सुरक्षित भविष्य देने के लिए जल संरक्षण की दिशा में प्रमुखता से काम करना होगा। उन्होंने कहा कि केन्द्र व हरियाणा सरकार द्वारा प्रदेश में पुनर्जीवित किए जा रहे गांवों के तालाबों के रखरखाव में आमजन की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

केंद्रीय मंत्री ने फरूखनगरवासियों द्वारा विकास कार्यों को लेकर दिए गए ज्ञापन पर कहा कि फरूखनगर क्षेत्र हमेशा से उनके दिल के करीब रहा है। ऐसे में उनका प्रयास रहेगा कि क्षेत्र की दो प्रमुख मांग, जिसमें फरूखनगर को उपमंडल का दर्जा दिलवाने व फरूखनगर को जाम से निजात दिलवाने के लिए बाईपास बनवाने का कार्य प्राथमिकता के साथ पूरा हो। केंद्रीय मंत्री ने कार्यक्रम में फरूखनगर ब्लॉक से आई विभिन्न पंचायतों की जनसुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को उनकी समस्याओं का जल्द से जल्द निवारण करने का निर्देश दिया।



यूपीएससी परीक्षा में 495वां रैंक लेकर नाम रोशन करने वाले दीपक यादव को सम्मानित करते नवीन गोयल।

# यूपीएससी में 495वां रैंक लेने वाले दीपक को नवीन गोयल ने किया सम्मानित

## सुशांत लोक फेज-1 में जाकर परिवार को भी दी बधाई

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**पर्यावरण** संरक्षण विभाग भाजपा हरियाणा प्रमुख नवीन गोयल ने यूपीएससी परीक्षा में 495वां रैंक लेकर नाम रोशन करने वाले दीपक यादव पुत्र राजेंद्र यादव को घर जाकर सम्मानित किया। नवीन गोयल ने उन्हें शॉल ओढ़ाकर और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने के लिए पौधा भेंट करके स्वागत व सम्मान किया।

सुशांत लोक फेज-1 के रहने वाले समाजसेवी हरीश यादव के भतीजे दीपक यादव की इस उपलब्धि पर खुशी की लहर है। नवीन गोयल की ओर से दीपक यादव को सम्मानित करने के दौरान हरीश यादव, गजेंद्र गुप्ता, विजयपाल यादव, गगन गोयल आदि मौजूद रहे। इस अवसर पर नवीन गोयल ने कहा कि यूपीएससी की परीक्षा में भाग लेना अपने आप में महत्वपूर्ण है। इन परीक्षाओं में वही विद्यार्थी पहुंचते हैं, जिनका ज्ञान बेहतर होता है। दीपक यादव ने अपनी प्रतिभा का इस परीक्षा में लोहा मनवाया है। उन्होंने कहा कि हमारे देश युवाओं का देश है। यहां की 65 फीसदी आबादी युवाओं की है। युवा अपने कैरियर और देश का सम्मान बढ़ाने पर फोकस रखें। जिन्हें जो भी फील्ड पसंद हो, वे उसके लिए दिन-जान से प्रयास करें। सफलता जरूरी मिलेगी। यूपीएससी की परीक्षा में हरियाणा के युवाओं की अच्छी संख्या है। हर बार की तरह इस बार भी हमारे युवाओं ने प्रदेश का नाम रोशन किया है। नवीन गोयल ने दीपक यादव समेत प्रदेश के सभी उन युवाओं को शुभकामनाएं दी हैं, जिन्होंने इस बार यूपीएससी की परीक्षा पास की है।

# संक्षिप्त समाचार

## इस्लामपुर गांव में मनाया 10 बेटियों का सामूहिक जन्मदिन



गुरुग्राम के गांव इस्लामपुर की आंगनबाड़ी में बेटियों का सामूहिक जन्मदिन मनाती आंगनवाड़ी कार्यकर्ता व वर्कर।

**गुरुग्राम।** महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से गांव इस्लामपुर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत 10 बेटियों का सामूहिक जन्मदिन मनाया गया। इस दौरान सभी बेटियों के हाथों से केक कटवाया गया। उनकी माताओं को सरकार की ओर से चलाई जा रही स्कीम के बारे में जानकारी दी गई। इस्लामपुर सुपरवाइजर सुरजीत कौर ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत बेटियों के जन्मदिन मनाए जाते हैं। बेटियों को समाज में उचित सम्मान मिलना जरूरी है। उन्होंने कहा कि बेटियों के बिना ना तो संसार है ना ही समाज है। बेटियों ने अपनी प्रतिभा का हर कदम पर प्रदर्शन किया है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी वर्कर कमलेश, रीना, अनीता, सरिता भी मौजूद रही।

## नवजात बेटी की पगधुलाई की निशानी को बनाया यादगार



गांव गढ़ीबाजीदपुर में नवजात बेटी के पैरों के निशान लेकर यादगार के लिए संभालकर रखें।

**सोहना।** महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग ने गांव गढ़ीबाजीदपुर में परिजनों के साथ बेटी के जन्म लेने पर खुशियां बनाई। नवजात बेटी की छठी मनाते हुए उसके पैरों के निशान कपड़े में लेते हुए यादगार बनाया गया। खंड के गांव गढ़ीबाजीपुर के पूर्व सरपंच संजय यादव के घर में आज से छह दिन पहले पौती ने जन्म लिया था। जिसके होने की खुशी पूर्व सरपंच ने महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायक कर्मचारियों के साथ मिलकर मनाई। नवजात बेटी के संसार में आने पर नन्हे कदम कार्यक्रम के माध्यम से खुशियां मनाई गई। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास परियोजना विभाग की सुपरवाइजर रेखा सोनी, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सुशीला, सुमन, अनिता व सहायक कर्मचारी सोनू समेत गांव की महिलाओं के मिलकर मनाई। पूर्व सरपंच संजय यादव ने बताया कि समाज में बेटियों को पूरा सम्मान दिया जा रहा है। आज बेटियों ने शिक्षा के क्षेत्र में बेटों को पीछे कर दिया है। सुपरवाइजर रेखा सोनी ने बताया कि अब बेटा और बेटी एक समान का जय उद्घोष चल पड़ा है। बेटियों को बेटों से बढ़कर माना जा रहा है। बेटियों के नाम की नेमप्लेट घर के मुख्य द्वार पर लगाई जा रही है।

# कंपनियां सीएनजी गाड़ियों के इस्तेमाल को दें बढ़ावा : सुंदर लाल यादव

## सरपंच सुंदर लाल व गति कंपनी के सीईओ पीरोजशाह सरकारी ने सीएनजी गाड़ियों को दिखाई हरी झंडी

## गति एवं शनाइडर कंपनियों ने कुंडली से फरूखनगर तक सीएनजी गाड़ी की शुरुआत की

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के खंड फरूखनगर में कंपनियों की ओर से शुरू की गई सीएजी गाड़ियों को झंडी दिखाकर रवाना करते अतिथि।

फरूखनगर स्थित गति और शनाईडर कंपनी की ओर से पर्यावरण बचाने की एक नई मुहिम की शुरुआत की गई। दोनों कंपनियों ने मिलकर कुंडली से फरूखनगर तक सीएनजी गाड़ी की शुरुआत की है। साथ ही सभी ट्रांसपोर्टर व औद्योगिक इकाइयों विशेष रूप से दिल्ली-एनसीआर में कंपनियों को सीएनजी की गाड़ियों इस्तेमाल करने की सलाह दी है।

इस अवसर पर कंपनी की तरफ से अनुराग अग्रवाल, अविनाश पांडे, वरुण आहूजा, जयदीप शर्मा, टीवी रमानी जयप्रकाश लेखवार धर्मपाल सहित दोनों कंपनियों के अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद रहे। पंचायती राज प्रकोष्ठ भाजपा के जिला संयोजक सुंदर लाल यादव व गति कंपनी के सीईओ पीरोजशाह सरकारी ने इन गाड़ियों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सुन्दर लाल यादव ने दोनों कंपनी के अधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण की दिशा में उनकी ओर से यह सकारात्मक कदम उठाया गया है। ऐसे विषयों पर हमें गंभीरता दिखानी भी चाहिए।

उन्होंने कहा कि सभी कंपनियों को सीएनजी की गाड़ियों को अपने बेड़े में शामिल करना चाहिए। क्योंकि अब समय बहुत बदल चुका है। पर्यावरण में खराबी के कारण अनेक बीमारियां पैदा हो रही हैं। ऐसे में हमारा यह छोटा सा प्रयास बहुत बड़ा बदलाव ला सकता है। उन्होंने कहा कि दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण कितना खराब रहता है, यह हम सब जानते हैं। खराब प्रदूषण हम सबकी सेहत के लिए हानिकारक है। गुरुग्राम को हरा-भरा बनाने के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाने चाहिए। अपनी गाड़ियों को सीएनजी से चलाने की इस शुरुआत को हमें एक आंदोलन बनाकर काम करना चाहिए। उद्योग जगत को इस क्षेत्र में आगे आना ही चाहिए।

सीईओ पीरोजशाह सरकारी ने भी ग्रीन एनर्जी की सलाह देते हुए कहा कि अब पेट्रोल, डीजल के वाहनों के स्थान पर सीएजी व इलैक्ट्रिक वाहनों पर सरकार का भी जोर है। हमें अपने पर्यावरण की चिंता करते हुए इन वाहनों को खरीदने में पहल करनी चाहिए। हमारे कारण भी कहीं ना कहीं पर्यावरण खराब होता है। ऐसे में हम स्वयं अपनी जिम्मेदारी पर्यावरण सुधारने की लें तो अच्छा होगा। उन्होंने कहा कि जब तक हम स्वयं को नहीं बदलेंगे, तब तक समस्याएं भी रहेंगी और परेशानियों भी रहेंगी। इसलिए वाहनों में प्राथमिकता सीएनजी को दी जानी चाहिए।



गुरुग्राम में टीबी मुक्त गुरुग्राम के लिए शिविर में शपथ दिलाते चिकित्सक।

# रेडक्रॉस व जिला अस्पताल ने टीबी मुक्त गुरुग्राम के लिए लगाया जांच शिविर

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी द्वारा निर्देशित टीबी मुक्त भारत 2025 के तहत जिला रेड क्रॉस सोसाइटी गुरुग्राम ने उपायुक्त निशांत यादव, एडीसी हितेश कुमार मीणा के नेतृत्व में सचिव विकास कुमार और सीएमओ डॉ. वीरेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में टीबी मुक्त भारत-टीबी मुक्त गुरुग्राम कार्यक्रम के अंतर्गत नेहा टेंट हाउस, शास्त्री नगर औद्योगिक क्षेत्र सेक्टर-104 में लगाया गया।

यह कार्यक्रम जिला टीबी संयोजक रोहिताश शर्मा द्वारा संचालित किया गया। इसमें नगर निगम मोबाइल मेडिकल यूनिट और रामा फाउंडेशन, शाम सवेरे फाउंडेशन का विशेष सहयोग रहा। शिविर में लगभग 75 महिला पुरुषों ने चिकित्सा सेवाओं का लाभ लिया। टीबी स्क्रीनिंग में लगभग 60 लोगों की स्क्रीनिंग की गई, जिनमें से तीन संभावित रोगी मिले। तीनों के सेंपल लिया गया। इस अवसर पर टीबी रोग के सही लक्षण, सही कारण और उनका उपयुक्त निदान बारे में जिला टीबी ऑफिसर और डिप्टी सीएमओ डॉ. केशव शर्मा एवं डॉ अरुण ने निर्देशानुसार जानकारी दी। उपस्थित लोगों के सवालों के जवाब देकर उन्हें टीबी की बीमारी के बारे में अवगत कराया। जिला रेड क्रॉस सोसायटी के सचिव विकास कुमार ने टीबी मुक्त भारत, टीबी मुक्त गुरुग्राम कार्यक्रम की घोषणा की है। उस पर जिले की सभी संस्थाओं को साथ मिलकर कार्य करने के लिए आह्वान किया। टीबी मुक्त भारत टीबी मुक्त गुरुग्राम बनाए। रेडक्रॉस सोसायटी से टीबी प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर रोहिताश शर्मा ने टीबी रोग की समुचित जानकारियां दी। सभी लोगों को सही जानकारियां, सही पोषण आहार के बारे में रोहिताश शर्मा ने जानकारी दी। सभी लोगों ने यह संकल्प लिया कि वह टीबी रोग की सही जानकारी यहां से जाकर अपने आसपास के कम से कम 10 परिवारों को बताएंगे।

## नागरिक अस्पताल में पांच हजार नौनिहालों को पिलाएंगे दो बूंद जिंदगी की

**रविवार** से शुरु होने वाले पोलियो अभियान में नागरिक अस्पताल की तत्वावधान में शहरी क्षेत्र में जीरो से पांच वर्ष की उम्र वाले करीब पांच हजार नौनिहालों को दो बूंद जिन्दगी की पिलाई जाएगी।

# पिछले सात वर्ष से प्यासा है राजीव गांधी पार्क का स्वीमिंग पूल

## 2014 में किया था राजीव गांधी पार्क का निर्माण

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

**शहर** के राजीव गांधी पार्क में बना स्वीमिंग पूल पिछले करीब सात वर्ष से सूखा पड़ा है। स्वीमिंग पूल की हालत जर्जर होने के कारण कूड़ा-करकट का ढ़ेर लगा है। नगर परिषद वार्ड-20 में बने राजीव गांधी पार्क का निर्माण 2014 में किया गया था। पार्क की सुन्दरता को चार चांद लगाने व सौंदर्यीकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से स्वीमिंग पूल बनाया गया था। लेकिन वर्तमान में यह स्वीमिंग पूल आवारा घूमने वाले कुत्तों के मलमूत्र त्यागने का स्थान बनकर रह गया है। स्वीमिंग पूल से पार्क के पेड़-पौधों में पानी सिंचाई के लिए बनाई गई नालियां कूड़े-कचरे से भरी हुई है। जिनकी नियमित सफाई न होने के कारण बरसात का पानी भी नालियां में सही ढंग से नहीं चलता है।



सोहना के राजीव गांधी पार्क में बना स्वीमिंग पूल।

### शराबियों के बैठने का बना ठिकाना

**स्वीमिंग** पूल में जलभराव न होने पर आस-पास की कॉलोनियों में रहने वाले शराब पीने वाले नागरिक आकर बैठ जाते है। इसकी दीवार या फर्श पर बैठकर शराब के जाम लड़ाते रहते है। शराब पीने वालों को यहा मौजूद सुरक्षा गार्ड और सुपरवाइजर से कई बार तू तड़ाक होना तो आम बात हो गई है।

**स्वीमिंग पूल की है जर्जर हाल:**
स्वीमिंग पूल में जलभराव न होने के कारण दीवारों पर लगी टेल तक टूटकर गिरने लगी। पानी के स्रोतों में मिट्टी भर गई है। तेज हवाओं के झौके के साथ मिट्टी व कूड़ा कचरा भर जाता है। जिसकी 8 से 10 दिन में सफाई होती है।

**मेरे** संज्ञान में ये मामला अभी तक नहीं आया है। यदि स्वीमिंग पूल जर्जर हालत में है तो जल्द ही उसकी मरम्मत कराने के बाद चालू कराया जाएगा।
**विक्की सिंह**
**(एक्सइएन नप)**

# MG मोटर ने इलेक्ट्रिक मोबिलिटी के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को फिर दोहराया; भारत में 10,000 ZS EV की बिक्री की

## MG i-SMART की सुविधा से सुसज्जित, जो 75 से ज्यादा कनेक्टेड कार फीचर्स की पेशकश करता है

पायनियर समाचार सेवा। देहरादून



MG मोटर इंडिया ने आज घोषणा की, कि पूरी दुनिया में कामयाबी का परचम लहराने वाले कंपनी के सबसे लोकप्रिय वाहन, ZS EV ने भारत में 10,000 यूनिट की बिक्री का आंकड़ा पार कर लिया है। MG ZS EV भारत की पहली प्योर-इलेक्ट्रिक इंटरनेट SUV है, जो लॉन्च के बाद से ही भारत में EV को पसंद करने वाले लोगों के बीच एक लोकप्रिय ग्रीन-प्लेट बन गई है। बिल्कुल-नई ZS EV 2 अलग-अलग वेरिएंट्स (एक्साइट और एक्सक्लूसिव) में उपलब्ध है, जिनकी कीमत क्रमशः 23,38,000 रुपये और 27,29,800 रुपये है।

**ZS EV में चार्जिंग के लिए 6 अलग-अलग विकल्प उपलब्ध हैं:** DC सुपर-फास्ट चार्जर्स, AC फास्ट चार्जर्स, MG के डीलरशिप पर AC फास्ट चार्जर, ZS EV के साथ पोर्टेबल चार्जर, चौबीसों घंटे RSA (रोडसाइड असिस्टेंस) की मदद से चलते-फिरते चार्जिंग की सुविधा, तथा MG चार्ज पहल-जो MG इंडिया द्वारा शुरू की गई अपने आप में अनोखी पहल है। इस पहल का उद्देश्य देश भर में ईवी चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत बनाने के लिए 1000 दिनों में पूरे भारत में सामुदायिक स्थानों पर 1000 AC फास्ट चार्जर इंस्टॉल करना है। MG इंडिया की ओर से ZS EV खरीदने वाले ग्राहकों के घर या कार्यालय में मुफ्त में AC फास्ट चार्जर इंस्टॉल किया जाता है।

बिल्कुल-नई ZS EV में एडवांस्ड टेक्नोलॉजी से सुसज्जित 50.3kWH की बैटरी लगाई गई है। जो इस सेगमेंट में सबसे बड़ी है, और यह पूरी दुनिया में सुरक्षा के पैमाने पर खरी है, जिसमें ASIL-D: बेमिसाल सेफ्टी इंटीग्रिटी लेवल, IP69K: बेहतर धूल एवं जल-रोधी रेटिंग, तथा LW580: सेफ्टी मैनेजमेंट सिस्टम शामिल हैं। यह बेहद दमदार मोटर से लैस है, जो इस श्रेणी में 176PS की सबसे बेहतर पावर प्रदान करती है और सिर्फ 8.5 सेकंड में 0 से 100 तक की रफ्तार हासिल करती है। इस फ्लैगशिप इलेक्ट्रिक SUV में प्रिज़्मैटिक सेल बैटरी लगाई गई है, जिसकी एनर्जी डेंसिटी काफी अधिक होती है और इसी वजह से वाहन को बेहतरीन रेंज मिलता है और बैटरी भी लंबे समय तक चलती है।

रेंज के संबंध में दिए गए आंकड़े जांच की मानक परिस्थितियों में ICAT में किए गए आंतरिक परीक्षण पर आधारित है। जांच की मानक परिस्थितियों के अलावा किसी भी दूसरी परिस्थिति में वास्तविक प्रदर्शन के आंकड़े अलग हो सकते हैं।

# सेक्टर-15 पार्ट-1 की नई आरडब्ल्यूए का किया गठन



प्रवीन शर्मा। गुरुग्राम

## अंशुल माहेश्वरी बने अध्यक्ष, शमशेर डागर उपाध्यक्ष

**सेक्टर**-15 पार्ट-1 एक की नई आरडब्ल्यूए का गठन किया गया, इसमें सर्वसम्मति से अंशुल माहेश्वरी को अध्यक्ष और शमशेर सिंह डागर को उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष भीम सिंह वासुदेव को चुना गया है।

तीन पदों पर सर्वसम्मति के बाद सचिव और संयुक्त सचिव पद पर हुए चुनाव में विकास यादव संयुक्त सचिव और गौरव भारद्वाज सचिव बने।

नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने सेक्टर के सर्वांगीण विकास का संकल्प लेते हुए यहां के निवासियों को सड़क, सीवर और बिजली जैसी मूल जरूरतों में सुधार का आश्वासन दिया है। अंशुल माहेश्वरी ने कहा कि सेक्टर के निवासियों से सलाह-मशविरा कर जल्द ही सेक्टर की समस्याओं को सूचीबद्ध किया जाएगा। समस्याओं की सूची विधायक और उपायुक्त के साथ नगर निगम के कमीश्नर को सौंपी जाएगी। संयुक्त सचिव विकास यादव ने कहा कि नई आरडब्ल्यूए इच्छा शक्ति के संकल्प के साथ सेक्टर के विकास के लिए एकजुट होकर काम करेगी। उन्होंने सभी सेक्टर वासियों और आरडब्ल्यूए के वरिष्ठ पदाधिकारियों का आभार भी जताया।

हाल-ए-गुरुग्राम बस स्टैंड

# इमारत कंडम, तप रहे कैबिन पेयजल की भी नहीं उचित व्यवस्था

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम

**आईये** फिर से बात करते हैं मिलेनियम सिटी गुरुग्राम के बस स्टैंड की। यहां के बस अड्डे पर मूलभूत सुविधाओं के नाम पर कुछ नजर नहीं आता। ना पीने को पर्याप्त मात्रा में पानी की व्यवस्था, ना गर्मी से बचाव के प्रबंध।

बस स्टैंड के नाम पर इमारत तो कंडम है, लेकिन लाखों रुपये खर्च करके बस स्टैंड संचालित करने के लिए यहां पोर्टा कैबिन बनाए गए हैं। गर्मी में हाल यह है कि ये पोर्टा कैबिन तप रहे हैं। ऐसे में यात्री कंडम घोषित हो चुकी इमारत के नीचे बैठ, खड़े होकर बसों का इंतजार करने को मजबूर हैं। कहने को तो यहां से अंतरराज्यीय बसों का संचालन होता है, लेकिन यहां सुविधाएं कुछ नजर नहीं आती। आसपास के जिलों में तो आलीशान बस स्टैंड बनाए जा चुके हैं, लेकिन पिछले 18 साल से यहां बस स्टैंड बनाने की सिर्फ बातें ही हो रही हैं। हरियाणा में 10 साल तक कांग्रेस की सरकार रही। अब 8 साल से भाजपा की सरकार है। इस समय अंतराल में बस स्टैंड बनाने के लिए विधायकों, मुख्यमंत्रियों ने खूब दावे किए। कभी राजीव चौक पर बस स्टैंड बनाने की बातें कही गई तो कभी सेक्टर-29 में। पिछले काफी समय से खेड़कीदौला की तरफ अंतरराज्यीय बस स्टैंड बनाने की बातें हो रही हैं। बात इन बातों से आगे नहीं बढ़ पाई है। सर्दी, गर्मी, बरसात में यात्री यहां परेशानियों झेलते रहते हैं। चाहे सड़क परिवहन हो या रेल या फिर हवाई यात्रा। हर जगह पर यात्रियों के विशेष सुविधाएं दी जानी अनिवार्य हैं। यात्रियों की समस्या पर कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा।



गुरुग्राम के बस स्टैंड पर इमारत कंडम होने के कारण बनाए गए पोर्टा कैबिन, जहां गर्मी में बैठना भी मुश्किल है।

**पसीने से तर-बतर रहते हैं कर्मचारी:**
**बस** अड्डा परिसर में कहने को तो 1.25 करोड़ रुपये खर्च करके पोर्टा कैबिन बनाए गए हैं। इन पोर्टा कैबिन में बरसात से तो बचाव हो जाता है, लेकिन सर्दी, गर्मी में ये पोर्टा कैबिन परेशानी का ही सबब बनते हैं। यहां पर ड्यूटी करने वाले कर्मचारियों की इनके भीतर बैठना मजबूरी है। वे दिनभर पसीने से तर-बतर रहते हैं। कर्मचारी कहते हैं कि यह सुविधा उनके लिए परेशानी बनी हुई है।

**मजबूरी में यात्री कंडम इमारत में बैठते हैं:**
**बस** अड्डे के मुख्य इमारत तो कंडम घोषित हो चुकी है। गर्मी के कारण यात्री पुरानी कंडम इमारत में ही बैठते हैं, ताकि वे गर्मी से बच सकें। यात्रियों के लिए पीने के पानी की कोई समुचित व्यवस्था यहां नहीं है। बस अड्डे में डेरा सच्चा सौदा के अनुयायियों द्वारा एक वाटर कूलर व एक अन्य वाटर कूल लगा है। यात्रियों की संख्या के हिसाब से इन वाटर कूलर से काम नहीं चल रहा। बस अड्डे में पानी की कोई खास व्यवस्था नहीं होने के कारण अब यात्रियों को बोतल बंद पानी खरीदकर पीना पड़ता है।

# संगीन मामलों में आरोपी के अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

## मादक पदार्थों की तस्करी, मारपीट सहित कई मामलों में नीमका जेल में बंद है अपराधी

पायनियर समाचार सेवा। पलवल


प्रशासन द्वारा गांव बाबूपुर में ध्वस्त किया गया अवैध निर्माण

**अपराधों** पर शिकंजा कसने के लिए जिला प्रशासन एवं पलवल पुलिस लगातार प्रयास कर रही है। सरकार के आरोपियों पर शिकंजा कसने के क्रम में बुधवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए मारपीट, मादक पदार्थ तस्करी करने, उद्घोषित अपराधिक वारदातों के आरोपी मुबारक हथीन के गांव बाबूपुर में नाजायज कब्जा कर रखा था। आरोपी ने अवैध तरीके से कमाई करके पंचायती जमीन पर बनाए गए कमरे, झोंपडी और भूसे का अतिक्रमण हटाकर अवैध कब्जे को ध्वस्त किया है। तोड़फोड़ के दौरान जिला प्रशासन द्वारा नियुक्त ड्यूटी मजिस्ट्रेट परविंदर बीडीपीओ पृथला, डीएसपी हथीन हरदीप सिंह हुड्डा, एसएचओ बहीन निरीक्षक सुरेंद्र सिंह, थाना हथीन प्रभारी उप निरीक्षक मनोज कुमार, उटावड थाना प्रभारी उप निरीक्षक टेक सिंह, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक सुशीला देवी सहित भारी संख्या में पुलिस बल मौके पर मौजूद रहा। जिनकी देखरेख में तोड़फोड़ की सारी कार्रवाई की गई।

डीएसपी हथीन हरदीप सिंह ने बताया कि पुलिस ने मादक पदार्थ तस्करी, मारपीट आदि के आरोपी मुबारक पुत्र अम्मी खान निवासी ग्राम बाबूपुर थाना हथीन में अवैध कार्यों से संपत्ति अर्जित करके गांव की पंचायती जमीन पर करीब 200 वर्ग गज जगह में मकान, झोपडी और भूसे के अतिक्रमण को ध्वस्त किया है। आरोपी के खिलाफ मारपीट हमले का मामला वर्ष 2011 में हथीन थाने में दर्ज है। इसके अलावा आरोपी के कब्जे से वर्ष 2020 में लाखों रुपये की कॉरेक्स प्रतिबंधित दवा बरामद हुई थी।

इस मामले में वह अभी भी नीमका फरीदाबाद जेल बंद है। इसके अलावा आरोपी के खिलाफ वर्ष 2022 में दोनों मामलों में अदालत द्वारा पीओ करार देने पर आरोपी के खिलाफ दो अलग-अलग मामले दर्ज किए गए। बुधवार को पलवल पुलिस और जिला प्रशासन द्वारा मुबारिक के अवैध अतिक्रमण को ध्वस्त कर अपराधी के काले साम्राज्य को खत्म किया गया है। पलवल पुलिस की आरोपियों को कड़े शब्दों में चेतावनी है कि या तो वह गलत धंधे छोड़कर कोई अच्छा काम शुरू कर दें। पुलिस द्वारा अवैध रूप से संपत्ति अर्जित करने वाले आरोपियों की सूची तैयार की जा रही है। जिनके खिलाफ पलवल पुलिस की कार्रवाई इसी प्रकार जारी रहेगी, किसी भी आरोपी को बख्शा नहीं जाएगा।

# फेसबुक फ्रेंड: पहले पत्नी बनकर साथ रही 10 महीने बाद कैश व गहने लेकर फरार

पायनियर समाचार सेवा। पलवल



**हथीन** उपमंडल के बहीन थाना क्षेत्र का एक युवक फेसबुक गर्लफ्रेंड का शिकार बना गया। पहले युवती अपना सबकुछ छोड़कर आ गई। पत्नी बनकर साथ रही और 10 महीने बाद कैश-गहने लेकर घर से अचानक लापता हो गई। बहीन थाना पुलिस ने युवक की शिकायत पर मुकदमा दर्ज करके तलाश शुरू कर दी है।

पुलिस जांच अधिकारी जमशेद अली के अनुसार, बहीन थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी युवक ने शिकायत दी है कि 10 महीने पहले फेसबुक पर उसकी दोस्ती एक युवती से हुई थी। दोस्ती प्यार में बदल गई और वह शादी की बात करने लगी। एक दिन वह अकेली उसके गांव में घर आ गई। युवक को यह सही नहीं लगा और उसने इसकी सूचना युवती के परिजनों को दे दी। युवती की मां अपने साथ चार लोगों को लेकर आई और युवती को ले गई। उसके बाद दोबारा युवती उसके पास आ गई। इसकी सूचना उसने उसके घर वालों को दी। उसकी मां घर आई और शादी की बात कहने लगी। सहमति बनने पर वह उसको वहीं छोड़ कर चली गईं।

पीड़ित के अनुसार एक-दो महीने में कोर्ट मैरिज कराने की बात हुई। युवती पत्नी के रूप में रहने लगी। उसके मम्मी-पापा भी लगातार आते-जाते रहे। अब आशा अचानक घर से लापता हो गई। वह उसके घर से 85 हजार रुपये कैश, सोने की दो अंगूठी, मंगलसूत्र व चांदी की पाजेब ले गई है। उसके मां-बाप कहते हैं कि वह वृंदावन में है तो कभी हरिद्वार में होने का बहाना बनाते। तंग आकर पुलिस को शिकायत दी है। पुलिस से अपील है कि मामले की जांच करके सच का पता लगाए।

## दुष्कर्म के आरोपी को भेजा जेल

**फरीदाबाद।** चाकू दिखाकर बच्ची के साथ रेप करने वाले आरोपी को सेक्टर-58 थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। बच्ची के परिजन मजदूरी पर गए हुए थे और बच्ची घर में अकेली थी। वह अपने रसोई घर में बर्तन धो रही थी। उसी दौरान पड़ोस में रह रहा एक 17 वर्षीय लड़का घर में घुस गया, जिसने सब्जी काटने वाले चाकू से बच्ची को डराया और फिर रेप किया, साथ ही वह किसी को बताने पर जान से मरने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने बुधवार सुबह आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और शाम को कोर्ट में पेश किया।

# संक्षिप्त समाचार

## केसीएम वर्ल्ड स्कूल में मनाया गया येलो डे



**पलवल।** टीकरी ब्राह्मण स्थित केसीएम वर्ल्ड स्कूल में गर्मियों की छुट्टियों की शुरुआत से पहले बच्चों के मनोरंजन व ज्ञानवर्धन के लिए नर्सरी से दूसरी कक्षा तक के छात्रों के लिए येलो डे सेलिब्रेशन व पूल पार्टी का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के लिए रंगारंग कार्यक्रम, नृत्य, लेमन मेकिंग रखी गईं। बच्चों के मनोरंजन के लिए मूवी शो भी रखा गया। जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद उठाया। येलो डे के दौरान बच्चों ने पीले रंग की पोशाक पहनकर विभिन कविताएं सुनाईं तथा पीले रंग के विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का लुत्फ उठाया। पूल पार्टी के दौरान गर्मी से राहत पाने के अलावा बच्चों ने वाटर गेम का भी आनंद लिया। इस अवसर पर प्री नर्सरी विंग की कोऑर्डिनेटर ममता महलावत द्वारा बच्चों को टेबल मैनर्स भी सिखाए गए। साथ ही गर्मियों की छुट्टी वे किस प्रकार बिताएं, इसके लिए भी कुछ महत्त्वपूर्ण बातें बताई गईं।

## ट्रेनिंग के दौरान बच्चों ने सीखी कई साहसिक क्रियाएं



**फरीदाबाद।** गांव असावटी के सर्वोदय सीनियर सेकेंडरी स्कूल के बच्चों ने स्काउटिंग गाइडिंग का तीन दिवसीय प्रवेशिका ट्रेनिंग पूरी की। तीसरे दिन प्रिंसिपल कल्पना के नेतृत्व में बच्चे हिंदुस्तान स्काउट्स एंड गाइड्स के राज्य स्तरीय ट्रेनिंग सेंटर सेक्टर 65 बल्लभगढ़ पहुंचे, जहां बच्चों ने साहसिक क्रियाएं की। ट्रेनर के रूप में कृष्ण मलिक, वीरेंद्र, अजय, बिमलेश कुमारी रहे। निरीक्षण के तौर पर राज्य कोषाध्यक्ष सतेंद्र, पलवल के जिला सचिव रिशाल सिंह व फरीदाबाद के जिला सचिव अजय शर्मा उपस्थित रहे। बच्चों को संबोधित करते हुए रिशाल सिंह ने बताया कि गर्मी की छुट्टियों में बच्चों के नेचर स्टडी जैसे शिविर लगेंगे। स्कूल अध्यापकों में ज्योति सोलंकी, पूजा रावत, दीपक, कशिश, कुणाल रावत उपस्थित रहे।

## बैटरी चोरी करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच डीएलएफ प्रभारी की टीम ने चोरी के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियो में विशाल और निजाम का नाम शामिल है। आरोपी विशाल फरीदाबाद के पल्ला के अजय नगर तथा निजाम मूल रुप से बिहार के मधुबनी जिले के गांव गर्ल का रहने वाला है। टीम ने दोनों को सेक्टर-29 नया पुल के पास से थाना सेंट्रल के मामले में गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने इंडियन ऑयल के पास जियो टावर से बैटरी चोरी थी। आरोपियों ने बैटरी को बेच दिया था। विशाल से 4300/- व निजाम से 4800/-बरामद किए हैं। निजाम पहले भी चोरी के मामले में जेल जा चुका है।

# शैलेंदर सिंह को प्रदेश कार्यकारणी सदस्य और पानीपत जिला प्रभारी बनाया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।



**भारतीय** जनता पार्टी हरियाणा के लाभार्थी योजना के प्रदेश प्रमुख डॉ. अमरेंद्र सिंह ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ के दिशा निर्देशों पर पार्टी ने लाभार्थी प्रकोष्ठ हरियाणा के जिला संयोजकों, प्रदेश सह संयोजक और सदस्यों की संगठनात्मक नियुक्तियों की लिस्ट की भारतीय जनता पार्टी ने अधिकारिक चिट्ठी जारी की है। जिसमें फरीदाबाद पृथला विधानसभा के ठाकुर शैलेंदर सिंह नंबरदार को भारतीय जनता पार्टी ने टीम में जगह देते हुए हरियाणा प्रदेश कार्यकारणी का सदस्य मनोनीत किया गया है औ पानीपत जिला का प्रभारी बनाया गया है।

इस पद के मिलने के बाद ठाकुर शैलेंदर सिंह ने हरियाणा के प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़, सीएम मनोहर लाल, केंद्रीय राज्यमंत्री कृष्णपाल गुर्जर, जिला अध्यक्ष गोपाल शर्मा का धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि एक बार फिर भारतीय जनता पार्टी ने जो उन्हें जिम्मेदारी दी है, उसे वह पूरी निष्ठा, मेहनत और लगन से निभाएंगे। पार्टी की किसान हितैषी नीतियों को अन्नदाताओं तक पहुंचाना, विकास के लाभ लोगों तक आसानी से पहुंचे, ऐसा वह करने का प्रयास करेंगे। डॉ. अमरेंद्र सिंह ने बताया कि नीरज बंसल को जिला सिरसा, डॉ. वैभव विदानी को हिसार, अनिल सिहाग को फतेहाबाद, मनवीर सिंह को चरखी दादरी, सुरिंदर सिंह को अंबाला, विनीत वर्मा को पलवल, योगेश अलमादी को सोनीपत जिला का लाभार्थी प्रकोष्ठ का संयोजक बनाया गया है। इसी तरह से भारत भूषण टांक को जींद, नवीन कुमार डिप्टी मेयर को करनाल, किशोर गहलोत को पानीपत, बीरबल भारद्वाज को नूह, एडवोकेट संदीप खटाना को गुरुग्राम, जितेंद्र राणा को पंचकूला, जगन्नाथ मेहता को भिवानी, धीरेंद्र क्योडक को कैथल, सोहनलाल को कुरुक्षेत्र, रूचिका नागपाल को रेवाड़ी, रोचक गर्ग को यमुनानगर, संजय पुनियानी को रोहतक और मांडू राम सैनी को महेंद्रगढ़ का जिला संयोजक नियुक्त किया गया है।

# डबुआ कॉलोनी में ट्यूबवेल लगाने के कार्य का किया शिलान्यास


ट्यूबवेल स्थापना का शुभारंभ करते निगम के पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर मुकेश शर्मा व अन्य।

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।

**विधायक** नीरज शर्मा के बड़े भाई तथा नगर निगम के पूर्व वरिष्ठ उपमहापौर मुकेश शर्मा ने डबुआ कालोनी ई ब्लॉक में नए ट्यूबवेल का शिलान्यास किया। इस मौके पर पूर्व पार्षद कविंद्र चौधरी ने बताया कि वार्ड-8 में उनके एरिया में पानी की काफी समस्या थी। जिसके बारे में उनके द्वारा समय समय पर विधायक को अवगत करवाया गया था।

उसी कड़ी में मुकेश शर्मा द्वारा जो इस ट्यूबवेल का कार्य शुरू करवाया गया है, इसके लिए वार्ड-8 की जनता विधायक की बहुत अभारी है। मुकेश शर्मा ने बताया कि लोगों की मांग को देखते हुए वार्ड-8 में विधायक ग्रांट के तहत दो ट्यूबवेल लगाने हैं, जिसमें से एक का काम चालू करवा दिया गया है। ताकि आने वाले समय में पानी की किल्लत से लोगों को न जूझना पड़े। इसके अतिरिक्त वार्ड-9 में इससे पहले छह नए ट्यूबवेल लगवा दिए हैं। सभी अब चालू हो गए हैं, ताकि पानी की किल्लत न हो। वरिष्ठ भाजपा नेता एवं पार्षद ममता चौधरी के पति कविंद्र चौधरी ने बताया कि उनका प्रयास है क्षेत्र की समस्याओं को हल करवाया जाए।

## राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक कर सकते हैं आवेदन

**फरीदाबाद।** डीसी विक्रम सिंह ने बताया कि भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए 31 जुलाई तक नामांकन आमंत्रित किए गए हैं।

इनमें राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत बहादुरी, खेलकूद, सोशल साइंस, विज्ञान एवं तकनीक पर्यावरण सहित आर्ट एवं कल्चर के क्षेत्र में पिछले दो सालों में असाधारण उपलब्धि हासिल करने वाले बच्चे जिनकी आयु 31 जुलाई को 18 वर्ष तक की हो को वर्ष 2024 के जनवरी माह में राष्ट्रपति द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अवार्ड की घोषणा 26 दिसंबर को वीर बाल दिवस के अवसर पर की जाएगी। बाल पुरस्कार को दो कैटेगरी नामत: बाल वीरता पुरस्कार व बाल उत्कृष्टता पुरस्कार में बांटा गया है। दोनों कैटेगरी में कुल 25 बच्चों का चयन किया जाएगा। डीसी ने बताया कि दोनों ही पुरस्कारों में एक-एक लाख रुपए की राशि एवं एक मैडल सहित प्रशस्ति पत्र का प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा।

# नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 29 मई से दिया जाएगा प्रशिक्षण



पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद।

**एडीसी** अपराजिता ने कहा कि जिला फरीदाबाद में नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के लिए 29 मई से तीन दिवसीय योग प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। एडीसी अपराजिता बैठक में जिला फरीदाबाद में नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों को जिम्मेदारी जबाब देही के साथ तय कर रही थी।

एडीसी ने योग दिवस को जिला व ब्लॉक स्तर पर बेहतर ढंग से मनाने के लिए साफ सफाई के लिए एमसीएफ, पेयजल के लिए जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग, शिक्षा, आयुष विभाग, सूचना जनसंपर्क एवं भाषा विभाग, स्वास्थ्य, पुलिस और खेल विभाग सहित एक एक करके विभागवार अधिकारियों की जिम्मेदारी तय करते हुए कहा कि जिला फरीदाबाद में आगामी 29 से 31 मई तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण नौवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को हर्ष और उल्लास के साथ मनाने के लिए खेल परिसर, व्यायाम शालाओं व अन्य उपयुक्त स्थानों पर प्रशिक्षण आयोजित किया जाएगा। एडीसी ने अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि जिस अधिकारी को जो भी दायित्व मिला उसे निश्चित रूप से निर्धारित समय पर पूरा करें। एडीसी अपराजिता ने कहा कि प्रशिक्षण में जिला के खेल परिसर, सभी व्यायामशालाओं एवं अन्य उपयुक्त स्थानों में पर शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता, पीटीआई व डीपीआई को प्रशिक्षण दिया जाएगा।

इसमें प्राइवेट स्कूलों के शारीरिक शिक्षा प्रवक्ता, पीटीआई आई और डीपीई को भी शामिल किया जाएगा। इसके अलावा संबंधित जिला की योग समितियों के योग शिक्षक, खेल विभाग के योग शिक्षक एवं आयुष विभाग के योग विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण शाम छह से सात बजे तक दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि पांच से सात जून तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण जिला के सभी स्कूलों में संबंधित योग समितियों के योग शिक्षकों, प्रवक्ता शारीरिक शिक्षा, पीटीआई, डीपीई, खेल विभाग के योग ट्रेनर, पुलिस विभाग के प्रशिक्षक योग शिक्षक एवं आयुष विभाग की योग विशेषज्ञ द्वारा प्रशिक्षण दिया जाएगा।

# शादी का झांसा देकर किया दुष्कर्म अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेलिंग

पायनियर समाचार सेवा। पलवल

**फोन** पर झूठ बोलकर दोस्ती करने के बाद शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने व अश्लील वीडियो बनाकर ब्लैकमेल करने का मामला सामने आया है। कैंप थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी।

कैंप थाना प्रभारी उदयभान के अनुसार, एक युवती ने शिकायत में बताया है कि वर्ष 2017 में उसके पास एक अनजान नंबर से फोन आया। फोन करने वाले ने अपना नाम पता नरियाला बल्लभगढ़ निवासी अभिषेक देशवाल बताया। इसके बाद वह लगातार उसके पास फोन करता रहा और दोनों की बातें होती रहीं। युवती के अनुसार, दोनों में दोस्ती हो गई। एक दिन अभिषेक ने शादी की बात कही। इसके बाद वे मिले। 2017 से 2021 तक वह शादी का झांसा देकर संबंध बनाता रहा। मई 2021 में अचानक बोला कि वह शादीशुदा है। उसके दो बच्चे हैं, इसलिए वह शादी नहीं कर सकता। तब उसने अपना नाम ताराका गांव निवासी कृष्ण भारद्वाज बताया।

शिकायत में कहा है कि उसने उसके अश्लील फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उसे ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। वह उससे दुष्कर्म करने लगा। 23 मई को वीडियो और फोटो को डिलीट कराने के बहाने बुलाकर उसके साथ दुष्कर्म किया, जिसकी लिखित शिकायत पुलिस को दी। पुलिस जांच अधिकारी पुष्पा ने बताया कि युवती की शिकायत पर कृष्ण भारद्वाज नामक युवक के खिलाफ दुष्कर्म व ब्लैकमेल करने का मुकदमा दर्ज करके कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस का कहना है कि आरोपी की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# एसएसबी अस्पताल ने की बजाज फिनसर्व हेल्थ के साथ साझेदारी

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## बजाज फिनसर्व हेल्थ ईएमआई फाइनेंसिंग से 800 अधिक सर्जरी कवर करती है

**एसएसबी** हार्ट और मल्टी-स्पेशियलिटी अस्पताल व बजाज फिनसर्व हेल्थ लिमिटेड ने मेडिकल और क्लीनिकल सेवाएं प्रदान करने के लिए अपनी साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी का उद्देश्य आसान ईएमआई पर फाइनेंसिंग करने की सेवाएं प्रदान करना है, जिससे मरीज अस्पताल के बिलों का भुगतान आसानी से कर सकते हैं और मनचाहा हेल्थकेयर इलाज प्राप्त कर सकते हैं।

यह एसएसबी अस्पताल में मरीजों को उनके इलाज के लिए उनके मेडिकल बिलों का प्रबंधन करने के लिए किफायती विकल्प प्रदान करता है। यह अस्पताल मेडिकल/हेल्थकेयर क्षेत्र के संदर्भ में अन्य सभी सामान्य सेवाओं के अलावा, न्यूरोसाइंसेस, कार्डियोलॉजी और सीटीवीएस, ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, प्रसूति और स्त्री रोग संबंधी इलाज, बाल रोग संबंधी इलाज, नियोनेटोलॉजी और भी बहुत कुछ विशिष्टताओं के संबंध में उत्कृष्टता विशेष सेवा प्रदान करने पर फोकस कर रहा है।

नो कॉस्ट ईएमआई लाभ प्रदान करने के अलावा, बजाज फिनसर्व हेल्थ ईएमआई फाइनेंसिंग एंजियोप्लास्टी, एंजियोग्राफी, बाईपास सर्जरी, मस्तिष्क और रीढ़ की सर्जरी, त्वचा और कॉस्मेटिक सर्जरी, लैप्रोस्कोपिक और ट्रॉमा सर्जरी, घुटने की रिप्लेसमेंट सर्जरी, स्टोन सर्जरी, मिनिमली इनवेसिव सर्जरी, आंखों की सर्जरी, ईएनटी सर्जरी, स्त्री रोग संबंधी एंडोस्कोपिक सर्जरी और उन्नत लैप्रोस्कोपिक सर्जरी सहित 800 से अधिक सर्जरी कवर करती हैं। मरीजों और उनके परिवारों को न्यूनतम दस्तावेज के साथ त्वरित स्वीकृति मिल जाएगी। मरीज स्वास्थ्य जांच करने के लिए, मातृत्व (मैटरनिटी) और रेडियोलॉजी पर ईएमआई विकल्प का लाभ उठा सकते हैं।

साझेदारी पर टिप्पणी करते हुए बजाज फिनसर्व हेल्थ के सीईओ, देवांग मोदी ने कहा एसएसबी अस्पताल के साथ यह साझेदारी उन्हें लोगों को एक सहज और सही समय पर बहुत जरूरी क्रेडिट प्राप्त कराने में सक्षम बनाएगी।

जिससे समान मासिक किश्तों पर उच्च लागत वाले इलाज किफायती हो जाएंगे। यह पहल मेडिकल इलाज के लिए टेंशन फ्री फाइनेंसिंग पेशकश करने की हमारी प्रतिबद्धता का प्रमाण है।

एसएसबी अस्पताल फरीदाबाद के अध्यक्ष और प्रबंध संचालक डॉ. एसएस बंसल ने कहा मैंने हमेशा सभी को उनकी फाइनेंशियल क्षमता के बारे में सोचे बिना किफायती विश्व-स्तरीय हेल्थकेयर सेवाएं प्रदान करने की कल्पना की है। बजाज फिनसर्व हेल्थ के साथ यह साझेदारी आपातकालीन स्थितियों में स्वास्थ्य संकट के समय फाइनेंशियल सहायता की आवश्यकता होने वाले उन लोगों को सेवा प्रदान करने के हमारे दृष्टिकोण को जारी रखने की दिशा में एक और कदम है। बजाज फिनसर्व हेल्थ, अपनी तरह का पहला हेल्थ-टेक प्लेटफॉर्म है, जो हेल्थकेयर संबंधी सभी जरूरतों के लिए वन-स्टॉप सोल्यूशन है। यह एक वैयक्तिकृत हेल्थकेयर प्रबंधक है, जिसके पास सभी स्वास्थ्य सेवाएं एक ही स्थान पर उपलब्ध हैं। ताकि हर कोई स्मार्ट तरीके से स्वस्थ रह सके।

# नई शिक्षा प्रणाली में शिक्षकों को बताया बच्चों की प्रतिभा कैसे निखारें

## ग्रैंड कोलंबर इंटरनेशनल स्कूल में शिक्षकों के लिए कार्यशाला का हुआ आयोजन

### निदेशक व प्रधानाचार्य ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का आरंभ किया

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


कार्यशाला में भाग लेते अतिथि व आयोजक।

**ग्रैंड** कोलंबस इंटरनेशनल स्कूल ने सहोदया समूह के सहयोग से एक सूचनात्मक और मनोरंजक नई शिक्षा प्रणाली की कार्यशाला का आयोजन किया। विद्यालय के निदेशक सुरेश चंद्र और प्रिंसिपल दीपिका शर्मा, गणमान्य अतिथि वृंदा इंटरनेशनल स्कूल की निदेशक विजया लक्ष्मी, अंजलि सिंह ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यशाला का आरंभ किया। कार्यशाला का संचालन सहोदया की अंजलि द्वारा किया गया, जो स्कूलों में 1200 से अधिक कार्यशालाओं का आयोजन कर चुकी हैं तथा एक सफल शिक्षिका भी हैं। कार्यशाला में फरीदाबाद के 50 से अधिक विद्यालयों के अनुभवी शिक्षकों में हिस्सा लिया। सत्र नई शिक्षा नीति की अंतर्दृष्टि पर केंद्रित था। जिसमें छात्रों की अनूठी क्षमताओं को जानने, पहचानने और बढ़ावा देकर कक्षा में इसे उपयोगी तरीके से कैसे लागू किया जाए और उन्हें पूछताछ-आधारित शिक्षा, लचीलेपन व सीखने और व्यक्त करने की स्वतंत्रता में कैसे संलग्न किया जाए। बहु-भाषावाद, अवलोकन और अनुसंधान में प्रोत्साहित करने के लिए शिक्षकों को समूहों में विभाजित किया गया था। रचनात्मक गतिविधियों को मनोरंजक और अनुभवात्मक शिक्षण विधियों के माध्यम से सीखने को बढ़ावा देने के लिए किया गया था। सत्र में शैक्षणिक विषयों के साथ कला के एकीकरण पर प्रकाश डाला गया, जिसमें उन्हें सहयोग और टीम वर्क के महत्त्व को सिखाने के लिए रंगमंच, कथा वाचन आदि गतिविधियों का उपयोग किया गया। शिक्षकों को कक्षा में करवाई जाने वाली गतिविधियों के बारे में अधिक जानकारी मिली।

# बीपीटीपी देगा सेक्टर में मूलभूत सुविधाएं

## सीवर, सड़क को दुरुस्त करने का किया वादा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद


बैठक के दौरान बीपीटीपी व आरडब्लूए पदाधिकारी।

**पिछले** काफी समय से मूलभूत सुविधाओं को लेकर परेशान बीपीटीपी सेक्टर-75 के लोगों को अब सुविधाएं मिलने की उम्मीद जगी है। आरडब्लूए और बीपीटीपी अधिकारियों के बीच बैठक हुई। जिसके बाद बीपीटीपी ने सड़क और सीवर जैसी मुख्य समस्याओं का 30 जून तक हल करने का वादा किया।

प्रधान वेद प्रकाश यादव ने बताया कि आर ब्लॉक में स्थानीय निवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सीवर लाइन, बिजली और सड़कें बदहाल पड़ी हैं। लोग टूटी-फूटी सड़कों से गुजरने को मजबूर हैं। सेक्टर की इन्हीं समस्याओं को लेकर आरडब्लूए ने बीपीटीपी के साथ बैठक कर हल निकालने की कोशिश की। उम्मीद की जा रही है कि जल्द ही बीपीटीपी बदहाल सड़कों को दुरुस्त कर देगी। जिससे लोगों की आवाजाही सुगम होगी। आर ब्लॉक निवासियों ने बीपीटीपी के महाप्रबंधक बीएल साहू और स्टेट मैनेजर दिलीप के साथ बैठक की। जिसमें बीपीटीपी की ओर से मूलभूत सुविधाएं मुहैया कराने का आश्वासन दिया गया।

## मोदी की यात्रा

### उल्लेखनीय उपलब्धि

**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत 'वैश्विक उत्तर' के बहुत निकट आ गया है, जबकि 'वैश्विक दक्षिण' से भी उसके संबंध बेहतर हुए हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तीन-दिवसीय हिंद-प्रशांत यात्रा को उल्लेखनीय उपलब्धि के रूप में देखा जा सकता है। उन्होंने जी-7 शिखर सम्मेलन के विस्तारित सत्र में यह संदेश स्पष्ट रूप से दिया कि यूक्रेन संकट के समाधान का एकमात्र रास्ता संवाद व राजनय है। भारत जी-7 शिखर सम्मेलन के उन आठ अतिथि देशों में शामिल था जिन्होंने तीन विस्तारित सत्रों में हिस्सा लिया। इससे हमारे देश के बढ़ते अंतरराष्ट्रीय कद का प्रमाण मिलता है। यूक्रेन संघर्ष से निपटने का प्रधानमंत्री मोदी का संदेश स्पष्ट तथा प्रतिबद्धता प्रभावशाली थी। हिरोशिमा के विस्तारित सत्र में उनका दस-सूत्रीय आह्वान पूरे जी-7 शिखर सम्मेलन की एक विशेषता रही। इसमें उन्होंने खाद्य एवं स्वास्थ्य सुरक्षा, विकास संबंधी मुद्दों तथा जेंडर समानता को रेखांकित किया। मोदी ने शिखर सम्मेलन के समय यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की से मुलाकात की। खबरों के अनुसार, मोदी ने उनसे कहा, 'पिछले डेढ़ साल में हमने फोन पर बात की, पर लंबे समय बाद हमें मुलाकात का मौका मिला। यूक्रेन में युद्ध सारी दुनिया के लिए बहुत बड़ा मुद्दा है। इसके सारी दुनिया पर अनेक अलग-अलग प्रभाव पड़े हैं। लेकिन मैं इसे राजनीतिक या आर्थिक मुद्दे की तरह नहीं देखता। मेरे लिए यह मानवता तथा मानव मूल्यों का मुद्दा है।' जेलेन्स्की ने बाद में धन्यवाद देते हुए ट्वीट किया, 'भारत ने हमारे देश की क्षेत्रीय अखंडता तथा संप्रभुता का खासकर अंतरराष्ट्रीय संगठनों के मंचों पर समर्थन किया है और उसने यूक्रेन को मानवीय सहायता दी है।' वोलोदिमिर जेलेन्स्की का यह दृष्टिकोण महत्वपूर्ण है क्योंकि पहले उनकी सरकार ने यूक्रेन हमले पर भारत द्वारा रूस की निन्दा नहीं करने पर निराशा प्रकट की थी।



कुछ लोगों ने यूक्रेन युद्ध में भारत की तटस्थता के बारे में बहुत नकारात्मक बातें कहीं हैं और यह संकेत तक किया कि सस्ता रूसी तेल खरीद कर भारत मुनाफा कमा रहा है। लेकिन ये बातें तथ्यों के बजाय पूर्वाग्रहों पर आधारित हैं। सच्चाई यह है कि सारी दुनिया रूस से तेल खरीद रही है। वैसे भी यूक्रेन युद्ध के मामले में भारत की तटस्थता दुनिया में उसकी विशिष्ट स्थिति स्पष्ट करती है। भारत दुनिया का एकमात्र ऐसा बड़ा देश है जिस पर रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन विश्वास कर सकते हैं। जहां तक मोदी की पापुआ न्यू गाइना की यात्रा का सवाल है, हमें याद रखना चाहिए कि इसका संबंध केवल भावनाओं या छवि से नहीं हैं। हालांकि, मोदी के प्रशंसक पापुआ न्यू गाइना के प्रधानमंत्री जेम्स मारापे द्वारा उनके चरण स्पर्श की तस्वीर देख कर बहुत प्रसन्न हैं। लेकिन इसके अलावा यह तथ्य बहुत महत्वपूर्ण है कि मोदी उस देश की यात्रा करने वाले पहले भारतीय प्रधानमंत्री हैं। यह यात्रा भारत तथा उसके क्वाड साझीदारों की क्षेत्र में बढ़ती रणनीतिक दिलचस्पी का प्रमाण है। आस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बानीज़ ने मोदी को 'द बॉस' कहा जिससे मंगलवार को सिडनी में हुए आयोजन में उपस्थित भारतीय आनन्द विभोर हो गए। यह केवल प्रशंसा न होकर मोदी द्वारा आस्ट्रेलिया से संबंध बेहतर बनाने के प्रयासों की स्वीकृति है। वास्तव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकसित देशों के साथ भारत के आर्थिक, रणनीतिक, सैनिक व राजनीतिक हितों को जोड़ने के लिए बहुत प्रशंसनीय काम किया है। भारत पहले वैश्विक उत्तर के इतना निकट नहीं था जितना आज है और इसके बावजूद उसने ये संबंध वैश्विक दक्षिण की कीमत पर नहीं बनाए हैं। मोदी के नेतृत्व में वैश्विक दक्षिण से भी भारत के संबंध वास्तव में और बेहतर हुए हैं। यह कोई मामूली उपलब्धि नहीं है।

# समस्या-समाधान में मोदी के प्रयास

**प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत चुनौतियों का सामना कर रहे अनेक देशों की सहायता करने में अग्रणी भूमिका निभाने के प्रयास कर रहा है।**



**तरुण चुग**
(लेखक, भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव हैं।)



भारत भगवान बुद्ध की कर्मभूमि है। भगवान बुद्ध ने यहीं आम जनता को अपने उपदेशों और शिक्षाओं से लाभान्वित किया था। हालांकि, कुछ शताब्दियों के भीतर भगवान बुद्ध की शिक्षायें सारी दुनिया में प्रसारित हुईं और वे जापान भी पहुंचीं। भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक संबंध सैकड़ों साल पुराने हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भारत की सांस्कृतिक विरासत तथा वर्तमान वैश्विक संदर्भ में भगवान बुद्ध की शिक्षाओं के प्रचार-प्रसार में उल्लेखनीय भूमिका अदा कर रहे हैं। इसी विरासत पर चलते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में जापान के हिरोशिमा में आयोजित जी-7 शिखर सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने जी-7 नेताओं से संवाद के दौरान स्पष्ट किया कि संघर्षों व टकरावों के समाधान का राजनय सबसे अच्छा माध्यम है। जी-7 दुनिया के सर्वाधिक औद्योगिक सात देशों का समूह है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के नवें कार्यकारी सत्र को संबोधित करते हुए भगवान बुद्ध की शिक्षाओं का संदर्भ दिया। उन्होंने कहा, 'शत्रुता से शत्रुता की आग ठंडी नहीं होती है। शत्रुता को मित्रता से ही दूर किया जा सकता है। इसी भावना से हमे आगे बढ़ कर सबको साथ लेना चाहिए।' जापान में प्रधानमंत्री मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेन्स्की से मुलाकात की। इस बैठक में मोदी ने कहा कि वर्तमान स्थिति का संबंध केवल अर्थव्यवस्था या राजनीति से न होकर मानवता से है। उनका यह कथन बिल्कुल सटीक है। उन्होंने यह बात ऐसे राजनेता व राजनयिक के रूप में कही जिसे पूरे मुद्दे की गहरी समझ है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले साल रूसी राष्ट्रपति व्लादीमिर पुतिन के साथ अपनी द्विपक्षीय बैठक में बहुत स्पष्ट रूप से कहा था, 'आज का युग युद्धों व टकराव का नहीं है। इनका समाधान संवाद और राजनय के माध्यम से किया जाना चाहिए।' अभिव्यक्ति की इतनी स्पष्टता विरले ही विश्व नेताओं में दिखती है। लेकिन प्रधानमंत्री मोदी के साथ ऐसा नहीं है क्योंकि वे हमेशा सभी मंचों पर मानवता के पक्ष में बोलते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी के इस कथन को अनेक विश्व मंचों पर अनेक राजनेताओं व राष्ट्राध्यक्षों ने बहुत सकारात्मक रूप से संदर्भित किया और इससे प्रधानमंत्री मोदी तथा उनके नेतृत्व में भारत का कद अंतरराष्ट्रीय जगत में बहुत बढ़ गया। प्रधानमंत्री मोदी के दिखाये मार्ग पर चलते हुए भारत सचमुच दुनिया के किसी भी हिस्से में मानवीय संकट सामने आने पर सबसे पहले सहायता के लिए प्रयासरत होता है। भारत ने दुनिया के अनेक देशों की संकट के समय त्वरित सहायता की है। इससे स्पष्ट होता है कि प्रधानमंत्री मोदी हमेशा मानवता के हित में बोलते हैं। आज भारत की आवाज दुनिया के सभी बड़े देश बहुत गंभीरता से सुनते हैं। इसका कारण यह है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा विश्व नेताओं के साथ अपने संवाद को बहुत महत्व देते हैं। वे हमेशा समग्र रूप से मानवता के पक्ष में बोलते हैं तथा उनके सरोकार सभी देशों की जनता के लिए हैं। मोदी खासकर विकासशील व गरीब देशों की जनता के हितों को अपने दृष्टिकोण व गतिविधियों के केन्द्र में रखते हैं।

इस वैश्विक पृष्ठभूमि में इस बार जी-7 देशों ने अपना एजेंडा निर्धारित किया। दुनिया के सर्वाधिक विकसित व औद्योगीकृत देशों के समूह ने 'वैश्विक दक्षिण' के साथ साझेदारी विकसित करने को अपने शिखर सम्मेलन में महत्व दिया है। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि प्रमुखत: भारत ने 'वैश्विक दक्षिण' की अवधारणा को मजबूत किया है। इसके अंतर्गत अनेक विकासशील देश आते हैं जो वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में अनेक प्रकार की चुनौतियों का सामना कर रहे हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन के एक कार्यकारी समूह में वैश्विक समस्याओं को रेखांकित करते हुए कहा, 'हमारा साझा लक्ष्य विश्व शांति, स्थायित्व और समृद्धि है। आज की परस्पर एक दूसरे से जुड़ी दुनिया में किसी एक क्षेत्र का संकट सभी देशों को प्रभावित करता है। ऐसे संकटों के कारण सीमित संसाधनों वाले विकासशील देशों पर सबसे बुरा प्रभाव पड़ता है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्य में ये देश अधिकतम कष्टों का सामना कर रहे हैं। उन पर खाद्य पदार्थों, ईंधन व उर्वरक संकट का सबसे बुरा प्रभाव पड़ता है।' प्रधानमंत्री मोदी के इस वक्तव्य से स्पष्ट होता है कि वे वैश्विक दक्षिण के समक्ष उपस्थित चुनौतियों की कितनी गहरी समझ रखते हैं। इन चुनौतियों में देशों का संप्रभु कर्ज, जलवायु परिवर्तन, खाद्य पदार्थों का संकट, उर्वरकों का संकट, आदि शामिल हैं।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में उपस्थित दुनिया भर के नेताओं को याद दिलाया कि बहुपक्षीय एजेंसियां, जैसे संयुक्त राष्ट्रसंघ इन चुनौतियों से सफलतापूर्वक निपट नहीं पा रही हैं तथा वे टकराव व संघर्ष रोकने में सक्षम नहीं हैं। मोदी ने नेताओं को याद दिलाया कि संयुक्त राष्ट्रसंघ की स्थापना का उद्देश्य ही दुनिया में शांति की स्थापना करना था। संयुक्त राष्ट्रसंघ इक्कीसवीं शताब्दी के वैश्विक यथार्थ का प्रतिनिधित्व नहीं कर पा रहा है और इसके लिए उसमें व्यापक सुधारों की आवश्यकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने संयुक्त राष्ट्रसंघ की कमजोरियों की ओर संकेत करते हुए बहुत प्रभावी ढंग से जोर दिया कि अभी तक संयुक्त राष्ट्रसंघ आतंकवाद की परिभाषा तक निर्धारित नहीं कर सका है। जी-7 देशों के राजनेताओं ने आत्मावलोकन तथा संयुक्त राष्ट्रसंघ जैसी बड़ी संस्थाओं में व्यापक सुधारों के तर्कों को बहुत सकारात्मक रूप से स्वीकार किया।

भारत अनेक वर्षों से संयुक्त राष्ट्रसंघ में व्यापक सुधारों का आह्वान कर रहा है और उसने विभिन्न वैश्विक मंचों पर इस मुद्दे को बार-बार बहुत जोरदार तरीके से उठाया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जी-7 शिखर सम्मेलन में भी इस बात पर जोर दिया कि इस बहुपक्षीय संस्था में वैश्विक दक्षिण के स्वरों को भी समुचित स्थान दिया जाना चाहिए। सच्चे व कारगर लोकतंत्र वाले देश भारत ने हमेशा दुनिया भर के लोगों की लोकतांत्रिक इच्छाओं व भावनाओं को स्वर दिया है। इस तथ्य को अनदेखा नहीं किया जा सकता है कि संयुक्त राष्ट्रसंघ के स्थाई सदस्यों को यह स्थान पिछली शताब्दी के युद्धों, या दूसरे शब्दों में कहें तो दो विश्व युद्धों के बाद मिला था। विडंबना है कि दुनिया में सर्वाधिक जनसंख्या वाले देश भारत को अभी संयुक्त राष्ट्रसंघ या विशिष्ट रूप से सुरक्षा परिषद की स्थाई सदस्यता नहीं मिली है। यह स्थिति सचमुच 'अलोकतांत्रिक' है।

भारत ने हमेशा ऐसी लोकतांत्रिक विश्व व्यवस्था के पक्ष में अपनी आवाज उठाई है जिसमें राष्ट्रीय संप्रभुता व क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान किया जाए। संयुक्त राष्ट्रसंघ का चार्टर तथा अंतरराष्ट्रीय विधि इनको रेखांकित करते हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने जी-7 के कार्यकारी समूह को अपने संबोधन में इन आयामों पर विशेष जोर दिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी नियमित रूप से जी-7 शिखर सम्मेलनों में शामिल होते रहे हैं। इनसे विश्व मंच पर भारत का बढ़ता कद प्रदर्शित होता है। भारत अब दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। यहां तक कि भारत की अर्थव्यवस्था जी-7 समूह के चार सदस्य देशों से भी बड़ी है। इसके साथ ही भारत 'वैश्विक दक्षिण' की आवाज बन कर उभरा है तथा वह वर्तमान समय में जी-20 समूह का अध्यक्ष है। भारत अगले साल क्वाड सम्मेलन का आयोजन भी करेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में अब भारत उन देशों का मजबूत साझीदार बन गया है जो अपने समक्ष उपस्थित चुनौतियों का समाधान खोज रहे हैं।

भारत को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसके द्वारा किए प्रयासों के परिणामस्वरूप विकासशील देशों और गरीब देशों की बढ़ती हुई कर्ज चुनौतियां वैश्विक विमर्श में केन्द्रीय स्थान पर आ गई हैं। इसके साथ ही जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए विकसित देशों को अपने संसाधनों का साझा करना चाहिए ताकि संकट घटाने व हरित ऊर्जा संबंधी तकनीकों के हस्तांतरण में सहायता मिल सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जलवायु परिवर्तन संबंधी इस मुद्दे पर भी जी-7 नेताओं के समक्ष जोर दिया।

# समावेशी विकास के अनिवार्य पहलू

> जल और स्वच्छता संकट की जटिलता और व्यापकता के लिए एक सामूहिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है।

**शेफालिका पंडा**
(लेखिका, सामाजिक कार्यकर्ता हैं)



समावेशी विकास की ओर बढ़ती दुनिया में, संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) यह सुनिश्चित करने के लिए एक रोडमैप प्रदान करते हैं कि कोई भी पीछे न छूटे। इस वैश्विक ब्लूप्रिंट में एसडीजी 6 विशेष रूप से महत्वपूर्ण है, जिसका उद्देश्य सभी के लिए जल और स्वच्छता की उपलब्धता और सतत प्रबंधन सुनिश्चित करना है। यह लक्ष्य दुनिया भर के समुदायों के लिए स्वास्थ्य, कल्याण, शिक्षा और लैंगिक समानता की आधारशिला बनाता है।

डब्ल्यूएचओ/यूनिसेफ के संयुक्त निगरानी कार्यक्रम की रिपोर्ट में पाया गया है कि विश्व स्तर पर 2.2 अरब लोगों के पास सुरक्षित रूप से प्रबंधित पेयजल की कमी है, जबकि 4.2 अरब लोगों में सुरक्षित रूप से प्रबंधित स्वच्छता सेवाओं की कमी है। दुनिया की 18 प्रतिशत आबादी के साथ लेकिन अपने जल संसाधनों का केवल 4 प्रतिशत होने के कारण, भारत को अपनी पानी और स्वच्छता की जरूरतों को पूरा करने में बड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। (पानी, स्वच्छता और स्वच्छता) की कमी से वंचित समुदायों के लिए गंभीर प्रभाव पड़ता है, जिससे स्वास्थ्य संकट और आर्थिक अवसरों में कमी आती है।

अपर्याप्त पानी और स्वच्छता महिलाओं और लड़कियों को असमान रूप से प्रभावित करती है। दासरा द्वारा 2015 के एक अध्ययन में पाया गया है कि सुरक्षित मासिक धर्म स्वच्छता सुविधाओं की कमी के कारण भारत में लगभग 23 प्रतिशत लड़कियां स्कूल छोड़ देती हैं। पानी लाने में लगने वाले समय के कारण महिलाएं और लड़कियां आय सृजन और शिक्षा के अवसरों से वंचित रह जाती हैं। दुर्गम या गैर-कार्यात्मक शौचालय महिलाओं को शारीरिक और यौन उत्पीड़न और स्वास्थ्य समस्याओं के लिए और अधिक जोखिम में डालते हैं। 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में, अपर्याप्त वाश के कारण होने वाले डायरिया रोग मृत्यु का एक प्रमुख कारण हैं। ये मुद्दे व्यापक प्रणालीगत चिंताओं के लक्षण हैं जो इन आवश्यक सेवाओं के असमान वितरण में परिणत होते हैं।

2010 में, संयुक्त राष्ट्र महासभा ने स्पष्ट रूप से स्वच्छ जल और स्वच्छता के मानव अधिकार को मान्यता दी, सभी मानवाधिकारों की प्राप्ति के लिए उनके सार की पुष्टि की। स्वच्छ भारत मिशन और जल जीवन मिशन, (जिसे हर घर नल योजना के रूप में भी जाना जाता है) जैसे कार्यक्रमों ने स्वच्छता और पानी तक पहुंच में सुधार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। हाल ही में, एसबीएम के तहत भारत के 50 प्रतिशत गांवों ने (खुले में शौच से मुक्त) प्लस का दर्जा हासिल किया। जब जल जीवन मिशन शुरू किया गया था, तब देश के 112 आकांक्षी जिलों में केवल 21.64 लाख (7.84 प्रतिशत) घरों में नल का पानी उपलब्ध था। संख्या अब बढ़कर 1.67 करोड़ (60.51 प्रतिशत) परिवार हो गई है। परोपकारी और सीएसआर पहलों ने भी कई पहलुओं से वॉश कवरेज सुनिश्चित करने में काफी प्रगति की है। उदाहरण के लिए, अंबुजा सीमेंट ने जल भंडारण को 166 मिलियन लीटर बढ़ाया और राजस्थान और महाराष्ट्र में 550 ट्यूबवेलों का कायाकल्प किया। एचयूएल की सुविधा पहल मुंबई में स्वच्छता सेवाएं प्रदान करती है, दस्त के मामलों को 44 प्रतिशत कम करती है और सालाना 35 मिलियन लीटर पानी का संरक्षण करती है। इंडियन मेटल्स एंड फेरो अलॉयज (आईएमएफए) की सु स्वास्थ्य पहल में वाश में बुनियादी ढांचा विकास और जागरूकता अभियान शामिल हैं, जिससे ओडिशा के 6 जिलों के 2989 गांवों में 19 लाख समुदाय के सदस्य प्रभावित हुए हैं।

सही दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने के बावजूद अभी बहुत कुछ हासिल करना बाकी है। पानी और स्वच्छता के लिए मानवाधिकार आधारित दृष्टिकोण (एचआरबीए) स्वच्छता बुनियादी ढांचे की उपलब्धता, पहुंच और सामर्थ्य के महत्व को रेखांकित करता है।

जल और स्वच्छता में प्रगति के लिए एक व्यापक, बहु-हितधारक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जमीनी स्तर पर विकास के केंद्र में होने के नाते, महिलाओं को इस प्रक्रिया का अभिन्न अंग होना चाहिए, यह सुनिश्चित करना चाहिए कि पहल विविध और प्रभावी हों।

अवसंरचना विकास जल और स्वच्छता सेवाओं में सुधार का एक बुनियादी हिस्सा है। इसमें जल आपूर्ति और अपशिष्ट निपटान, और शौचालय जैसी भौतिक सुविधाओं का निर्माण या उन्नयन शामिल है। स्थायी जल और स्वच्छता प्रथाओं के लिए एक साझा दृष्टि को साकार करने के लिए निर्णय लेने में समुदाय के सदस्यों की भागीदारी आवश्यक है। एक बार बुनियादी ढांचा स्थापित हो जाने के बाद, स्वच्छता सुविधाओं का उपयोग करने और स्वच्छता बनाए रखने के महत्व के बारे में जागरूकता बढ़ाना महत्वपूर्ण है। इसके अलावा, सामुदायिक शिक्षा को जल संरक्षण तक बढ़ाया जाना चाहिए। सतही जल के प्रदूषण और भूजल स्त्रोतों के प्रदूषण को रोकने के सामूहिक प्रयासों पर भी जोर दिया जाना चाहिए। पानी और स्वच्छता के मुद्दों के लिए कोई एक आकार-फिट-सभी समाधान नहीं है और भौगोलिक, जलवायु और सांस्कृतिक विचारों के आधार पर पहल भिन्न हो सकती हैं। उन क्षेत्रों में जहां पानी की लवणता अधिक है, अलवणीकरण और जल निस्पंदन की प्रक्रियाओं को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इसी तरह, जल संरक्षण के लिए स्थापित प्रक्रियाओं जैसे जल संचयन, ड्रिप सिंचाई, अपशिष्ट प्रबंधन उपचार और भंडारण जलाशयों का भी आवश्यकतानुसार उपयोग किया जाना चाहिए।

जल और स्वच्छता संकट की जटिलता और व्यापकता के लिए एक सामूहिक दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जब सरकार, गैर-सरकारी संगठन, निजी क्षेत्र और समुदाय सहयोग करते हैं, तो परिणाम समावेशी, टिकाऊ और स्थानीय संदर्भों के लिए उपयुक्त होते हैं।

## आप की बात

### सोशल मीडिया के खतरे

**अमेरिका** के सर्जन जनरल ने चेतावनी दी है कि सोशल मीडिया से बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य और भलाई को नुकसान का गहरा खतरा हो सकता है। नाबालिगों द्वारा इंटरनेट प्लेटफार्म के उपयोग पर अधिक नियमों और शोध की मांग कई देशों में की जा रही है। मंगलवार को जारी एक रिपोर्ट में कहा गया है कि बच्चों पर सोशल मीडिया के प्रभाव को रेखांकित करने के लिए मौजूदा शोध पर ध्यान आकर्षित करने में अब और देर नहीं करनी चाहिए । एडवाइजरी में सोशल मीडिया के उपयोग से बच्चों और किशोरों को संभावित नुकसान पर प्रकाश डाला गया है जिसमें नींद की कमी, मानसिक स्वास्थ्य के मुद्दे, साइबरबुलिंग, अत्यधिक सामग्री तक पहुंच और वयस्कों के शिकारी व्यवहार के लिए अतिसंवेदनशील होना शामिल है। सोशल मीडिया आगे चलकर महामारी का रूप ले सकता है। क्योंकि यह सिर्फ शौक नहीं बल्कि हमें लती और आदी बनाता जा रहा है। सिर्फ बच्चे और किशोर ही नहीं बल्कि बड़े भी सोशल मीडिया नामक नशे का शिकार हो चुके हैं। वो दिन दूर नहीं जब इसके लत को छुड़ाने के लिए बहुत से लोगो ंको मनोचिकित्सक के पास जा कर दवा-इलाज कराना पड़ेगा। इस अति से बचना जरूरी है।

-**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### नोट-वापसी

**दो हजार** के नोट जमा कराने की घोषणा करने के बाद से ही आम जनता में हड़बड़ी है। एक और रिजर्व बैंक के गवर्नर कर रहे हैं कि 2000 के नोट बदलवाने के लिए किसी प्रकार का आईडी फार्म भरवाने की जरूरत नहीं है। वहीं दूसरी ओर जब लोग बैंक की एक शाखा में नोट बदलाने गए तो न सिर्फ उनसे आईडी प्रूफ मांगा गया बल्कि फार्म भी भरवाये गये। कई बैंकों ने थोड़े ही समय बाद बदलने के लिए करेंसी स्टॉक में नहीं है कह कर ग्राहकों को लौटा दिया। रिजर्व बैंक गवर्नर के स्पष्ट आदेशों के बावजूद बैंकों द्वारा अपने नियम थोपना और नोट बदलने में अपने मनमाने नियम लागू करना रिजर्व बैंक की गाइडलइन का सरासर उल्लंघन है। भारतीय रिजर्व बैंक को हस्तक्षेप करके तत्काल बैंकों की मनमानी रोकते हुए नोट बदलने के आदेश देना चाहिए। नोट की उपलब्धता के बावजूद नोट नहीं बदलने वाले बैंकों पर सख्त एक्शन लेना चाहिए। साथ ही इसके लिए रिजर्व बैंक को एक हेल्पलाइन जारी करना चाहिए जिस पर उपभोक्ता संबंधित बैंकों की शिकायत कर सकें। मीडिया में आने वाली खबरों का फौरन संज्ञान लेना प्रशासन की भी जिम्मेदारी है।

- **सुभाष बुड़ावन वाला,** रतलाम

### प्रतिभाशाली बेटियां

**यूपीएससी** की सिविल सेवा परीक्षाओं मे देश की बेटियों ने अच्छी रैंक पाकर परिवार, समाज व राष्ट्र का सर ऊंचा किया है। टापर आई बेटियों ने अपने परिश्रम व मेहनत से दिखा दिया कि बेटियां पीछे नहीं हैं। कहीं-कहीं बेटियों के प्रति समाज के कुछ वर्गों द्वारा उपेक्षित पहलू दिखते हैं। इस अदभुत सफलता से अपने आप में उनके लिए जवाब है। समाज में कहीं-कहीं आज भी बेटा बेटी के फर्क को देखा जाता है। इसमें कोई दो मत नहीं कि वर्तमान दौर मे बेटियों की शिक्षा व सुरक्षा दोनों जरुरी है और इनको सही दिशा-दशा देने की जवाबदेही उनके पालकों तथा माता-पिता पर है। बेटियां हमारी व देश समाज की आन-बान-शान हैं इनकी खुशियों व इनके आत्मसम्मान का ध्यान रखना हम सभी का कर्तव्य है। इन प्रतिभाशाली बेटियों के साथ ही हमें उन गरीब व ग्रामीण बेटियों पर भी गौर करना होगा जिनकी उपलब्धियां व जीवन के रोजमर्रा संघर्ष मीडिया की सुर्खियों में नहीं आते हैं। आंगनबाड़ी, शिक्षक, नर्स, बैंक कर्मी, पुलिस कर्मी आदि की भूमिका में महिलायें और बेटियां महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

- **योगेश जोशी,** बड़वाह

### चोटिल नाडाल

**फ्रेंच** ओपन के बादशाह और 14 बार इस टूर्नामेंट के विजेता स्पेन के टेनिस खिलाड़ी राफेल नडाल फिलहाल चोट से जूझ रहे हैं और फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट से हट गए हैं। इससे नडाल के प्रशंसकों और आयोजकों को निराशा हुई है। 2005 में पहली बार फ्रेंच ओपन टूर्नामेंट जीतकर अपना दबदबा कायम रखने वाले राफेल नडाल पहली बार ऐसा कर रहे हैं। राफेल नडाल इस टूर्नामेंट में नहीं होंगे। राफेल नडाल टूर्नामेंट से इसलिए बाहर हो गए हैं क्योंकि वह आने वाले सीजन 2024 के लिए फिटनेस की तैयारी कर रहे हैं। 3 जून को फ्रेंच ओपन के दौरान राफेल नडाल का जन्मदिन है। 18 मई से 16 जून तक फ्रेंच ओपन ग्रैंडस्लैम आयोजित होता है। इसलिए आयोजक इस दिन को यादगार के रूप में मनाते हैं। लेकिन अब आयोजक व प्रशंसक निराश हैं। राफेल नडाल ने पैर में चोट के बावजूद ऑस्ट्रेलियन ओपन टूर्नामेंट जीता था। उन्होंने फ्रेंच टूर्नामेंट में 122 मैच जीते हैं और केवल तीन मैच हारे हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि 2024 उनके करियर का आखिरी सीजन हो सकता है।

- **दत्तप्रसाद शिरोडकर,** मुंबई

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

# टेक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं गांवः मुख्यमंत्री

## सीएम योगी ने किया पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत वृहद संतृप्तीकरण अभियान व दर्शन पोर्टल का शुभारंभ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि गांवों की सूरत आज बदल चुकी है। लैंड रिकॉर्ड को काफी हद तक डिजिटलाइज किया जा चुका है। इसकी वजह से गांव के झगड़े समाप्ति की ओर हैं। पहले छोटे मोटे विवाद में झगड़े हो जाया करते थे। पीएम स्वामित्व योजना के माध्यम से किसान को घरौनी उपलब्ध कराके मालिकाना हक प्रदान किया गया है। यूपी में अब तक 56 लााख घरौनी उपलब्ध कराई जा चुकी है। इस वर्ष के अंत तक डेढ़ करोड़ परिवारों को घरौनियां प्रदान कर दी जाएंगी। इनके सर्वे का काम पूरा हो चुका है। आज गांव व्यापक सुधार के साथ स्वच्छता का लक्ष्य लेकर टेक्नोलॉजी के साथ आगे बढ़ रहे हैं।

योगी बुधवार को लोकभवन में आयोजित पीएम किसान सम्मान निधि योजना के लिए बृहद संतृप्तीकरण अभियान की शुरुआत करने के बाद समारोह को संबोधत कर रहे थे। इस दौरान उन्होंने किसानों को कृषि सुविधाओं का त्वरित लाभ देने के लिए संचालित दर्शन पोर्टल के लोगो की लॉन्चिंग के साथ ही विभिन्न सेवाओं एवं अनुदान के लिए कृषक पंजीकरण का शुभारंभ भी किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि किसान और श्रमिक शासन के एजेंडे का हिस्सा हो सकते हैं, ये देश ने बीते 9 साल में पहली बार महसूस किया है। किसान और श्रमिक किसी जाति, मत और मजहब के नहीं, बल्कि समाज की जरूरतों को अपने परिश्रम पूरा करने वाले और देश-दुनिया का पेट भरने वाले होते हैं। यूपी के किसानों के परिश्रम के कारण आज प्रदेश देश में आर्थिक महाशक्ति के रूप में स्थापित हो रहा है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में अबतक 2 करोड़ 63 लाख किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना से जुड़ चुके हैं। अबतक उत्तर प्रदेश में 55 हजार 800 करोड़ की धनराशि पीएम किसान निधि सम्मान के रूप में हमारे किसानों के खातों में भेजी जा चुकी है। मगर इसके बावजूद हमें कुछ किसानों से ये सुनने को मिलता था कि उन तक पैसा नहीं पहुंच रहा है। इसे देखते हुए आधार ऑथेंटिफिकेशन की कार्रवाई को बृहदस्तर पर शुरू किया जा रहा है, जिससे शत प्रतिशत पात्र किसान इस योजना से लाभान्वित हो सकें। आज से प्रदेश के सभी 55 हजार ग्राम पंचायतों में इस बड़े अभियान की शुरुआत हो रही है। तकनीक का उपयोग भ्रष्टाचार पर प्रहार कर सकता है तो जरूरतमंदों को शासन की सुविधाओं का लाभ भी पहुंचा सकता है। इस अभियान में पोस्ट ऑफिस, कृषि और राजस्व विभाग के लोग जुड़कर गांव-गांव में पात्र किसानों को योजना से जोड़ने के महाअभियान में जुटेंगे। हर गांव में प्रचार के साथ इसे आगे बढ़ाने का काम शुरू किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि आज बीसी सखी और ग्राम सचिवालय की सुविधा गांवों में दी जा रही है। गांव में ही बैंकिंग की सुविधा का लाभ मिलने लगा है। गांवों का पैसा गांव के विकास में खर्च होए कारोबार के लिए पैसे की जरूरत होए पेंशन का पैसा निकालना हो या खाते से पैसा निकालना हो, इसके लिए गांव से बाहर नहीं जाना होगा। ये सब बीसी सखी के माध्यम से ही उपलब्ध कराई जा रही है। टेक्नोलॉजी आज की आवश्यक्ता है और इसे बेहतर ढंग से गांवों में आगे बढ़ाने का काम चल रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बृहद अभियान किसानों को सम्मान देने का महाअभियान है। इस अभियान से जुड़ी सभी संस्थाएं इसे बृहद पैमाने पर लगकर पूरा करेंगी। इससे किसानों की ओर से आने वाली शिकायतों का समाधान होगा और मुझे उम्मीद है कि 10 जून के बाद यूपी का कोई किसान इस प्रकार की शिकायत नहीं करेगा कि मैं इस योजना के लाभ से वंचित रह गया।

इस अवसर पर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, कृषि उत्पादन आयुक्त मनोज कुमार सिंह, उपकार के चेयरमैन कैप्टन विकास गुप्ता, अपर मुख्य सचिव कृषि डॉ देवेश चतुर्वेदी, कृषि विभाग के अधिकारी और प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए किसान मौजूद रहे।

## सीएम योगी के भाषण संग्रह 'लोक आराधना की अभिव्यक्ति' के दो खंडों का विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ/ गोरखपुर

**मुख्यमंत्री** एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ के भाषणों पर दो खंडों में संग्रहित ग्रंथ 'लोक आराधना की अभिव्यक्ति' का विमोचन बुधवार को गोरखपुर में किया गया। दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज के गुरु गोरखनाथ साहित्यिक केंद्र में आयोजित समारोह में भाषण संग्रह का विमोचन विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पूर्व चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह व भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश सिंह की विशिष्ट उपस्थिति में किया।

इस अवसर पर यूजीसी के पूर्व चेयरमैन प्रो. डीपी सिंह ने कहा कि हम सभी अपने आराध्य की आराधना करते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लोक अर्थात जनता की आराधना भी जनार्दन यानी परमात्मा की भांति करते हैं। लोक की यह आराधना उनके क्षण-प्रतिक्षण के चिंतन, कार्यशैली और हर अभिव्यक्ति में झलकती है। उनके लोक आराधना का ही प्रतिफल है कि आज उत्तर प्रदेश लोक कल्याण और विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ता हुआ दिखाई दे रहा है।

विमोचन समारोह में भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हर अभिव्यक्ति इस बात को प्रमाणित करती है कि लोक का मंगल ही उनके जीवन का ध्येय है। उनके चिंतन में दिव्यता है, लोक कल्याण की समग्रता व परिपूर्णता है। सीएम योगी की अभिव्यक्तियां समूचे समाज के लिए प्रेरक व मार्गदर्शक हैं।

दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. राजेश सिंह ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की हर अभिव्यक्ति कुछ नया करने की ऊर्जा प्रदान करती है। खास तौर पर नेतृत्व के किसी भी स्तर पर बैठे लोगों के लिए तो यह मार्गदर्शक की भांति है।

## सिंचाई विभाग के 10 निरीक्षण भवनों को पीपीपी मोड पर लेगा पर्यटन विभाग

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के 10 निरीक्षण भवनों को पर्यटन की गतिविधियों के लिए पर्यटन विभाग को हस्तांतरित कराकर इन भवनों को पीपीपी मोड पर विकसित व संचालित किया जायेगा। इसके लिए विगत 9 मई 2023 को शासन को पत्र भेजा गया है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि सिंचाई विभाग के जिन 10 निरीक्षण भवनों को पर्यटन विभाग के लिए चिन्हित किया गया है, उनमें कर्मा निरीक्षण भवन, बिसुन्दरी निरीक्षण भवन, निशोगी निरीक्षण भवन जनपद सोनभद्र में स्थित हैं। इनकी स्थिति जर्जर एवं खण्डहर जैसी हो चुकी है। इन भवनों को पीपीपी मोड पर विकसित कर पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए उपयोग में लाया जायेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि इसी प्रकार लखीमपुर खीरी में सिंचाई विभाग का गेस्ट हाउस, जनपद बहराइच स्थित गेस्ट हाउस तथा झांसी के ढुकुवा निरीक्षण भवन, पहुंज बांध निरीक्षण भवन, गढ़मऊ झील निरीक्षण भवन, पारिछा बांध निरीक्षण भवन तथा जनपद हमीरपुर स्थित मौदहा बांध निरीक्षण भवन को पीपीपी मोड पर विकसित कर पर्यटन गतिविधियों के लिए उपयोग में लाये जाने का निर्णय लिया गया है।

## अयोध्या में रामपथ के साथ ही बन रहा राम जन्मभूमि पथ और भक्ति पथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राम** मंदिर के निर्माण के साथ ही पूरी अयोध्या को सजाया और संवारा जा रहा है। योगी सरकार की मंशा है कि जनवरी के प्रथम सप्ताह तक मंदिर निर्माण पूर्ण हो जाए और देश और दुनिया के पर्यटक यहां अपने आराध्य के दर्शन कर सकें। इसके लिए एयरपोर्ट, रेलवे स्टेशन समेत अनेक कनेक्टिविटी का विस्तार हो रहा है। इसी क्रम में सहादतगंज से नया घाट तक करीब 13 किमी लंबे रामपथ का निर्माण कार्य भी प्रगति पर है। साथ ही रामजानकी पथ और भक्ति पथ के निर्माण की भी रूपरेखा तैयार है। ये गलियारे बहुत महत्वपूर्ण हैं, क्योंकि ये क्रमशः श्री राम जन्मभूमि और हनुमान गढ़ी मंदिर तक भक्तों की राह को सुगम बनाएंगे। इन गलियारों की लंबाई 566 मीटर और 700 मीटर होगी। इन पथ के किनारे विभिन्न तरह की नागरिक सुविधाओं

● पथ पर चलकर होंगे प्रभु श्रीराम के दर्शन

का भी निर्माण होगा। रामजन्म भूमि पथ की चौड़ाई 30 मीटर व भक्ति पथ की चौड़ाई 14 मीटर रहेगी। प्रदेश सरकार ने इन पथों के निर्माण में आने वाली विभिन्न चुनौतियों से निपटने के लिए रणनीति तय कर ली है।

योगी सरकार अयोध्या को विश्व की सुंदरतम नगरी बनाने को प्रतिबद्ध है। श्रीराम मंदिर निर्माण की तिथि जैसे ही नजदीक आ रही है, योगी आदित्यनाथ अनेक जगहों पर जाकर खुद ही श्रद्धालुओं को यहां आमंत्रित कर रहे हैं। इसके साथ ही योगी निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा और जायजा भी स्वयं ही ले रहे हैं। उनकी प्राथमिकता है कि यहां आने वाले आगुंतकों की सुविधा में कोई कोर-कसर नहीं होनी चाहिए। सीएम की इसी मंशा के अनुरूप अयोध्या में निर्माण कार्य एवं अवस्थापना सुविधाओं के निर्माण के लिए युद्धस्तर पर कार्य किया जा रहा है। रामपथ, रामजानकी पथ व भक्तिपथ भक्तों को उनके आराध्य तक पहुंचाने का सशक्त माध्यम बनेंगे। यह पथ स्मार्ट सड़क मानकों के अनुरूप तैयार की जा रही है। यहां पानी का ठहराव नहीं होगा।

योगी सरकार ने पथ के निर्माण में कई उपलब्धियां भी दर्ज की हैं। मसलन दो महीने के भीतर सभी बिक्री विलेख पूरे कर लिए गए। अयोध्या के विकास में योगी सरकार का साथ देते हुए सभी दुकानदारों ने बिना किसी प्रतिरोध के अपनी दुकानों को खुद ही श्रीराम के भव्य मंदिर और अवस्थापना सुविधाओं के सृजन के लिए समर्पित कर दिया। इस परियोजना में भी मुआवजा वितरण में अनियमितता की भी कोई शिकायत नहीं है।

## मंत्री ने घायल होमगार्ड का पूछा हालचाल, 50 हजार का सौंपा चेक

**लखनऊ।** प्रदेश के कारागार एवं होमगार्ड्स राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने मथुरा स्थित केडी मेडिकल कालेज पहुंचकर घायल होमगार्ड वीरेन्द्र सिंह से मुलाकात की। उन्होंने घायल होमगार्ड का हालचाल पूछा एवं संस्थान के डॉक्टर से भी चल रहे इलाज के बारे में जानकारी ली। उन्होंने भर्ती होमगार्ड का बेहतर इलाज करने के लिए डाक्टर को निर्देशित किया। प्रजापति ने होमगार्ड वीरेन्द्र सिंह के परिजनों से मिलकर उनका हौसला बढ़ाया एवं बेहतर इलाज के लिए 50 हजार रुपए का चेक भी प्रदान किया। उन्होंने कहा कि इलाज बेहतर हो, इसके लिए हर सम्भव मदद की जायेगी। मुख्यमंत्री सहायता कोष से भी मदद हो सके इसका भी प्रयास किया जायेगा। ज्ञातव्य हो कि 20 मई 2023 को ड्यूटी पर आते समय सामने से आ रहे ट्रैक्टर से होमगार्ड वीरेन्द्र सिंह घायल हो गये थे। जिसकी सूचना जिला कमाण्डेंट मथुरा ने मंत्री को दी। दुर्घटना में होमगार्ड के सर एवं पैर में गंभीर चोटें आयी हैं।

## पुलिस सुविधाओं के लिए 1109.17 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृति

● निर्माण कार्य में शिकायत मिलने पर दोषी कर्मियों के खिलाफ होगी सख्त कार्रवाईः प्रमुख सचिव गृह

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राज्य** सरकार ने जिलों में तैनात पुलिस कर्मियों के लिए आवासीय भवनों हास्टल, बैरक एवं विवेचना कक्ष आदि के निर्माण की स्वीकृति प्रदान करते हुए झांसी, कौशाम्बी एवं एटा के लिए कुल 1109.17 लाख रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी है।

प्रमुख सचिव गृह श्री संजय प्रसाद ने बताया कि पुलिस आधुनिकीकरण के तहत जनपद झांसी के थाना मऊरानीपुर में हास्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष का निर्माण कराये जाने के लिए 232.88 लाख रुपए की धनराशि स्वीकृत की गयी है। उन्होंने बताया कि इसी प्रकार जनपद कौशाम्बी के पुलिस लाइन्स में कर्मचारियो के लिए आवासीय भवनों के निर्माण हेतु 656.47 लाख रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान कर दी गयी है। प्रमुख सचिव गृह ने यह भी बताया कि पुलिस कर्मियों की सुविधा को वरीयता देते हुए मुख्यमंत्री ने जनपद एटा के थाना बागवाला में हास्टल-बैरक एवं विवेचना कक्ष के निर्माण के लिए 219.82 लाख रुपए की धनराशि की स्वीकृति प्रदान की गयी है। संजय प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार स्वीकृत भवनों का निर्माण कार्य निर्धारित मानक एवं पूर्ण गुणवत्ता के साथ कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने यह निर्देश भी दिए हैं कि निर्माण कार्य निर्धारित समयावधि के अन्दर पूर्ण कराया जाए ताकि यथाशीघ्र निर्माण कार्य पूर्ण हो जाने के फलस्वरूप निर्मित भवनों का बेहतर उपयोग हो सके। उन्होंने कड़े निर्देश दिए है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता आदि की कमी पाए जाने पर संबंधित दोषी कर्मियों को बख्शा नही जाएगा।

## प्रयागराज महाकुंभ-2025 के लिए जल्दी जारी होगी थीम और लोगो

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रयागराज** में होने वाले महाकुंभ मेला-2025 को भव्य बनाने के लिए सीएम योगी ने विभागीय अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए हैं। अधिकारियों को निर्देशित किया गया है कि महाकुम्भ मेला-2025 का लोगो और थीम जल्द से जल्द बना लिया जाए। साथ ही प्रयागराज में पर्यटन विभाग द्वारा विभिन्न मंदिरों के सौंदर्यीकरण के अलावा इसके प्रचार-प्रसार और आने वाले भक्तों के लिए नागरिक सुविधाओं का विकास करने पर जोर दिया गया है।

उल्लेखनीय है कि योगी सरकार हर बार की तरह 2025 में होने जा रहे महाकुंभ को भी वृहद स्तर पर आयोजित करने के लिए प्रतिबद्ध है। महाकुंभ-2025 में देश और दुनिया से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं की बुनियादी जरूरतों के साथ ही सरकार उन्हें भव्य और दिव्य महाकुंभ का दर्शन भी कराएगी। प्रयागराज स्थित भारद्वाज आश्रम, द्वादश माधव मंदिर, नागवासुकी मंदिर, दशाश्वमेध मंदिर, मनकामेश्वर मंदिर, अलोपशंकरी मंदिर, पड़िला महादेव मंदिर, पंचकोशी परिक्रमा पथ के अन्तर्गत आने वाले मंदिर, कोटेश्वर महादेव, कल्याणी देवी, डिजिटल कुंभ म्यूजियम, तक्षक तीर्थ, करछना, अक्षयवट या पलापुरी मंदिर, हनुमान मंदिर, फ्लोटिंग जेटी और रेस्टोरेन्ट, राही इलावर्त होटल, त्रिवेणी दर्शन और तीन प्रवेश द्वारा को सौन्दर्यीकरण कराने को कहा गया है। इसके अलावा महाकुम्भ-2025 के प्रचार-प्रसार के लिए ट्रैवल तथा टूर ऑपरेटर्स को आमंत्रित करते हुए कान्क्लेव का आयोजन करने, भारतीय एवं विदेशी भाषाओं में कुंभ के प्रचार-प्रसार के लिए पर्यटन साहित्य का प्रकाशन करने, प्रयागराज में अस्थाई टेन्ट कालोनी की स्थापना करने, आधुनिक सुविधाओं से युक्त अस्थाई बस स्टेशन एवं रेलवे स्टेशन पर पर्यटन सूचना केन्द्र बनाने के निर्देश दिए हैं।

## किसानों को धोखा दे रही भाजपा सरकार

पायनियर सामचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा किसानों को लगातार धोखा दे रही है। केन्द्र में भाजपा सरकार के नौ साल हो गए किसानों की आय दोगुनी नहीं हुई। भाजपा किसानों से झूठे वादे करती है। किसानों को भ्रमित करने के लिए नए-नए कार्यक्रम घोषित करती है। खेती का लागत मूल्य लगातार बढ़ रहा है लेकिन किसान को उनकी फसलों की कीमत नहीं मिल पा रही है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा सरकार में आलू किसान बर्बाद हो गया। गन्ना की लागत बढ़ी पर सरकार ने गन्ने की कीमत नहीं बढ़ायी। गन्ना किसानों का चीनी मिलों पर अभी भी हजारों करोड़ रुपए बकाया है। गन्ना किसान परेशान है। इसी तरह से प्रदेश में किसानों के गेंहू की सरकारी खरीद नहीं हो पायी। सरकारी क्रय केन्द्रों पर सन्नाटा पसरा है।

भाजपा सरकार किसानों को अब मामूली सम्मान निधि के नाम पर भी धोखा दे रही है। किसानों को उनका हक न देने के लिए सरकार तरह-तरह के नियम बनाकर उलझाती है जिससे कि किसान सरकार के बनाए नए-नए नियमों, कानूनों के चक्कर में फंसा रहे।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार की नीयत किसानों के प्रति कभी ठीक नहीं रही। भाजपा किसान विरोधी है। भाजपा सरकार पूंजीपतियों की पोशक है। भाजपा सरकार अपने पूंजीपति मित्रों को नियम कानूनों को ताक पर रखकर फायदा पहुंचा रही है जबकि किसानों को कानूनों में उलझाकर परेशान करती है। भाजपा सरकार किसानों की दुश्मन है। भाजपा की गलत नीतियों के कारण किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। किसान मजबूरन आत्महत्या करने पर मजबूर है।

## छेड़छाड़ से तंग आकर खुदकुशी करने वाली किशोरी के परिजन सपा प्रमुख से मिले

● सपा अध्यक्ष ने न्याय दिलाने का दिया आश्वासन, पीड़ित परिवार को प्रदान किया एक लाख का चेक

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव से बुधवार को जनपद मुरादाबाद के कुंदरकी थाना अन्तर्गत ग्राम पंडिया के पीड़ित परिवार ने मुलाकात की। पीड़ित परिवार की नाबालिग बच्ची ने छेड़छाड़ से तंग आकर आत्महत्या कर ली थी। पीड़ित परिवान को अभी तक न्याय नहीं मिला है। अखिलेश से मिलने के बाद पीड़ित परिवार की उम्मीद जगी है कि दोषियों को कड़ा दंड मिल सकेगा।

सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने पीड़ित परिवार को तत्काल एक लाख रुपए का चेक प्रदान किया और आगे भी न्याय दिलाने का आश्वासन दिया है। इस अवसर पर राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी तथा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम पटेल भी मौजूद थे। मृतक छाया के माता-पिता और भाई के साथ विधायक नगीना मनोज पारस, समाजवादी पार्टी मुरादाबाद के जिलाध्यक्ष डीपी यादव, जिला महासचिव मुदस्सिर खान एवं कय्यूम, अंकित यादव ने भी मुलाकात की। पीड़ित परिवार ने बताया कि वे जाटव परिवार के हैं और उनकी पुत्री छाया (17 वर्ष) कक्षा 12वीं की छात्रा थी जिस पर पड़ोसी विकेश पुत्र प्रमोद बुरी नज़र रखता था। वह अक्सर छेड़छाड़ और अश्लील हरकतें करता था। उसने नहाते समय छाया की अश्लील फोटो भी खींच ली थी। 8 मार्च 2023 को जब दोपहर में छाया घर में अकेली थी विकेश घर में घुस आया और उसने दुष्कर्म की कोशिश की। भाई के आ जाने पर वह तमंचा लहराते भाग गया था। इसकी रिपोर्ट थाना कुंदरकी पर दिए जाने पर भी पहले कोई कार्यवाही नहीं हुई।

## एमओयू एक्सटेंशन से पहले कृषि मंत्री ने परखे फाउंडेशन के क्रियाकलाप

● एचसीएल फाउंडेशन ने मंत्री सूर्य प्रताप शाही के सम्मुख दिया प्रेजेंटेशन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रोजेक्ट** डायरेक्टर एचसीएल फाउण्डेशन, उप सम्भागीय कृषि अधिकारी, सण्डीला जनपद हरदोई के कार्यालय में सेन्टर फार एग्रीकल्चर टेक्नालॉजी ट्रान्सफर की स्थापना के एमओयू की अवधि बढ़ाये जाने से पूर्व फाउंडेशन के प्रतिनिधियों द्वारा कृषि मंत्री के सम्मुख विगत 7 वर्षों से किए जा रहे कार्यों के संबंध में एक प्रस्तुतीकरण दिया। कृषि मंत्री द्वारा फाउंडेशन के कार्यों की गहन समीक्षा करते हुए कहा गया कि पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बुंदेलखंड के कुछ जिलों में भी फाउंडेशन को अपने कार्यों का विस्तार करना चाहिए।

कृषि निदेशालय लखनऊ के सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि एचसीएल फाउण्डेशन द्वारा हरदोई जिले में छोटे तथा मझोले किसानों की सहायता के लिए फसल विविधीकरण पोषण वाटिका, फार्म मशीनीकरण, प्रशिक्षण तथा कृषि उत्पादों के विपणन के लिए जो कार्य किए जा रहे हैं उसका लाभ कम वर्षा वाले कृषि प्रतिकूल क्षेत्रों के जिलों मुख्य रूप से पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बुंदेलखंड में भी किया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि एमओयू की अवधि आगामी 3 वर्षों के लिए बढ़ाए जाने का आवेदन एचसीएल फाउंडेशन द्वारा दिया गया है जिस पर शीघ्र विचार किया जाएगा। इससे पूर्व एचसीएल फाउंडेशन के प्रतिनिधियों ने बताया कि उनके द्वारा हरदोई जिले के 76 हजार किसानों के साथ मिलकर पारंपरिक फसल संवर्द्धन, फसल विविधीकरण, पोषण वाटिका, फार्म मशीनीकरणए कृषि प्रशिक्षण तथा सामुदायिक संस्थान एवं कृषि उपज विपणन के क्षेत्र में विगत 7 वर्षों से निरंतर कार्य किया जा रहा है। जिससे किसानों की लागत में कमी तथा आय में कुल 5 गुना तक वृद्धि हुई है। फाउंडेशन द्वारा कृषि उत्पादों की बेहतर कीमत प्राप्त कराने के लिए 300 किसान समूहों के माध्यम से विपणन कार्य भी किया जा रहा है। फाउंडेशन आगामी दिनों में पर्यावरण अनुकूल सुनियोजित प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रयास कर रही है। इसके साथ ही एग्री इनफॉरमेशन सेंटर बनाकर कृषि तथा कृषकों के उन्नयन की सभी सूचनाओं को एक प्लेटफार्म पर उपलब्ध कराने की योजना को भी क्रियान्वित किया जा रहा है।

## यूपी में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या सात वर्षों में दस गुना बढ़ी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

● 70 जिलो में 110000 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती का कार्य प्रारम्भ करने जा रही सरकार



**उत्तर** प्रदेश सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के जरिए जैविक-प्राकृतिक खेती को दिए जाने वाले प्रोत्साहन से यूपी के किसान जैविक खेती के मुरीद हो गए हैं। मात्र सात वर्षों में इस खेती से जुड़ने वाले किसानों की संख्या में 10 गुने की वृद्धि इसका प्रमाण है।

सरकार की ओर से मिले आंकड़ों के अनुसार उत्तर प्रदेश प्रदेश में वर्ष 2015-2016 में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या 28750 थी। 2022-2023 में यह बढ़कर 289687 हो गई। वृद्धि की यही रफ्तार जारी रही तो 2023-2024 में जैविक खेती करने वाले किसानों की संख्या 3 से 4 लाख तक पहुंच जाएगी। अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष के मद्देनज़र सरकार जिस तरह मोटे अनाजों की जैविक खेती पर जोर दे रही है, उससे इस तरह की खेती की संभावना और बढ़ जाती है। क्योंकि मोटे अनाजों की प्रमुख फसलें सावां, कोदो, मडुआ/रागी, टांगुन एवं बाजरा आदि परंपरागत रूप से प्राकृतिक तरीके से उगाई जाती रहीं हैं। न्यूनतम पानी, खाद, प्रतिकूल मौसम में भी उगना, रोगों एवं कीटों के प्रति प्रतिरोधी होना इनकी खूबी रही है। ऐसे में थोड़ी सी तकनीक की मदद से इनकी जैविक एवं प्राकृतिक खेती परंपरागत फसलों की तुलना में अधिक संभावना वाली है। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ किसानों एवं कृषि वैज्ञानिकों से जब भी रूबरू होते हैं, प्राकृतिक, जैविकए गो आधारित जीरो बजट खेती की बात जरूर करते हैं। उनके कहने का लब्बोलुआब यह होता है कि अब हम हरित क्रांति से आगे की खेती के बारे में सोचें। ऐसी खेती जो शाश्वत एवं इकोफ्रेंडली हो। जिसमें जनए जल जमीन को कोई क्षति न पहुंचे। ऐसा दुनिया के वजूद के लिए जरूरी है। इसका एक मात्र विकल्प है विषमुक्त जैविक खेती। ऐसी खेती जिसमें किसी तरह के रासायनिक उर्वरकों एवं जहरीले कीटनाशकों की जरूरत न हो। कुछ महीने पहले एक कार्यक्रम में योगी ने प्राकृतिक खेती का जिक्र करते हुए कहा कि राज्य सरकार प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए नियोजित प्रयास कर रही है। इसके तहत अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप जैविक और प्राकृतिक उत्पादों के सत्यापन के लिए सभी मंडल मुख्यालयों पर टेस्टिंग लैब स्थापित कराए जाएंगे। चरणबद्ध रूप से कृषि विज्ञान केंद्रों पर टेस्टिंग लैब स्थापित किए जाएंगे। इस कार्य को शीर्ष प्राथमिकता के साथ पूरा किया जाएगा।

दरअसल मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ उत्तर प्रदेश को जैविक खेती के लिहाज से भारत का हब बनाना चाहते हैं। इसकी खासी संभावना भी है। मसलन जिस इंडो गंगेटिक बेल्ट का शुमार दुनिया की उर्वरतम भूमि में होता है, उसका अधिकांश हिस्सा उत्तर प्रदेश में ही आता है। वर्ष पर्यंत बहने वाली गंगा, यमुना, सरयू जैसी नदियां और हर तरह की खेतीबाडी के लिए उपयुक्त 9 तरह के कृषि जलवायु क्षेत्र (एग्रो क्लाइमेट जोन) के कारण उत्तर प्रदेश ऐसा करने में सक्षम है। इस बाबत लगातार प्रयास भी जारी हैं। प्रदेश सरकार किसानों को अधिक से अधिक लाभ पहुचाने के उद्देश्य से राज्य के 70 जिलों में 110000 हैक्टेयर से अधिक क्षेत्रफल में प्राकृतिक खेती का कार्य प्रारम्भ करने जा रही है। प्रदेश में जैविक खेती के लिए भरपूर बुनियादी सुविधाएं पहले से मौजूद हैं।

सरकार इन सुविधाओं में लगातार विस्तार भी कर रही है। मसलन जैविक खेती का मुख्यालय नेशनल सेंटर फॉर ऑर्गेनिक फॉर्मिंग (एनसीओएफ) गाजियाबाद में स्थित है। देश की सबसे बड़ी जैविक उत्पादन कंपनी उत्तर प्रदेश की ही है। यहां प्रदेश के एक बड़े हिस्से में अब भी परंपरागत खेती की परंपरा है। गंगा को प्रदूषण मुक्त करने के लिए इसके किनारों पर जैविक खेती की संभावनाओं को और बढ़ा देती है। 2017 के जैविक खेती के कुंभ के दौरान भी एक्सपर्ट्स ने गंगा के मैदानी इलाकों को जैविक खेती के लिए आरक्षित करने की संस्तुति की थी।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 25 मई, 2023



# समीक्षा बैठक में काफी सख्त नजर आए डीएम

संवाददाता। सीतापुर

- डीएम ने तत्काल आधार कार्ड बनवाने का दिया निर्देश
- परिषदीय विद्यालय के कायाकल्प के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की देखी प्रगति रिपोर्ट
- सभी स्कूलों में पेयजल, शौचालय की स्थिति में लाया जाय सुधार, बच्चों के हैण्डवॉश के लिए हो उचित व्यवस्था,- जल जीवन मिशन के अन्तर्गत स्कूलों में हो पानी की हो आपूर्ति

**प्रोजेक्ट** अलंकार योजनान्तर्गत माध्यमिक शिक्षा, जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स की समीक्षा बैठक में डीएम काफी सख्त नजर आए। कलेक्टेªट सभागार में बैठक के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह ने परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक विद्यालय के कायाकल्प के अन्तर्गत कराये गये कार्यों की प्रगति रिपोर्ट देखी। उन्होंने संबंधित से स्कूल में पेयजल एवं शौचालय की स्थिति की जानकारी लेते हुये निर्देश दिये कि सभी स्कूलों में पेयजल एवं शौचालय की स्थितियों में सुधार लाया जाये, इसके बिना स्कूल अनुपयोगी है। जिन स्कूलों में शौचालय नहीं बने हैं उन स्कूलों में प्राथमिकता पर शौचालय बनाया जाना सुनिश्चित किया जाये, साथ ही बच्चों के हैण्डवाश के लिये उचित व्यवस्था की जाये। उन्होंने संबंधित को निर्देश दिये कि सभी स्कूलों का निरन्तर निरीक्षण करते रहे। जलापूर्ति के लिये हैण्डपम्प की जानकारी लेते हुये कहा कि स्कूल में टंकी रखकर पाईप लगाते हुये पानी की समस्या दूर की जाये तथा जल जीवन मिशन के अन्तर्गत भी स्कूलों में पानी की आपूर्ति की जाये। कक्षाओं में टायलीकरण, विद्युत, विद्युत वायरिंग, उपकरण एवं संयोजन का भी कार्य कराया जाये। उन्होंने कहा कि जिन-जिन स्कूलों में रंगाई-पुताई सही ढंग से नही है वहां भी कार्य सही ढंग से कराया जाये तथा स्कूल की बाउन्ड्रीवाल एवं फर्नीचरों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को स्कूलों में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देते हुये इसे गुणवत्तापरक ढंग पूर्ण किये जाने हेतु निर्देशित किया। कार्यों में गुणवत्ता से संबंधित जो भी शिकायतें आ रही उसका निस्तारण किया जाये। जर्जर स्कूलों या भवनों की नीलामी से पूर्व उसका मूल्यांकन सही ढंग से किया जाये। स्कूल चलो अभियान के तहत नामांकन की स्थिति में सुधार के निर्देश देते हुये कहा कि ज्यादा से ज्यादा नामांकन किये जाये व इसका प्रेरणा पोर्टल पर भी रजिस्ट्रेशन कराया जाये। उन्होंने कहा कि जिन बच्चों का आधार कार्ड किन्हीं कारणों से नही बन पाया हो, उनका आधार कार्ड तत्काल बनवाया जाये ताकि बच्चों के लिये जो पैसा खातों में पहुंचाया जा रहा है वह आसानी से पहुंच सके। पाठ्य पुस्तक वितरण की जानकारी लेते हुये उन्होंने संबंधित को निर्देशित करते हुये कहा कि पाठ्य पुस्तक की आपूर्ति बच्चों के घर पर जाकर की जाये, जो बच्चे स्कूल नही आ रहे है उनके अभिभावकों से मिलकर इस संबंध में उनसे जानकारी ली जाये। दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं नामांकन की जानकारी के साथ-साथ उपस्थिति की भी जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जो दिव्यांग बच्चे स्कूल नही आ पा रहे हैं तो ऐसे बच्चों के घरों पर स्पेशल एजुकेटर जा उनको शिक्षित करें। उन्होंने विद्यालयों के शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की उपस्थिति की प्रगति की जानकारी लेते हुये कहा कि जहां-जहां पर बच्चों की उपस्थिति कम है तो उसके कारण की जानकारी करते हुये स्कूलों में बच्चों की उपस्थिति शतप्रतिशत सुनिश्चित करायी जाये। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी अक्षत वर्मा, जिला पंचायत राज अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी अजीत कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी संजय कुमार प्रसाद सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाइक की टक्कर से स्कूटी सवार की मौत

**बरेली।** मोटरसाइकिल और स्कूटी के बीच हुई टक्कर में स्कूटी सवार की मौके पर ही मौत हो गई और बाइक सवार घायल हो गया पुलिस ने घायल को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया और मृतक के शव को शिनाख्त के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेजा प्रेम नगर थाना क्षेत्र के सुर्खा बानखाना स्थित आजाद नगर निवासी मनोज गुप्ता के 27 वर्षीय बेटे सुबोध गुप्ता की कल शाम भुता के कमुआ मोड़ पर हुई सड़क दुर्घटना में मौत हो गई पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के घर वालों ने बताया कि सुबोध सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम करता था और कल दिन में कैमरा लगाने के लिए ही वह स्कूटी से भूता गया था जहां से काम समाप्त होने के बाद वह शाम को घर वापस लौटने के लिए चला था लेकिन कुछ दूर चलने के बाद कमुआ मोड़ पर तेजी से आ रही एक मोटरसाइकिल ने उसकी स्कूटी को टक्कर मार दी जिससे दोनों वाहन जमीन पर गिर पड़े ।

# मेधावी छात्र अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

संवाददाता। मोहम्मदी खीरी



**नगर** के दून पब्लिक स्कूल, दिलावरपुर, मोहम्मदी खीरी में बुधवार को मेधावी छात्र अलंकरण समारोह संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में सी0बी0एस0ई0 बोर्ड परीक्षा 2023 में जिला लखीमपुर खीरी में द्वितीय स्थान प्राप्त गुरकीरत सिंह एवं षष्ट्म स्थान प्राप्त कुशाग्र शुक्ला विद्यालय के द्वारा मुख्य अतिथि की गरिमामयी उपस्थित में लैपटाप देकर दोनों छात्रों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा कक्षा 12 व कक्षा 10 के विभिन्न छात्र जिन्होनें 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किये उनको भी विद्यालय प्रबंधन द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। उपरोक्त कार्यक्रम में विद्यालय प्रबंधक डा0 गुरमेजर सिंह ने कहा कि बच्चें गीली मिट्टी का भांति होते है हमारा विद्यालय उनको सही आकार देने के लिए भरपूर प्रयास कर रहा है और इस प्रयास में हम सफल भी रहे है। बच्चों का भविष्य बनानेए बेहतर शिक्षा देने व शिक्षा के क्षेत्र में मोहम्मदीए जिले व प्रदेश में मोहम्मदी का नाम रोशन करने के लिए हम तन.मन.धन से समर्पित रहेगें। इस अवसर पर प्रधानाचार्या श्रीमती कविता शर्मा ने संबोधित करते हुए कहा कि विद्यालय बच्चों के सर्वागीण विकास के लिए हमेशा नित नये प्रयोग करता रहेगा और भविष्य में इससे बेहतर परिणाम देगा मैं इस विश्वास के साथ बच्चों के बहुमुखी विकास के लिए कार्य करती रहूँगी। इस अवसर पर आवासीय निर्देशिका सुरेन्द्र कौर ने बच्चों के स्वर्णिम भविष्य के लिए बच्चों के साथ.साथ उनके माता.पिता व गुरूजन भी बधाई के पात्र हैं जिन्होनें अपने सम्पूर्ण प्रयास से बेहतर परिणाम दिये। कार्यक्रम में चेयरमैन गुरूप्रीत सिंह ने कहा कि बच्चों के विकास के लिए विद्यालय प्रबंधन हमेशा तत्पर रहेगा और बच्चों के सर्वागीण विकास व बेहतर शिक्षा देने का हमारा प्रयास आगे भी जारी रहेगा। इस अवसर पर काफी संख्या में विद्यार्थी अपने अभिभावकों के साथ उपस्थित रहें साथ ही शिक्षक सतनाम सिंह, शिवओम दीक्षित, सरताज खान, रजनीश कुमार, शोभित मिश्रा,मनोज मौर्या, उपेंद्र शर्मा, रजन दीप कौर, अंकित दीक्षित, वाशिद अली सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# प्रभारी मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने दिव्यांग जनों को वितरित किए उपकरण और व्हील चेयर

- विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा कर अधिकारियों को दी हिदायत

संवाददाता। शाहजहांपुर





**जनपद** के दो दिवसीय भ्रमण पर आए राज्य मंत्रीं (स्वतंत्र प्रभार), नरेन्द्र कश्यप बुधवार को विकास भवन परिसर में दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, व्हील चेयर, श्रवण यंत्र एवं बैसाखी वितरित की। उन्होंने 15 दिव्यांगजनों को ट्राई साइकिल, 5 दिव्यांगजनों को व्हील चेयर, 5 दिव्यांगजनों को श्रवण यंत्र एवं 5 जोड़ा बैसाखी का वितरण किया।

## अधिकारियों को दी हिदायत

**प्रभारी** मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने विकास भवन सभागार में संबंधित अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक कर विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक के दौरान प्रभारी मंत्री ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनता को केंद्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा संचालित सभी लाभार्थीपरक योजनाओं का पूर्ण लाभ पात्रों को मिले यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार प्रदेश के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत गंभीर है। सभी अधिकारियों को टीम भावना से कार्य करने के लिए प्रेरित करते हुए प्रभारी मंत्री ने कहा कि जनपद के सर्वांगीण विकास से ही प्रदेश और देश का सर्वांगीण विकास संभव है। उन्होंने सभी अधिकारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि सभी के सम्मिलित प्रयास से जनपदवासियों को सभी योजनाओं का पूर्ण लाभ समय से मिल सकेगा। मा. मंत्री जी ने उर्वरकों की उपलब्धता, ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन, स्मार्ट सिटी योजना, आवास योजनाओं, पेंशन योजनाओं, जल जीवन मिशन, राशन वितरण, गेहूं खरीद, निवेश मित्र, राजस्व संग्रह, कन्या सुमंगला योजना, सामाजिक वनीकरण, आपरेशन कायाकल्प, कौशल विकास मिशन आदि योजनाओं की विस्तारपूर्वक समीक्षा की।

# तीसरे बड़े मंगल पर भंडारों की रही धूम

- लहरपुर में पूर्व विधायक सुनील वर्मा ने किया भंडारा, विधि-विधान से हुआ सुंदरकांड पाठ
- मिश्रिख में विधायक रामकृष्ण भार्गव भंडारे में हुए शामिल

संवाददाता। सीतापुर

**जेष्ठ माह** के तीसरे बड़े मंगल पर भोर से ही पूजन अर्चन का दौर शुरु हो गया था। भक्तों ने हनुमान मंदिरों में सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का पाठ किया। शहर सहित नगरों कस्बों और ग्रामीण अंचल में जगह-जगह स्टाल लगाकर भंडारे का प्रसाद वितरित किया गया। पूरे दिन भक्तिगीत व भजन गुंजाएमान होते रहे। मंदिरों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। तहसील लहरपुर परिसर के सामने स्थित पक्का तालाब तीर्थ पर स्थित हनुमान मंदिर में पूर्व विधायक सुनील वर्मा द्वारा हनुमंत लाल की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई। सुंदरकांड हनुमान चालीसा पाठ के साथ विशाल भंडारा हुआ है जिसमें हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। पूर्व विधायक सुनील वर्मा द्वारा आयोजित भंडारे में सीतापुर सांसद राजेश वर्मा, नगरपालिका लहरपुर के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हाजी जावेद अहमद, ब्लाक प्रमुख लहरपुर उमाशंकर वर्मा, ब्लाक प्रमुख परसेंडी राजेन्द्र राजवंशी, तहसीलदार शशिबिदुं द्विवेदी नायब तहसीलदार ज्ञानेन्द्र सिंह, कोतवाली प्रभारी आलोक मणि त्रिपाठी, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका लहरपुर अनिरुद्ध कुमार पटेल, सिया डिग्री कालेज प्रवक्ता डाक्टर सुधाकर वर्मा, जयकुमार वर्मा, गिरजेश गुप्ता, अवर अभियंता समरा सयैद, पूर्व प्रमुख परमेश्वर भार्गव, सुरेश गुप्ता, डाक्टर राघवेन्द्र प्रताप सिंह, बबलू, विशाल श्रीवास्तव, राजू लाला, वीरेन्द्रपुरी, राजेश्वर रस्तोगी, भगवानदीन त्रिवेदी, बार एसोसिएशन अध्यक्ष देवेन्द्र पांडेय, महामंत्री श्रवण कुमार जायसवाल, भाजपा नेता मनोज गुप्ता, महेन्द्र अवस्थी, संजय शुक्ला, अखिलेश दीक्षित, संजय अवस्थी, मोहम्मद जुवैद, उदित बाजपेई, मनीष शुक्ला, उत्तम वर्मा, नरेन्द्र वर्मा, रामू वर्मा, रामलखन वर्मा, रामू सेठ, संतोष शुक्ला, सलिल श्रीवास्तव, सदस्य जिला पंचायत राजकिशोर, शुभम भट्नागर सहित भारी संख्या में क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।- धार्मिक नगरी मिश्रिख में नहर चौराहा पर स्थित बड़ा हनुमान मंदिर तहसील कार्यलाय के पीछे गुफापुरवा में स्थित हनुमान मंदिर, ग्राम जसरतपुर में स्थित हनुमान मंदिर, सिधौली रोडपर रेलवे फाटक के पास स्थित हनुमान मंदिर में भक्तो की भारी भीड़ उमड़ीक। नगर में भक्तो ने जगह-जगह स्टाल लगाकर पूड़ी सब्जी, कढ़ी चावल, बूंदी, शरबत का वितरण किया। तहसील मुख्यालय के पीछे स्थित हनुमान मंदिर पर आयोजित भंडारे में मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव शामिल हुए। ग्राम नरसिधौली फार्महाउस पर श्रीश द्विवेदी, सिधौली रोड पर चेयरमैन प्रतिनिधि प्रदीप सिंह ने भंडारे का आयोजन किया।

## क्विक न्यूज

### फांसी पर लटका मिला गर्भवती महिला का शव, हत्या का आरोप

**बरेली।** एक गर्भवती महिला का शव उसकी ससुराल में फांसी पर लटका पाया गया। मायके वालों ने पति और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस से शिकायत की। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी । फरीदपुर थाना क्षेत्र के गांव नगरिया कला निवासी संजीव यादव की पत्नी विमला की लाश आज सुबह शाहजहां पुर के बंडा थाना क्षेत्र के गांव भोरखेड़ा निवासी उसके मायके वालों को ससुराल में छत के कुंडे से बंधे दुपट्टे के सहारे फांसी पर लटकी मिली पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मायके वालों ने बताया कि विमला का विवाह लगभग 7 वर्ष पूर्व संजीव यादव से हुआ था दोनों में अक्सर किसी ना किसी बात को लेकर झगड़ा होता था विमला के कोई भी बच्चा नहीं था लेकिन वह इस समय गर्भवती थी बताया जाता है कि कल दिन में विमला और संजीव यादव के बीच किसी बात को लेकर झगड़ा हो गया तब संजीव यादव ने उसकी जमकर पिटाई कर दी जिससे उसकी मौत हो गई लेकिन घटना को आत्महत्या का रूप देने के लिए पति संजीव ने विमला के शव को फांसी पर लटका दिया और घरवालों के साथ फरार हो गया सुबह होने पर गांव के रहने वाले रिश्तेदारों ने विमला के मायके वालों को घटना की जानकारी दी तब वह मौके पर पहुंचे और घटना की शिकायत पुलिस से करते हुए पति और ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

### 27 को आएंगे जितिन और जयवीर

**मैगलगंज खीरी।** मैगलगंज कस्बे के पाइप सेंटर में 27 मई को दिन में 2 बजे उत्तर प्रदेश सरकार के लोक निर्माण मंत्री जितिन प्रसाद एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह जी आ रहे हैं। वह कई सड़क निर्माण का लोकार्पण करेंगे साथ ही क्षेत्र को कुछ नई सौगात भी देंगे।यह जानकारी भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद जुगल किशोर जी ने दी। उन्होंने क्षेत्र के लोगों से 27 मई को 2 मैगलगंज कस्बे के पाइप सेंटर पहुंचने की अपील की।

### अवैध संबंध के चलते हत्या का आरोप, खेत में मिले कंकाल

**बरेली।** बीती 23 फरवरी को घर से गायब हुए व्यक्ति का बीती 14 मई को खेत में पड़ा हुआ शव मिला। परिजनों का आरोप है कि मोहल्ले की ही एक महिला से उसके अवैध संबंध थे जिसके चलते महिला और उसके परिजनों ने उसकी हत्या की है। फिलहाल मृतक के परिजन थाने और पुलिस के अधिकारियों के चक्कर लगा रहे हैं , मगर अभी तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया है।थाना हाफिजगंज क्षेत्र के मोहल्ला बाजार निवासी अकबर हुसैन पुत्र हुसैन बख्श में एसएसपी ऑफिस पहुंचकर शिकायती प्रार्थना पत्र दिया कि मोहल्ले की रहने वाली एक महिला से उसके भाई सत्तार हुसैन के अवैध संबंध थे, जिसके चलते हो उस महिला के घर पर ही रहता था कई कई दिनों तक अपने घर नहीं आता था। महिला से जब इस बाबत परिजनों ने शिकायत की तो महिला ने कहा कि उसे बुलाया नहीं जाता है वह खुद मेरे पास आता है। महिला से अवैध संबंधों की भनक जब महिला के परिजनों को हुई तो उन लोगों ने सत्तार को तरह-तरह की धमकियां दी।सत्तार हुसैन के भाई अकबर हुसैन ने बताया कि बीती 23 फरवरी को सत्तार हुसैन उसी महिला के घर में जाता हुआ देखा गया और उसके बाद उसका कोई पता नहीं चला। महिला से जब सत्तार हुसैन के बारे में पूछा गया तो उसने भड़कते हुए कहा कि आइंदा मेरे पास सत्तार के बारे में पूछने मत आना। परिजनों ने इस बाबत थाना हाफिजगंज में अपने भाई के गुमशुदा होने की तहरीर दी। मगर सत्तार हुसैन का कोई पता नहीं लगा।सत्तार हुसैन के भाई अकबर हुसैन ने बताया कि महिला व उसके के पति नन्ने शाह, उसकी मां असगरी, उसके भाई मुनव्वर शाह, छोटा शाह व मोहम्मद शाह पुत्र बुंदा शाह ने ही उसके भाई सत्तार हुसैन की हत्या की है। परिजनों ने इस बाबत थाना हाफिज गंज में महिला और उसके परिजनों के खिलाफ मुकदमा लिखने के लिए प्रार्थना पत्र दिया परंतु पुलिस ने मुकदमा नहीं लिखा, जिसके बाद बुधवार को अकबर हुसैन ने एसएसपी ऑफिस पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा लिखने की गुहार लगाई है।

### एमए प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं ने दिया सीनियर्स को फेयरवेल

**शाहजहांपुर।** एम0ए0 पूर्वार्द्ध हिंदी के छात्र-छात्राओं ने एम0ए0 उत्तरार्द्ध का विदाई समारोह आयोजित किया। गांधी फैज-ए-आम कॉलेज के कमेटी हाल में आयोजित इस कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं की रंगारंग प्रस्तुतियों ने समाँ बाँध दिया। कार्यक्रम का आरंभ फरीन और नेहा खानम के स्वागत गीत से हुआ। कोमल ने गीत के माध्यम से गुरु वंदना प्रस्तुत की। यशवर्द्धन ने गीत और नूर बी ने गजल सुनाई। शिवांगी, रोहित और रोली ने गीत और कविताएँ सुनाईं। आसना ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ पर अपने विचार प्रस्तुत किए। सबीना ने पिता पर भावनात्मक कविता प्रस्तुत की।



अमित सैनी ने हास्य कविताएँ सुनाईं। शैलजा ने मधुशाला की रुबाइयाँ सुनाईं। रामकृपाल ने अपने मुक्तकों के माध्यम से आधुनिक युग की तस्वीर प्रस्तुत की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने एक-दूसरे को टाइटिलों से नवाजा और गिफ्ट भी प्रदान किए। उत्तरार्द्ध के सुशील कुमार को मिस्टर फेयरवेल और छवि को मिस फेयरवेल चुना गया। प्राचार्य डॉ0 मोहम्मद तारिक ने कहा- शिक्षा की सफलता इस बात में निहित है कि उसे अमली तौर पर जिंदगी में उतारा जाए। आज समाज जिस दौर से गुजर रहा है, उसमें हम सबकी जिम्मेदारियाँ बढ़ गई हैं। एक प्रबुद्ध नागरिक होने के नाते हमारा कर्तव्य है कि हम अपने दायित्व का भलीपूर्वक निर्वाह करें। हिंदी विभागाध्यक्ष डॉ0 फैयाज अहमद ने कहा कि मनुष्य आजन्म विद्यार्थी की ही भूमिका में रहता है। जीवन की प्रत्येक घटना हमें कुछ न कुछ सिखाती है।

### साली से नाराज जीजा ने साली के अश्लील चिपकाए पोस्टर, रिपोर्ट दर्ज

**बरेली।** थाना प्रेमनगर क्षेत्र में में साली से नाराज जीजा ने साली के अश्लील फोटो एडिट कर पोस्टर रात में मोहल्ले में चिपकाकर चला गया। सुबह जानकारी होने पर पोस्टर देख परिवार से लेकर मोहल्ले वालों को भी शर्म आई। प्रेमनगर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। थाना प्रेमनगर के शाहाबाद निवासी महिला ने बताया उसके जीजा जलीस अहमद बहेड़ी के मोहल्ला गौटिया में रहते है। वह किसी बात से नाराज थे। खुन्नस खाकर 20 मई की रात दो बजे वह उनके मोहल्ला शाहबाद में पहुंचा। यहां उसने अश्लील फोटो को एडिट और फोटो पर टिप्पणी लिखते हुए पोस्टर मोहल्ले में चिपका दिए। सुबह छह बजे लोगों ने देखा तो फौरन उनके घर में आकर सूचना दी। महिला की सास को बताया कि तुम्हारी बहू के बारे में कोई अश्लील पोस्टर चिपका गया है। पीड़िता ने अपने जीजा पर पूरा शक जताकर प्रेमनगर थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही है।पीड़िता ने बताया कि जब उन्हें इस बात की जानकारी हुई तो उन्होंने पोस्टर देखा। पोस्टर में आरोपी ने उनका चेहरा एडिट किया था। साथ ही आपत्तिजनक टिप्पणी भी की थी। यह देखकर पूरे मोहल्ले की भीड़ जुट गई। आरोपी को फोन किया लेकिन उसका फोन बंद जा रहा है।

# 31 मई को उत्सव में युवा दिखाएंगे हुनर

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**नेहरू** युवा केंद्र लखीमपुर खीरी के तत्वावधान में जिला युवा उत्सव का आयोजन 31 मई को पंण् दीनदयाल उपाध्याय इंटर कॉलेज ;सीबीएसई बोर्डद्ध में किया जाएगा। इसमें युवाओं को चित्रकला प्रतियोगिताए कविता लेखनए मोबाइल फोटोग्राफीए भाषण प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम जैसी विधाओं में अपना हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। इसमें चयनित प्रतिभागी राज्य स्तर व फिर राष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। उक्त आशय की जानकारी जिला युवा अधिकारी ने दी। उन्होंने बताया कि प्रतियोगिता में भाग लेने हेतु इच्छुक युवा 25 मई को शाम 05 बजे तक पंजीकरण ऑफलाइन व ऑनलाइन करा सकते हैंए ऑनलाइन पंजीकरण बेहद आसान है विभाग के व्हाट्सएप नंबर 7318170175 पर युवा उत्सव इंडिया2047 लिख कर भेजने पर पंजीकरण का लिंक व क्यूआर कोड एवं प्रतियोगिताओं की पूर्ण जानकारी तत्काल मिल जाएगी। जिसे स्कैन करने पर गूगल फॉर्म खुलेगा। इसमें मांगी गई सूचनाएं भर कर के सबमिट करते ही पंजीकरण हो जाएगा। युवा उत्सव में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के छात्र. छात्राएं या गैर स्कूली कोई भी युवा भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को विभाग द्वारा प्रतिभागिता सर्टिफिकेट एवं एक.एक टी.शर्ट दी जाएगी। चित्रकला प्रतियोगिताए मोबाइल फोटोग्राफीए कविता लेखन प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीयए तृतीय विजेता को क्रमश 1000ए 750ए 500 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। भाषण प्रतियोगिता के प्रथम, द्वितीय, तृतीय विजेता को क्रमश: 5000, 2000, 1000 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। वही संस्कृतिक कार्यक्रम की प्रथम, द्वितीय, व तृतीय विजेता टीमों को क्रमश 5000, 2500, 1250 रुपए का नगद पुरस्कार दिया जाएगा। युवा उत्सव मे आने वाले युवाओं को कौशल विकास, स्वास्थ्य, वन, पर्यटक, सेवायोजन, कृषि, क्रीडा, खादी ग्राम उद्योग, बाल विकास एवं पुष्टाहारए एवं शिक्षा विभाग आदि विभागों के द्वारा स्टाल लगाकर संबंधित विभागों के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी जाएगी।

# निकाय अध्यक्ष 26 और 27 मई को लेंगे शपथ

संवाददाता ।लखीमपुर खीरी

- डीएम ने नामित किए अफसर

**जिलाधिकारी** महेंद्र बहादुर सिंह ने प्रमुख सचिव, उप्र शासन, नगर विकास लखनऊ द्वारा निर्गत शासनादेश में दिये निर्देश के क्रम में नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 43घ में निर्धारित विधि व्यवस्था के अनुसार जनपद लखीमपुर खीरी की समस्त 12 नगर निकायों ;चार नगर पालिका परिषद एवं आठ नगर पंचायतद्ध में नव निर्वाचित अध्यक्ष एवं सभासद को पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण कराये जाने के लिए अधिकृत अधिकारियों को नामित करते हुए निकायवार तिथिया नियत की है। डीएम ने बताया कि 26 मई को नपाप लखीमपुर में उप जिलाधिकारी सदरए नपं ओयल ढखवा में अपर उप जिलाधिकारी लखीमपुरए नपं बरवर में उप जिलाधिकारी मोहम्मदीए नपं निघासन और सिंगाही भेडौरा में उप जिलाधिकारी निघासन पद एवं गोपनीयता की शपथ ग्रहण के लिए नामित किया है। वही 27 मई को नपं खीरी में अतिण् उपजिलाधिकारी लखीमपुरए नपाप मोहम्मदी में उप डीएम मोहम्मदी, नपाप गोला गोकर्णनाथ व नपं मैलानी में एसडीएम गोला, नपाप पलिया व नपं भीरा में एसडीएम पलिया, नपं धौरहरा में एसडीएम धौरहरा को शपथ ग्रहण कराये जाने के लिए नामित किया है।

# डंपर से कुचल कर बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत

संवाददाता। शाहजहांपुर

- हादसे के बाद चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया
- करीब एक घंटे तक दोनों ओर लंबा जाम लगा रहा

**तेज** रफ्तार डंपर ने साइकिल सवार 12 साल के बच्चे को कुचल दिया। बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर मौके से फरार हो गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने परिजनों को फोन पर जानकारी दी। करीब एक घंटे तक दोनों ओर लंबा जाम लगा रहा। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर यातायात सुचारु कराया। थाना पुवायां क्षेत्र के मोहल्ला हरदयाल कूचा निवासी अनिल कुमार का 12 साल का बेटा राम सोनी साइकिल से दाल लेने के लिए दुकान पर जा रहा था। दुकान मुख्य मार्ग पर होने के कारण बच्चा साइकिल से मुख्य मार्ग की तरफ चला गया तभी तेज रफ्तार से आए डंपर ने साइकिल से जा रहे बच्चे को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि बच्चे की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद चालक डंपर लेकर फरार हो गया। बच्चे का शव रोड पर पड़ा होने के कारण काफी भीड़ इकट्ठा हो गई और दोनो ओर लंबा जाम लग गया। सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और परिजनों को सूचना दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद जाम खुलवाया। सीओ पंकज पंत ने बताया कि वाहन ने साइकिल सवार को टक्कर मारी है। वाहन चालक की तलाश की जा रही है।

# मरीजों से अभद्रता के खिलाफ राजकीय मेडिकल कॉलेज के बाहर हुआ धरना

संवाददाता। शाहजहांपुर

**राजकीय** मेडिकल कॉलेज में सामाजिक संगठन जनता की आवाज संगठन के पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने मेडिकल कॉलेज के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान स्वास्थ विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की गई। पदाधिकारियों ने कहा कि, ऑप्रेशन के नाम पर मरीजों से रुपये की वसूली जा रही सामाजिक संगठन जनता की आवास के अध्यक्ष संदीप गुप्ता के नेतृत्व में तमाम पदाधिकारियों ने राजकीय मेडिकल कॉलेज के बाहर धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि, मरीजों के साथ लगातार राजकीय मेडिकल कॉलेज में अभद्रता की जा रही है। जिन मरीजों के रुपये जमा नही हो पाते उनको अस्पताल से बाहर निकाल दिया जाता है, लेकिन अब संगठन की तरफ से मरीजों की लड़ाई लड़ी जाएगी।संदीप गुप्ता ने कहा कि, गरीब मरीजों से रुपये वसूले जा रहे हैं। मरीजों को दवाए बाहर से लिखी जा रही हैं। राजकीय मेडिकल कालेज का दर्जा मिलने से क्या फायदा हुआ। यहां नर्स मरीजों के साथ अभद्रता करती हैं। तमाम अधिकारी मिलकर भ्रष्टाचार फैलाकर योगी सरकार को बदनाम कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि, सामाजिक संगठन जनता की आवास के पदाधिकारी मरीजों के साथ खड़े हैं। उनकी लड़ाई मिलकर लड़ेंगे। मांगे नही मानी गई तो, राजकीय मेडिकल कालेज के बाहर भूख हड़ताल की जाएगी। करीब पांच साल पहले जिला अस्पताल को राजकीय मेडिकल कॉलेज का दर्जा दिया गया था। तब दावा किया गया था कि, जिले की गरीब जनता को अब ऑप्रेशन के नाम पर रेफर नही किया जाएगा और हर तरह का इलाज अब शहर में किया जाएगा। इससे यहां की जनता को काफी राहत मिलेगी, लेकिन सिस्टम में कोई बदलाव नही हो सका ।

# सीएमओ और एसीएमओ ने सीएचसी का किया निरीक्षण

**लखीमपुर खीरी।** प्रधानमंत्री मातृत्व सुरक्षित अभियान के दृष्टिगत बुधवार को अपरान्ह 01रू30 पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नकहा खीरी का औचक निरीक्षण सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता और एसीएमओ डॉ अश्विनी कुमार द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान चिकित्सालय में अधीक्षक सीएचसी नकहा डा रामू सिंहए डॉ हरीराम वर्माए अस्थि रोग विशेषज्ञ एवं डॉ सुभाष वर्माए चिकित्सा अधिकारी उपस्थित मिले। एसीएमओ डॉ अश्वनी कुमार ने बताया कि निरीक्षण के दौरान केंई दिशा निर्देश निर्गत किये गये हैं। निरीक्षण में यह पाया गया कि बीसीपीएम भरत सरोज द्वारा आशा बहनो को क्लस्टर मीटिंग में पीएमएसए की अन्य दिवसों के विषय में जानकारी पर्याप्त रूप से नही दी गई है। जिससे बड़ी संख्या में गर्भवती महिलाए अपनी प्रसव पूर्व जांच के लिये उपस्थित हो सके। इस हेतु बीसीपीएम को निर्देशित किया गया कि आने वाली 01ए 09ए 16



एवं 24ण् तारीख को इस पर विशेष ध्यान रखने हेतु निर्देशित किया गया। चिकित्सालय अधीक्षक को यह निर्देश दिये गये कि वह सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रत्येक चिकित्सा अधिकारी को कुछ नेशनल प्रोग्राम की मानीटरिंग के लिये नोडल बना दे। आप्टामेटिस्ट एवं डेन्टल हाईजिनिस्ट को ज्यादा से ज्यादा मरीजों की स्क्रीनिंग हेतु निर्देशित किया गया। मेटरनल हेल्थ की स्टाफ नर्सों को एलटी से प्राप्त सर्वे एनीमिया के मरीजों को तत्काल आयरन सुकोज चढ़ाने के निर्देश दिये गये एवं उनका मोबाइल नम्बर भी फालोअप के लिए रजिस्टर्ड करें। ईटीसी प्रोग्राम की स्टाफ नर्स को प्रत्येक हाईग्रेड फीवर के मरीजों को 24 घण्टे भर्ती रखने के निर्देश दिये गए हैं।

# युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

- मृतक के परिजनों ने ससुरालियों पर लगाया हत्या का आरोप

संवाददाता। बरेली

**संदिग्ध** परिस्थितियों में एक युवक की मौत हो गई उसकी लाश घर के कमरे में पाई गई मृतक की गर्दन में रस्सी का फंदा लगा हुआ था घरवालों ने ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।भुता थाना क्षेत्र के गांव फैज नगर निवासी 25 वर्षीय अयूब हुसैन पुत्र जाबिर हुसैन की लाश बीती रात उसके घर के एक कमरे में पाई गई उसकी गर्दन में रस्सी का फंदा कसा हुआ था पोस्टमार्टम हाउस पर मौजूद मृतक के फुफेरे भाई रिजवान ने बताया कि अयूब का विवाह गांव में ही अपने घर के सामने रहने वाली एक युवती से लगभग डेढ़ वर्ष पूर्व हुआ था दोनों में विवाह से पूर्व प्रेम प्रसंग थे रिजवान ने आरोप लगाया कि मृतक की पत्नी के किसी अन्य युवक से भी प्रेम प्रसंग थे जिसके चलते वह फोन पर उस युवक से बातचीत करती थी यह बात जब अयूब को पता चली तो उसने पत्नी को समझाने की कोशिश की लेकिन वह नहीं मानी जिसको लेकर दोनों के बीच अक्सर झगड़ा होता था कल शाम को भी दोनों में झगड़ा हुआ था पत्नी ने अपने मायके वालों को सूचना दे दी जो अयूब के घर पहुंचे और उसकी पिटाई कर दी इसके बाद अयूब की लाश कमरे में होने की सूचना उसके भाइयों को मिली जो पास में ही अपने घर से अयूब के घर पर पहुंचे जहां उन्होंने कमरे में अयूब की लाश को देखा उसकी गर्दन में रस्सी का फंदा लगा हुआ था उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से करते हुए ससुरालियों पर हत्या का आरोप लगाया सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

# पेड़ों की कटाई व प्रदूषित नालों के चलते मंदाकिनी नदी का अस्तित्व खतरे में

- चित्रकूट में काटे जा रहे सौ वर्ष में तैयार होने वाले अर्जुन के पेड़
- एक सैकड़ा से अधिक प्रदूषित नाले मंदाकिनी को कर रहे अपवित्र
- मंदाकिनी नदी को प्रदूषण से बचाने के लिए जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

संवाददाता। चित्रकूट




**भगवान** राम की तपोभूमि धर्मनगरी में लाखों श्रद्धालुओं की आस्था की प्रतीक मंदाकिनी नदी के अस्तित्व पर संकट मंडरा रहा है। यहां पेड़ों की कटान, प्रदूषण और अतिक्रमण वजह से मंदाकिनी नदी का अस्तित्व खतरे में है। अभी हाल ही में सिंचाई विभाग ने स्फटिक शिला से आरोग्यधाम तक बाउंड्रीवाल का निर्माण कार्य शुरू कराया है। जिसमें अर्जुन के हजारों पेड़ काटे जा रहे हैं। जबकि अर्जुन के पेड़ की जड़ों से निकलने वाला जल शुद्ध व निर्मल होता है। बुधवार को कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने यहां विरोध-प्रदर्शन कर नदी की स्थिति सुधारने की मांग की।

नगर पालिका क्षेत्र के दो दर्जन से अधिक नालों की टैपिंग के लिए शासन को कई वर्ष पहले पत्र भेजा गया था। लेकिन अब तक कोई कार्यवाही न होने से नाराज युवा आईकान अनुज हनुमत ने डीएम अभिषेक आनंद को ज्ञापन सौपकर मंदाकिनी के संरक्षण के लिए ठोस कमद उठाने की मांग की है। साथ ही मंदाकिनी सफाई के नाम पर सिंचाई विभाग द्वारा किये गये फर्जीवाड़े की कमेटी बनाकर जांच कराये जाने की मांग की। परहित सेवा संस्थान के प्रबंधक एवं पत्रकार अनुज हनुमत ने सैकड़ो प्रदूषित नालों से मंदाकिनी नदी को बचाने के लिए ज़िलाधिकारी चित्रकूट अभिषेक आनंद को ज्ञापन सौंपा है। जिसके माध्यम से उन्होने डीएम से नदी के जलस्त्रोतों पर हुए अवैध क़ब्जों को हटाये जाने की मांग की है। साथ ही सिंचाई विभाग द्वारा नदी सफ़ाई के नाम पर खर्च किए गए लाखों करोड़ों के कार्य की जांच कराये जाने की भी मांग की है।

### अमृत सरोवर का काम अधूरा होने पर नपेंगे बीडीओ : डीएम

**चित्रकूट।** डीएम अभिषेक आनंद की अध्यक्षता में अमृत सरोवर, खेल मैदान, आदि निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक जिला कलेक्ट्रेट के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में डीएम ने अमृत सरोवर, अटल भूजल योजना के अंतर्गत कराए जा रहे मानिकपुर, कर्वी, रामनगर, राजापुर, मऊ में कार्य के बारे में जानकारी ली। जिस पर डीसी मनरेगा ने बताया कि इस पर आउटलेट इन लेख का कार्य हो रहा है। सभी बीडीओ ने बताया कि जुलाई तक कार्य पूर्ण हो जाएगा। भारत सरकार व नीति आयोग की टीम आएगी जो चेक करेगी। अगर नहीं पूर्ण होता है तो संबंधित बीडीओ का उत्तरदायित्व होगा।

## खनिज अधिकारी ने 70 वाहनों पर की कार्रवाई

**चित्रकूट।** जिला खनिज अधिकारी सुधाकर सिंह ने बताया कि चित्रकूट के विभिन्न स्थानों पर खनिजों के अवैध परिवहन पर नियंत्रण के लिए गठित जिला स्तरीय टास्कफोर्स द्वारा सघन चेकिंग अभियान के दौरान खनिज लदे कुल 70 वाहनों पर कार्रवाई की गयी। जिसमें 39 वाहनों को सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में दिया गया है तथा शेष 31 वाहनों का ई-चालान किया गया है। उक्त वाहनों पर 32लाख 20 हजार का जुर्माना अधिरोपित किया गया है। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि शासन एवं जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के निर्देश पर अवैध खनन एवं परिवहन के विरुद्ध जिला स्तरीय टास्कफोर्स द्वारा सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। बताया कि अवैध परिवहन करते पकड़े गये 70 वाहनों पर कार्रवाई की गयी ।जबकि अवैध खनन के 1 प्रकरण में सम्बन्धित व्यक्तियों के विरुद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट भी दर्ज करायी गयी है। जनपद में अवैध खनन व परिवहन पर सतत निगरानी रखी जा रही है।

## रिजर्व बैंक के निर्देशों की धज्जियां उड़ा रहे पेट्रोल पम्प

- पेट्रोल पम्प पर नोटिस लगा 2000 का नोट बदलने पर 1,500 का पेट्रोल लेना किया अनिवार्य

संवाददाता। चित्रकूट



पेट्रोल पम्प पर लगा नोटिस

**जिले** में दौलतमन्दों के लिए सरकार के नियम-कानून कोई मायने नहीं रखते। दौलतमन्द खुद अपना नियम-कानून बनाते हैं। ऐसा ही एक उदाहरण जिले में पेट्रोल पम्प में देखने को मिला। बुधवार को दो हजार रुपये के नोट बन्द होने के बाद आम लोग नोट बैंको में वापसी को जुट गए हैं। दूसरी ओर दो हजार रुपये के नोट को लेकर पेट्रोल पंप मालिक ने अजब-गजब फरमान जारी कर दिया है। शहर के एक नामचीन पेट्रोल पंप में ग्राहकों की सेवा में पम्प पर एक नोटिस चस्पा करते हुए लिखा है कि दो हजार रुपये के नोट पर 15 सौ रुपये तक का पेट्रोल/डीजल लेना अनिवार्य होगा, जबकि आरबीआई ने दो हजार रुपये के नोट को लेकर किसी भी तरह के नियम जारी नहीं किये। जिले के कुछ बड़े व्यापारी दो हजार रुपये के नोट बन्द होने पर आम लोगों को ठगने में जुट गये हैं। ग्राहकों से ज्यादा ईंधन खरीदने को मजबूर किया जा रहा है।

### किसानों ने सीडीओ को बताईं समस्यायें



**चित्रकूट।** मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर की अध्यक्षता में विकास भवन में किसान दिवस में किसानों ने खोले गए क्रय केंद्र तिलहन की खरीद करने, मंडी में 12 बजे के अंदर रेट खोले जाने, खरीफ गोष्ठी समय से कराने, गौ पालकों को समय से मानदेय देने, पहाड़ी क्षेत्रों में पेयजल की व्यवस्था कराने, खरीफ की तैयारी को खाद-बीज की समय से व्यवस्था कराने की मांग उठाई। किसान दिवस में भाकियू के नेताओं ने विभिन्न किसानों की समस्या उठाई। किसानों ने कहा कि किसानों की समस्याओं को प्राथमिकता से हल किया जाये।

### 27 मई को नगर निकायों में शपथ ग्रहण

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द ने बताया कि प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव के निर्देशों के तहत नगर निगम, नगर पालिका परिषदों, नगर पंचायतों में नवनिर्वाचित अध्यक्षों एवं सभासदों को 27 मई को शपथ ग्रहण कराया जायेगा। डीएम ने बताया कि नगर पालिका अध्यक्ष व सभासद निर्वाचित होने पर शपथ ग्रहण 27 मई को करेंगे। प्राविधान है कि जिलाधिकारी अथवा उनकी गैरमौजूदगी में उप जिलाधिकारी शपथ दिलाएंगे। नगर पालिका, नगर पंचायतों में 27 मई को पूर्वान्ह 11 बजे शपथ ग्रहण होगा। एडीएम कुंवर बहादुर सिंह नगर पालिका परिषद चित्रकूटधाम कर्वी, एसडीएम मानिकपुर प्रमेश श्रीवास्तव नगर पंचायत मानिकपुर, एसडीएम राजापुर प्रमोद कुमार नगर पंचायत राजापुर एवं एसडीएम मऊ नवदीप शुक्ला नगर पंचायत मऊ में शपथ दिलाएंगे।

## बसपा नेता अनुपम दुबे की 70 करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क



**फ़र्रुखाबाद।** बसपा नेता डॉ अनुपम दुबे की अर्रा पहाड़पुर स्थित भूमि गैंगस्टर अधिनियम की धारा के अंतर्गत जब्ती करण की कार्रवाई कर 70 करोड़ नौ लाख 60 ,000की संपत्ति कुर्क कार्रवाई की गई। तहसीलदार सदर थाना मऊ दरवाजा पुलिस की मौजूदगी में की गई। आपको बता दें कि यह जमीन अवैध एवं अनैतिक रूप से ट्रस्ट श्री हनुमान जी महाराज विराजमान मंदिर आरा पहाड़पुर भाग संख्या 436 गलत तरीके से अर्जित की गई थी।

जिस पर गि़रोहबंद तरीके से तरीके से 16 लोगों को यह जमीन प्लाटिंग करके अनुपम दुबे उनके भाई अनुराग दुबे डब्बन तथा से अभियुक्त प्रभात कुमार गुप्ता पुत्र ओम प्रकाश गुप्ता ने अवैध रूप से प्लाटिंग करके यह जमीन 16 लोगों को बेची गई। जिसकी कीमत 2 करोड़ 29 लाख 38000 रुपये की बेची गई। गाटा संख्या 92 10 42, 927/9210, 929, 10 . 1540 957/0 2590 1001/14500, 1002/12450, 1004/ 00 100 किता 43 810 हेक्टेयर स्थित आरा पहाड़पुर परगना पहाड़ा तहसील सदर 16 लोगों को अवैध रूप से प्लाट बेचे गए जिस पर प्रशासन द्वारा गैंगस्टर अधिनियम की धारा के अंतर्गत जबकि करण की कार्रवाई कुर्की गई।

## स्लाटर हाउस ले जाते हुए बड़ी संख्या में पशु बरामद

**कायमगंज,** फर्रुखाबाद। मुखबिर की सूचना पर एसआई कृष्ण कुमार कश्यप तथा एसआई कामता प्रसाद शर्मा ने अलीगंज की ओर तादाद से अधिक पशुओं को भर कर ले जा रही सफेद रंग की पिकअप गाड़ी संख्या यूपी 27 एटी 1439 को कायमगंज पुलिया पुल गालिव पर रोका। पुलिस को इस पिक अप में भैंस के 17 पड्डे व पड्डी भरे हुए मिले। पिकअप में बैठे 2 लोगों को पुलिस द्वारा नीचे उतारकर उनकी जामा तलाशी लेते हुए पूछताछ की गई । तो एक ने अपना नाम इरशाद पुत्र सत्तार निवासी ग्राम सिकंदरपुर थाना जलालाबाद जनपद शाहजहांपुर बताया तथा दूसरे ने आसिफ पुत्र सिकदार निवासी मोहगा नखाशा थाना कटरा जनपद शाहजहांपुर बताया। दूसरी घटना में आईसर डीसीएम नंबर यूपी 76 के 5965 को बाईपास मार्ग पर इसी पुलिस बल ने रोका। इस गाड़ी में भी लगभग भैंस के 30 से 40 पड्डे ब पड्डी तादाद से ज्यादा भरे हुए थे। गाड़ी में मौजूद 2 लोगों को नीचे उतारकर पता किया गया तो उन्होंने बताया कि लदा हुआ माल शाहजहांपुर से खरीद कर स्लॉटर हाउस अलीगढ़ बेचने के लिए ले जाया जा रहा था। एक ने अपना नाम अंसार पुत्र अशफाक निवासी बढ़इन का टोला थाना शमशाबाद जनपद फर्रुखाबाद बताया। हिरासत में लिए गए चारों अभियुक्तों के विरुद्ध दो अलग-अलग मुकदमे पशु के प्रति क्रूरता का निवारण अधिनियम की धारा 11 के अंतर्गत पंजीकृत कर चालान कर दिया गया।

## जल शक्ति मंत्री मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने किया अविरल जल अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ

- डीएम बांदा द्वारा चलाए गए अभियान की मंत्री ने की सराहना

संवाददाता। बांदा



**अविरल** जल अभियान कार्यक्रम का शुभारम्भ रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज बांदा के प्रेक्षागृह में उत्तर प्रदेश सरकार के जलशक्ति विभाग के कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर जल ही जीवन है और उसका हमारे जीवन में सबसे अधिक महत्व है। उन्होंने कहा कि बांदा की हर बूंद, बांदा के नाम पर जिलाधिकारी बांदा दुर्गा शक्ति नागपाल द्वारा चलाया गया अभियान बहुत ही सराहनीय है।

जिस पर सभी ग्राम प्रधानों, जिला पंचायत सदस्यों, जनप्रतिनिधियों के प्रबल सहयोग की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि गांव का विकास तब ही होगा, जब ग्राम प्रधान एवं ग्राम सचिव गांव के लिए कार्य करेगें। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री जी के निर्देशन पर 60 नदियों को पुनर्जीविति करने का कार्य शासन द्वारा किया गया है, जो बहुत ही सफल रहा है। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के प्रयासों से जल जीवन मिशन के अन्तर्गत प्रदेश में 1 करोड़ 12 लाख लोगों को कनेक्शन दिया गया है, ताकि सभी को शुद्ध पेयजल मिल सके और लोग स्वस्थ्य रह सकें। करोड़ों घरों में शौचालय, पक्का आवास, गैस कनेक्शन, विद्युत कनेक्शन प्रदान किया है।

उन्होंने कहा कि कोरोना कार्यकाल में 80 करोड़ लोगों को भोजन दिया गया है। नहरों की सिंचाई की क्षमता 6 लाख हेक्टेयर की गयी है और नहरों की सफाई का कार्य कराकर टेल तक पानी पहुंचाया जा रहा है। बुन्देलखण्ड में चेक डैम, तालाबों के प्रयासों से लोग विकास की ओर बढ़ रहे हैं तथा जल स्तर में सुधार हो रहा है। मंत्री ने कहा कि बूंद-बूंद पानी बचाना सभी के लिए हितकारी होगा।

## सड़क दुर्घटना में व्यक्ति की मौत होने पर परिजनों ने लगाया जाम



**रूरा,** कानपुर देहात। गांव अंबरपुर निवासी राम बच्चन पुत्र मोहनलाल कस्बा रूरा के गल्ला व्यापारी सुशील कुमार गुप्ता का टैक्टर ड्राइवर था और मंगलवार को रूरा से व्यापारी के यहां से गेहूं लादकर रनियां स्थित एक मिल गया था। गेहूं उतारकर जब राम बच्चन वापस रूरा लौट रहा था तभी विलेज ढाबा के पास ट्रक की टक्कर से पलटे टैक्टर के नीचे दबकर राम बच्चन की मौत हो गई थी। मृतक के शव का पोस्टमार्टम होने के बाद परिजन शव को वापस गांव अंबरपुर लाए थे। परिजनों ने गल्ला व्यापारी सुशील कुमार से 10 लाख रुपए देने की मांग शुरू कर दी और गुस्साए परिजनों तथा ग्रामीणों ने सुबह लगभग पौने आठ बजे गांव से रूरा पहुंचकर मृतक के शव को गल्ला व्यापारी की आढ़त के फर्श पर रखकर धरना शुरू कर दिया। लगभग आठ घंटे तक चले हंगामा, धरना प्रदर्शन, रोड जाम के बाद मृतक की पत्नी को एक लाख रुपए की तात्कालिक सहायता व्यापारी से राज्यमंत्री द्वारा दिलाए जाने एवं बीमा क्लेम के मुकदमें का फैसला न होने तक व्यापारी द्वारा 10 हजार रुपए प्रतिमाह घरेलू खर्च के लिए दिए जाने की वार्ता के बाद रूरा शिवली रोड पर जाम लगाये मृतक टैक्टर ड्राइवर परिजनों ने जाम हटा लिया।

## पाइप चोरी करने आये चोर वाहन छोड़कर भागे

- किसान ने एट थाना पुलिस को दी सूचना, वाहन पहुंचा थाने

संवाददाता। उरई, जालौन




**विगत** 18 मई की रात्रि लगभग दो बजे एक आपे में सवार होकर चोर गिरोह धगुवां कलां पहुंचा जहां गांव के ही समीप एक किसान के निजी नलकूप पर रखे लाखों रुपये कीमत के सिलवर पाइप व अन्य कीमती सामान चोरी कर आपे (वाहन) में रखा ही था कि तभी ग्रामीणों को खुटपुट की आवाज आयी तो उन्होंने नलकूप के किसान को मोबाइल से जानकारी इसके बाद जैसे ही किसान अन्य ग्रामीणों के साथ मौके की ओर रवाना हुये तो चोर गिरोह ने उन्हें आता देखकर आपे को मौके पर ही छोड़कर भाग गये।

जब किसान मौके पर पहुंचे हुये उसमें अलमोनियम के तोड़े गये पाइप लदे मिले जिसे एट थाना पुलिस को मौके पर बुलाकर मय आपे के सौंप दिया गया था। 18 मई की रात्रि में वाहन नंबर यूपी 92 टी 2854 के चोर गिरोह के सदस्य रात्रि लगभग दो बजे के लगभग किसान के निजी नलकूप पर पहुंचे जहां से उन्होंने प्लास्टिक के पाइपों के नीचे रखे अलमोनियम के पाइपों को निकालकर उन्हें तोड़ आपे में रखने लगे। लेकिन तभी समीप में बने ग्रामीणों के मकान तक खुटपुट की आवाज सुनायी दी तो उसने किसान श्यामचरन निरंजन को अपने मोबाइल से जानकारी दी इसके बाद श्यामचरन निरंजन कई ग्रामीणों के साथ जैसे ही नलकूप की ओर जाने लगे तो चोर गिरोह ने ग्रामीणों को अपनी ओर आता देखकर वाहन को मौके पर ही छोड़कर भाग जाने में सफल हो गये थे।

### तहसीलदार और वकीलों में ठनी, जमकर हुई नारेबाजी

**कोंच, जालौन।** बुधवार को तहसीलदार कोंच और वकीलों में ठन गई। वकीलों ने तहसीलदार आलोक कुमार कटियार के खिलाफ नारेबाजी की और बाद में बैठक कर निंदा प्रस्ताव पारित किया। तय हुआ की गुरुवार को तहसीलदार कोर्ट का बहिष्कार किया जाएगा वकीलों ने एक सुर में तहसीलदार की कार्यप्रणाली की निंदा की और उन पर भ्रष्टाचार के खुले आरोप लगाए। बार संघ अध्यक्ष हरिसिंह निरंजन का कहना है, तहसीलदार ने एक मुकदमे में उनसे पैसे मांगे जबकि तहसीलदार ने आरोपों को नकारते हुए कहा कि वकील बेवजह उन पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे हैं।

## रोजगार मेले में 165 अभ्यर्थी हुए चयनित

**फतेहपुर।** जिला सेवायोजन कार्यालय व एसबीएस एजुटेक मलवां के संयुक्त तत्वावधान में वृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें अभ्यर्थियों की जहां कैरियर काउंसलिंग की गई वहीं विभिन्न कंपनियों ने 165 अभ्यर्थियों को चयनित कर सेवायोजित किया। जहानाबाद विधायक ने अभ्यर्थियों को सरकारी योजनाओं से भी अवगत कराया। रोजगार मेले में मुख्य अतिथि के रूप में जहानाबाद विधायक राजेंद्र सिंह पटेल ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान 350 से अधिक अभ्यर्थियों की कॅरियर काउंसलिंग की गयी। रोजगार मेले में प्रदेश स्तर आप्टीमस इलेक्ट्रिकल लि.ने सात, टैलेन्ट सेतु ने दस, लार्सन एंड टुब्रो ने 18, मैनकाइन्ड हेल्थ सर्विसेज ने 33, कैरियर ब्रिज स्किल सोल्यू. प्रा.लि. अहमदाबाद ने 21, तेजस ग्रेट ग्लोबल ने 16, शिवशक्ति बायोटेक ने 28, पीपल ही आनलाइन ने 10 एवं पुखराज हेल्थकेयर प्रा.लि. कानपुर ने 22 कुल 165 योग्य अभ्यर्थियों को चयनित कर सेवायोजित किया।

## बांके बिहारी गंगा सरोवर का हुआ शिलान्यास, होगी प्रतिमा की स्थापना



**फतेहपुर।** शहर मुख्यालय स्थित बांके बिहारी मंदिर परिसर में जिलाधिकारी श्रुति, सीडीओ सूरज पटेल, एसडीएम अवधेश निगम ने गंगा सरोवर का शिलान्यास किया। निर्माण के बाद यहां पर राधाकृष्ण की प्रतिमा स्थापित होगी। इसके बाद सरोवर के किनारे गंगा आरती हुई, जिसमें लघु पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार सिंह, क्षेत्राधिकारी वीर सिंह सहित नायब तहसीलदार विकास पाण्डेय मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान कानपुर से आये शरद मिश्रा ने सुंदरकांड का पाठ कर भक्तों को भाव-विभोर कर दिया। प्रसाद वितरण और भंडारे के साथ कार्यक्रम का समापन हो गया। बांके बिहारी मंदिर का जन सहयोग से सुन्दरीकरण किया जा रहा है।

इसी क्रम में यहां पर गंगा सरोवर को विकसित किया जा रहा है। कार्यक्रम के लिए एसडीएम सदर अवधेश कुमार निगम और नायब तहसीलदार विकास पाण्डेय ने बड़ी भूमिका निभाई है। दोनों ही अधिकारियों ने कार्यक्रम की सफलता के लिए देर रात तक परिश्रम किया। यहां पर सरोवर बनने से मंदिर का आकर्षण और बढ़ जाएगा। पूरे कार्यक्रम में एसडीएम सदर अवधेश निगम का प्रयास सराहनीय रहा।

## नलकूप से पहली बार समय से भरे गये तालाब, पशुओं को मिली राहत



**हमीरपुर।** राजकीय नलकूप द्वारा जिले में 52 तालाबों को लबालब भर दिया है जिससे पालतू व अन्ना पशुओं को पानी के लिये इधर उधर नही भटकना पड़ता है। किसानों में खुशी देखी जा रही है, मामले की जानकारी शासन को दे दी गयी है। जानकारी के मुताबिक जिले में राजकीय नलकूप को 59 तालाबों को भरने की जिम्मेदारी शासन से सौंपी गयी थी। जिसमे 52 तालाब भर दिये गये शेष सात तालाब राजकीय नलकूपों से नही भरे जा सकते हैं। वे दूसरे माध्यम से भरे जायेंगे। तालाबों को कई दिन पहले भर दिये गये थे। जिससे पालतू पशुओं को पानी पीने के लिये कोई परेशानी नहीं हो रही है। कुरारा, सुमेरपुर, मुस्करा, राठ सरीला क्षेत्र के किसानों ने बताया कि जिले में पहली मर्तवा ऐसा मौका आया है जिसमे समय से पहले पशुओं को समय पानी की सुविधा मिली है। सड़क किनारे पोखर गड्ढे भर गये हैं जिससे पालतू, व जंगली पशुओं को भी पानी के लिये इधर उधर नहीं भटकना पड़ रहा है।

### नशेबाजी के चलते विकलांग दोस्त को पीट कर मार डाला

**हमीरपुर।** जिले के सुमेरपुर क्षेत्र में बुधवार को नशेबाजी के चलते दोस्त ने विकलांग दोस्त की लाठी डंडो से पीट पीट कर हत्या कर दी। पुलिस ने एक युवक को बंदी बना लिया है। पुलिस के मुताबिक क्षेत्र के देवगांव में धर्मेंद (52) और गोविंद दोनो में अच्छी मित्रता थी। धर्मेंद्र ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता था। दोनो दोस्त कल रात भर शराब पीते रहे इसी बीच दोनो में कहासुनी हो गयी और गोविंद ने आज तड़के विकलांग धर्मेंद्र को लाठी से पीट पीट कर हत्या कर दी और मौके से फरार हो गया। पुलिस गोविंद को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। मृतक के परिजन शरद प्रताप सिंह ने पुलिस को जानकारी दी है।

## पेज एक का शेष

### संसद भवन...

हैं। इनके अलावा, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने भी उद्घाटन समारोह से दूर रहने की घोषणा की है। विपक्ष के 19 दलों ने एक संयुक्त बयान जारी कर आरोप लगाया कि राष्ट्रपति मुर्मू को पूरी तरह से दरकिनार करते हुए, नए संसद भवन का उद्घाटन करने का प्रधानमंत्री मोदी का निर्णय न केवल राष्ट्रपति का घोर अपमान है, बल्कि हमारे लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उनके मुताबिक, भारत के संविधान के अनुच्छेद 79 में कहा गया है कि संघ के लिए एक संसद होगी, जिसमें राष्ट्रपति और दो सदन होंगे, जिन्हें क्रमश: राज्यसभा और लोकसभा के रूप में जाना जाएगा। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति न केवल राष्ट्राध्यक्ष होते हैं, बल्कि वह संसद का अभिन्न अंग भी हैं, क्योंकि वही संसद सत्र आहूत करते हैं, सत्रावसान करते हैं और साल के प्रथम सत्र के दौरान दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित भी करते हैं। संक्षेप में, राष्ट्रपति के बिना संसद कार्य नहीं कर सकती है। फिर भी, प्रधानमंत्री ने उनके बिना नए संसद भवन का उद्घाटन करने का निर्णय लिया। इन विपक्षी दलों ने दावा किया कि यह अशोभनीय कृत्य सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान करता है और संविधान की मूल भावना का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि जब लोकतंत्र की आत्मा को ही संसद से निकाल दिया गया है, तो हमें नई इमारत का कोई महत्व नहीं दिखता। हम नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने के अपने सामूहिक निर्णय की घोषणा करते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि हम इस निरंकुश प्रधानमंत्री और उनकी सरकार के खिलाफ लड़ाई जारी रखेंगे और अपना संदेश सीधे भारत के लोगों तक ले जाएंगे। विपक्षी दलों की इस सामूहिक घोषणा के बाद कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी और विपक्ष के कई अन्य नेताओं ने कहा कि उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों नहीं कराया जाना और समारोह में भी उन्हें आमंत्रित नहीं किया जाना देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद का अपमान है। राहुल ने यह भी कहा कि संसद अहंकार की ईंटों से नहीं, बल्कि संवैधानिक मूल्यों से बनती है। आप के संजय सिंह ने ट्वीट कर कहा कि संसद भवन के उद्घाटन समारोह में राष्ट्रपति द्रौपदी मूर्मू जी को आमंत्रित न करना उनका घोर अपमान है। यह भारत के दलित आदिवासी व वंचित समाज का अपमान है। राजद के सांसद मनोज झा ने कहा कि यदि राष्ट्रपति महोदया संसद के नए भवन का उद्घाटन करतीं तो यह परंपरा के अनुकूल होता। एआईएमआईएम के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने कहा कि संसद के नए भवन का उद्घाटन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला को करना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) सांसद महुआ मोइत्रा ने नए संसद भवन का उद्घाटन करने के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के फैसले को लेकर उन पर निशाना साधते हुए कहा कि यह उनके खुद के पैसों से निर्मित मकान का गृह प्रवेश नहीं है।

### फैसले पर...

है। नए संसद भवन का उद्घाटन एक ऐतिहासिक अवसर है, लिहाजा ऐसे में इसका राजनीतिकरण करना अच्छी बात नहीं है। दूसरी ओर, केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह के लिए सभी राजनीतिक दलों को निमंत्रण भेजा गया है और वे अपने विवेक से इस संबंध में फैसला लेने को स्वतंत्र हैं। केंद्रीय मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने कहा था कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 24 अक्टूबर 1975 को संसदीय सौध का उद्घाटन किया था, जबकि उनके उत्तराधिकारी राजीव गांधी ने 15 अगस्त 1987 को संसद के पुस्तकालय की आधारशिला रखी थी।

### प्रधानमंत्री मोदी...

हाइड्रोजन के निर्माण और इसके उपयोग में तेजी लाने के अवसरों का पता लगाया जाएगा। प्रधानमंत्री मोदी ने मीडिया को जारी एक बयान में कहा कि द्विपक्षीय संबंध पारस्परिक विश्वास और सम्मान पर आधारित हैं और ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय दोनों देशों के बीच एक सेतु है। मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री अल्बनीज और मैंने पहले भी ऑस्ट्रेलिया में मंदिरों पर हमले और अलगाववादी तत्वों की गतिविधियों से जुड़े मुद्दे पर चर्चा की है। हमने आज भी इस पर बात की। अल्बनीज की मौजूदगी में उन्होंने कहा, हमें यह कतई मंजूर नहीं है कि कोई भी अपने कृत्यों या विचारधारा से भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच मैत्रीपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण संबंधों को ठेस पहुंचाए। मैं इससे निपटने के वास्ते अभी तक उठाए गए कदमों के लिए प्रधानमंत्री अल्बनीज का शुक्रिया अदा करता हूं। प्रधानमंत्री अल्बनीज ने आज मुझे एक बार फिर आश्वासन दिया है कि वह भविष्य में भी ऐसे तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करना जारी रखेंगे। अल्बनीज के साथ बातचीत को सार्थक करार देते हुए मोदी ने कहा कि उन्होंने आने वाले दशक में ऑस्ट्रेलिया-भारत व्यापक रणनीतिक साझेदारी को अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने को लेकर विचार-विमर्श किया। मोदी ने कहा कि भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध सिर्फ दोनों देशों तक ही सीमित नहीं है बल्कि यह क्षेत्रीय स्थिरता, शांति और वैश्विक कल्याण से भी जुड़े हैं। उन्होंने कहा, हमने खनन तथा महत्वपूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में अपने रणनीतिक सहयोग को मजबूत करने पर सार्थक चर्चा की। हमने सहयोग के लिए कारगर क्षेत्रों की पहचान की। दोनों प्रधानमंत्रियों ने खुले, समृद्ध और सुरक्षित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया। मोदी ने कहा, भारत-ऑस्ट्रेलिया सहयोग ग्लोबल साउथ के विकास के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय परम्परा जो पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में देखती है, भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान केंद्रीय विषय है। अल्बनीज ने अपने मीडिया संबोधान में घोषणा की कि ऑस्ट्रेलियाई व्यवसायों को भारत की बढ़ती डिजिटल अर्थव्यवस्था और नवाचार पारिस्थितिकी तंत्र से जोड़ने के लिए ऑस्ट्रेलिया बेंगलुरु में एक नया महावाणिज्य दूतावास खोलेगा। उन्होंने कहा, यह एक ऐसा रिश्ता है, जिसमें हमें निवेश करने की जरूरत है। भारत के साथ हमारी मजबूत साझेदारी व्यापार, निवेश, क्षेत्रीय सुरक्षा और स्थिरता के लिहाज से ऑस्ट्रेलिया के लिए फायदेमंद है। हिरोशिमा में क्वाड शिखर सम्मेलन का उल्लेख करते हुए अल्बनीज ने कहा कि समूह के नेता एक खुले, स्थिर, सुरक्षित तथा समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लिए साथ खड़े हैं। एक ऐसा क्षेत्र जहां संप्रभुता का सम्मान किया जाए और क्षेत्रीय संतुलन से बड़े तथा छोटे सभी देशों का फायदा हो। क्वाड एक चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद समूह है, जिसमें भारत, अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया शामिल हैं। ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री ने दोनों देशों के बीच लगातार गहरे होते रिश्तों पर भी बात की। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के पहले साल में मोदी से छह बार मिल चुका हूं। यह दिखाता है कि हम दोनों देशों के बीच संबंधों को गहरा करने को कितना महत्व देते हैं। अल्बनीज ने कहा, भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के योगदान के कारण ऑस्ट्रेलिया एक बेहतर स्थान है और हम अपने देशों के बीच अधिक गहरे संबंध देखना चाहते हैं। अल्बनीज और ऑस्ट्रेलियाई विदेश मंत्री पेनी वोंग ने घोषणा की कि ऑस्ट्रेलिया-भारत संबंधों के लिए नए केंद्र का मुख्यालय पेरामेटा में होगा। केंद्र ने इस महीने काम शुरू कर दिया, जिससे व्यापार, नीति एवं सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से भारत के साथ ऑस्ट्रेलिया का जुड़ाव गहरा होगा और भारतीय प्रवासी समुदायों के साथ सहयोग भी बढ़ेगा। वार्ता से पहले मोदी को सिडनी में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।

### नफरती भाषण...

खां के करीबी सपा उम्मीदवार आसिम राजा को हराया था। अदालत से आज राहत मिलने के बावजूद खां की विधानसभा सदस्यता फिलहाल बहाल होना मुश्किल है, क्योंकि अवैध रूप से मार्ग जाम करने के मामले में मुरादाबाद की एक अदालत ने आजम खां और उनके पुत्र अब्दुल्ला आजम को इसी साल दो-दो वर्ष की सजा सुनाई थी। इसके बाद अब्दुल्ला की भी विधानसभा सदस्यता खत्म कर दी गई थी। इस मामले में भी सजा सुनाए जाने के कारण आजम खां की सदस्यता फिलहाल बहाल होना मुश्किल है।

### आर्थिक वृद्धि...

की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि खुदरा मुद्रास्फीति के अगले आंकड़े में महंगाई दर 4.7 प्रतिशत से नीचे रहने की उम्मीद है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 4.7 प्रतिशत रही थी। दास ने उपस्थित लोगों को भरोसा दिलाया कि पूंजी, नकदी की मजबूत स्थिति और संपत्ति की गुणवत्ता में सुधार के साथ भारतीय बैंकिंग प्रणाली स्थिर और मजबूत बनी हुई है। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक देश की वित्तीय स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए अर्थव्यवस्था को पूरा समर्थन देगा। उन्होंने कहा कि रिजर्व बैंक ने अपने अब तक के अनुभव के आधार पर केंद्रीय बैंक डिजिटल मुद्रा (सीबीडीसी) ढांचे को और बेहतर किया है।

# भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध अब टी-20 मोड में : मोदी

भाषा। सिडनी



**प्रधानमंत्री** नरेन्द्र मोदी ने भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच तेजी से बढ़ते संबंधों का वर्णन करने के लिए क्रिकेट की उपमा का इस्तेमाल करते हुए बुधवार को कहा कि ए अब टी-20 मोड में प्रवेश कर चुके हैं।

मोदी ने अपने ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज के साथ व्यापक वार्ता के बाद यह टिप्पणी की। वार्ता में भारत-ऑस्ट्रेलिया व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और विस्तार देने पर ध्यान केंद्रित किया गया। उन्होंने इस साल के अंत में भारत में होने वाली क्रिकेट विश्व कप प्रतियोगिता के लिए अल्बनीज और ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रशंसकों को भारत भी आमंत्रित किया।

मोदी ने कहा, मैं अपने मित्र प्रधानमंत्री अल्बनीज की भारत यात्रा के दो महीने के भीतर ऑस्ट्रेलिया आया हूं। पिछले एक साल में यह हमारी छठी मुलाकात है। यह हमारे व्यापक संबंधों की गहराई, हमारे विचारों में तालमेल तथा हमारे सहयोग की परिपक्वता को दर्शाता है। उन्होंने अल्बनीज की मौजूदगी में कहा, अगर क्रिकेट की भाषा में मैं कहूं, तो हमारे संबंध टी-20 मोड में आ गए हैं।

अल्बनीज ने भारत-ऑस्ट्रेलिया वार्षिक शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने के लिए मार्च में भारत की यात्रा की थी। मोदी ने कहा, मैं इस साल क्रिकेट विश्व कप के लिए प्रधानमंत्री अल्बनीज और सभी ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट प्रशंसकों को भारत आने के लिए आमंत्रित कर रहा हूं। उस समय क्रिकेट के साथ-साथ आपको दीपावली का भव्य उत्सव भी देखने को मिलेगा। उन्होंने क्षेत्र के लिए भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों के महत्व पर भी प्रकाश डाला। मोदी ने अपने मीडिया संबोधन में कहा, भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंध केवल हमारे दोनों देशों तक सीमित नहीं है। से क्षेत्रीय स्थिरता, शांति और वैश्विक कल्याण से भी जुड़े हैं। प्रधानमंत्री ने कहा, कुछ दिन पहले, हिरोशिमा में क्वाड शिखर सम्मेलन में प्रधानमंत्री अल्बनीज के साथ, हमने हिंद-प्रशांत पर भी चर्चा की। भारत-ऑस्ट्रेलिया सहयोग भी ग्लोबल साउथ की प्रगति के लिए फायदेमंद हो सकता है। उन्होंने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम की भारतीय परंपरा, जो पूरी दुनिया को एक परिवार के रूप में देखती है, भारत की जी-20 अध्यक्षता का केंद्रीय विषय है। प्रधानमंत्री ने अल्बनीज के साथ अपनी बैठक को ˆरचनात्मकˆ बताया। पिछले कुछ वर्षों में दोनों देशों के बीच संबंधों में तेजी से सुधार हुआ है। अल्बनीज ने भी दोनों देशों के बीच लगातार गहरे होते रिश्तों पर बात की। उन्होंने कहा, मैं प्रधानमंत्री के तौर पर अपने कार्यकाल के पहले साल में मोदी से छह बार मिल चुका हूं। यह दिखाता है कि हम दोनों देशों के बीच संबंधों को गहरा करने को कितना महत्व देते हैं। अल्बनीज ने कहा, भारतीय-ऑस्ट्रेलियाई समुदाय के योगदान के कारण ऑस्ट्रेलिया एक बेहतर स्थान है और हम अपने देशों के बीच अधिक गहरे संबंध देखना चाहते हैं।

## दोनों देश आर्थिक सहयोग समझौता इस साल पूरा करने को प्रतिबद्ध

**सिडनी।** भारत और ऑस्ट्रेलिया ने छात्रों, शोधकर्ताओं एवं कारोबारियों के लिए अवसर बढ़ाने के मकसद से बुधवार को एक आव्रजन एवं आवाजाही साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर करने के साथ ही द्विपक्षीय समग्र व्यापार समझौते को इस साल के अंत तक पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ऑस्ट्रेलियाई प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज के बीच हुई समग्र वार्ता के बाद आव्रजन एवं आवाजाही साझेदारी समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने इस समझौते का स्वागत किया है। इस समझौते से छात्रों, पेशेवरों, शोधकर्ताओं एवं उद्यमियों के लिए आवाजाही को सुगम बनाने का रास्ता साफ होगा। इसके लिए ऑस्ट्रेलिया ने खास तौर पर भारत के लिए मेट्स नाम की नई व्यवस्था बनाई है। इस मौके पर दोनों देशों के बीच हरित हाइड्रोजन पर एक कार्यबल के गठन संबंधी समझौते पर भी हस्ताक्षर किए गए। यह कार्यबल नवीकरणीय हाइड्रोजन के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों को रेखांकित करेगा। इसके साथ ही भारत और ऑस्ट्रेलिया ने वर्ष 2023 के अंत तक समग्र आर्थिक सहयोग समझौते (सीईसीए) को पूरा करने की प्रतिबद्धता जताई है। मोदी ने कहा, अल्बनीज के साथ बैठक में हमने भारत-ऑस्ट्रेलिया सीईसीए को नए मुकाम पर ले जाने के बारे में चर्चा की।

## मोदी ने ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों को भारत में डिजिटल ढांचे, सेमी कंडक्टर में निवेश का न्योता दिया

**सिडनी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के कारोबारियों को भारत में डिजिटल ढांचे, दूरसंचार और सेमीकंडक्टर के क्षेत्र में उपलब्ध अवसरों का लाभ उठाने के लिए आमंत्रित किया। ऑस्ट्रेलिया की यात्रा पर आए प्रधानमंत्री मोदी ने मेजबान देश की अग्रणी कंपनियों के मुख्य कार्यपालक अधिकारियों (सीईओ) से भारतीय कंपनियों के साथ साझेदारी करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई सीईओ के एक समूह को गोलमेज बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि भारत में सरकार ने कई आर्थिक सुधार लागू किए हैं जिनसे तमाम कारोबारी अवसर पैदा हुए हैं। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों से भारत में उपलब्ध इन निवेश अवसरों का लाभ उठाने का आग्रह किया।विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने एक ट्वीट में इस गोलमेज बैठक का ब्योरा देते हुए कहा, प्रधानमंत्री ने ऑस्ट्रेलियाई कंपनियों के सीईओ को डिजिटल ढांचे, सूचना प्रौद्योगिकी, वित्तीय प्रौद्योगिकी, दूरसंचार, सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष, नवीकरणीय ऊर्जा, शिक्षा, दवा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा उपकरण, खनन, कपड़ा, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्रों में निवेश के लिए आमंत्रित किया। प्रधानमंत्री अपने ऑस्ट्रेलिया दौर पर एक दिन पहले शीर्ष कंपनियों के कारोबारी दिग्गजों से मिले थे। इस दौरान उन्होंने प्रौद्योगिकी, कौशल एवं स्वच्छ ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में भारतीय कंपनियों के साथ सहयोग बढ़ाने का आह्नान किया।

# सलमान रूश्दी को ब्रिटेन के विंडसर कैसल में शाही सम्मान से नवाजा

भाषा। लंदन



**बुकर** पुरस्कार विजेता लेखक सलमान रुश्दी ने दिवंगत महारानी एलिजाबेथ द्वितीय द्वारा पिछले साल जून में उन्हें सम्मानित किए जाने के लगभग एक साल बाद दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के विंडसर कैसल में एक अलंकरण समारोह में अपना शाही कंपेनियन ऑफ ऑनर पुरस्कार प्राप्त किया। मुंबई में जन्मे रुश्दी को महाराजा चार्ल्स तृतीय की बहन प्रिंसेस रॉयल ऐनी से मंगलवार को सम्मान मिला।पिछले साल एक साहित्यिक कार्यक्रम के दौरान न्यूयॉर्क में रुश्दी पर चाकू से हमला किया गया, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गए थे। कुछ दिन पहले, रुश्दी बहुत दिनों बाद न्यूयॉर्क में सार्वजनिक कार्यक्रम में नजर आए थे। रुश्दी (75) को बृहस्पतिवार को मैनहट्टन में अमेरिकन म्यूजियम ऑफ नेचुरल हिस्ट्री में 2023 साहित्य उत्सव में पीईएन सेंटेनरी करेज अवार्ड दिया गया था। लेखक ने कहा कि यह एक बड़ा सम्मान था और राजकुमारी ऐनी को बहुत उदार बताया। अपनी अगली किताब के बारे में पूछे जाने पर, रुश्दी ने पुष्टि की कि उन्होंने फिर से पुस्तकें लिखना शुरू कर दिया है। जब उनसे पूछा गया कि अगली किताब कब तक पूरी होने की उम्मीद है तो उन्होने बीबीसी से कहा, मैं आपको बता दूंगा।

# सरकार इमरान की पार्टी के खिलाफ पाबंदी लगाने पर विचार कर रही : रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने बुधवार को कहा कि सरकार इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के खिलाफ पाबंदी लगाने पर विचार कर रही है।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री की गिरफ्तारी के बाद सैन्य प्रतिष्ठानों पर खान के समर्थकों द्वारा हमले किए जाने के बाद यह कदम उठाने पर विचार किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि अर्द्धसैनिक बल के कर्मियों द्वारा खान (70) को गिरफ्तार किए जाने के बाद, नौ मई को देश भर में हिंसक प्रदर्शन भड़क उठे थे। उनकी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने लाहौर कोर कमांडर आवास, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई (इंटर-सर्विसेज इंटेलीजेंस) भवन सहित एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की थी।

पाकिस्तान के इतिहास में पहली बार, भीड़ ने रावलपिंडी में थलसेना मुख्यालय पर हमला किया। पुलिस ने हिंसक झड़पों में मारे गए लोगों की संख्या 10 बताई थी। आसिफ ने यहां मीडिया से बात करते हुए कहा कि खान सैन्य एवं नागरिक प्रतिष्ठानों पर अपने समर्थकों द्वारा किए गए हमलों की निंदा करने को अब भी अनिच्छुक हैं। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, यदि सरकार पूर्व में सत्तारूढ़ रहे इस दल पर प्रतिबंध लगाने का फैसला करती है तो इसे मंजूरी के लिए संसद को भेजा जाएगा। मंत्री ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री खान सेना को अपना दुश्मन समझते हैं।

# प्रधानमंत्री मोदी के स्वागत में तिरंगा के रंगों से जगमगाए सिडनी हार्बर ब्रिज और ओपेरा हाउस

भाषा। सिडनी

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी के स्वागत के लिए सिडनी हार्बर ब्रिज और ओपेरा हाउस को भारतीय तिरंगे के रंगों से जगमगाया गया। मोदी ने बुधवार को इन प्रतिष्ठित ऐतिहासिक स्थलों का दौरा किया। इस दौरान, प्रधानमंत्री मोदी के साथ उनके ऑस्ट्रेलियाई समकक्ष एंथनी अल्बनीज भी थे।

सिडनी हार्बर ब्रिज दुनिया के सबसे बड़े स्टील निर्मित चाप सेतु (आर्क ब्रिज) के तौर पर प्रसिद्ध है। यह सेंट्रल बिजनेस डिस्ट्रिक्ट से नॉर्थ शोर तक फैला हुआ पुल है। यह सिडनी ओपेरा हाउस और सिडनी हार्बर ब्रिज के आसपास के क्षेत्र का शानदार दृश्य प्रस्तुत करता है।

ओपेरा हाउस सिडनी का सबसे प्रसिद्ध ऐतिहासिक स्थल है। यह एक बहुउद्देशीय प्रदर्शन कला प्रतिष्ठान है। भवन में रेस्तरां और एक पेशेवर रिकॉर्डिंग स्टूडियो भी है। 2007 में ओपेरा हाउस को यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल सूची में शामिल किया गया था। इन दोनों स्थलों को भारत के राष्ट्रीय ध्वज के तीन रंगों से जगमग किए जाने से एक दिन पहले मंगलवार रात वेस्टर्न सिडनी में आयोजित सामुदायिक कार्यक्रम में मोदी का भव्य स्वागत किया गया।

इस कार्यक्रम में 21 हजार लोग शामिल हुए। कार्यक्रम में मोदी के साथ अल्बनीज भी थे। मोदी और अल्बनीज ने द्विपक्षीय चर्चा के लिए बुधवार को सिडनी में मुलाकात भी की जिससे दोनों देशों के बीच मित्रता और प्रगाढ़ हुई।

# पाक के पूर्व सेना प्रमुख की पोती लाहौर के कमांडर हाउस पर हमले के आरोप में गिरफ्तार

भाषा। लाहौर

**पाकिस्तान** के पूर्व सेना प्रमुख आसिफ नवाज जांजुआ की पोती को नौ मई को पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद यहां कोर कमांडर हाउस पर हुए हमले के लिए उकसाने वाले प्रमुख व्यक्ति के तौर पर गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।

पेशे से फैशन डिजाइनर खदिजा शाह उन महिलाओं में शामिल हैं, जिन्हें पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के प्रमुख एवं पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के मद्देनजर नौ मई को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हुए हमलों में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया था। सत्तर-वर्षीय खान को बाद में जमानत पर रिहा कर दिया गया था। लाहौर पुलिस ने एक बयान में कहा है कि पूर्व वित्तमंत्री सलमान शाह की बेटी खदिजा शाह जिन्ना हाउस के नाम से मशहूर लाहौर कोर कमांडर हाउस पर गत नौ मई को हुए हमले के लिए उकसाने वाले प्रमुख व्यक्तियों में से एक थीं।

पुलिस ने कहा कि उन्हें आतंकवाद के आरोपों के तहत

**● सरकार ने घोषणा की कि नौ मई की घटनाओं के लिए वांछित 500 से अधिक महिलाओं की पहचान पूरी हो चुकी है और उनके खिलाफ 138 मामले दर्ज किए गए है।**

गिरफ्तार किया गया है और उनपर सेना अधिनियम के तहत मुकदमा चलाया जा सकता है।

सक्रिय पीटीआई समर्थक खदिजा शाह पुलिस द्वारा उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी शुरू किए जाने के बाद से छिप गई थी। पुलिस ने कहा, ˆसुश्री शाह को लाहौर की आतंकवाद-निरोधी अदालत के समक्ष पेश किया गया, जिन्हें पहचान परेड के लिए जेल भेज दिया गयाˆ।

सरकार ने घोषणा की कि नौ मई की घटनाओं के लिए वांछित 500 से अधिक महिलाओं की पहचान पूरी हो चुकी है और उनके खिलाफ 138 मामले दर्ज किए गए हैं।

कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने देश भर में लगभग 8,000 लोगों को गिरफ्तार किया था, जिनमें ज्यादातर पीटीआई नेता और पार्टी कार्यकर्ता थे, जो इस्लामाबाद में अर्द्धसैनिक रेंजरों द्वारा खान की गिरफ्तारी के बाद भड़की हिंसा में कथित रूप से शामिल थे। खान के समर्थक कार्यकर्ताओं ने लाहौर कॉर्प्स कमांडर के घर, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित एक दर्जन सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ की। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय पर भी पहली बार भीड़ ने हमला किया था। इस बीच, संघीय जांच एजेंसी (एफआईए) ने पीटीआई के 700 नेताओं और कार्यकर्ताओं के नाम उड़ान-वर्जित सूची में डाल दिए हैं।

# सूडान संघर्ष में 13 लाख लोग विस्थापित हुए लाखों लोगों ने पड़ोसी देश में शरण ली

एपी। काहिरा

**सूडान** की सेना और एक शक्तिशाली अर्धसैनिक बल के बीच संघर्ष में 13 लाख से अधिक लोग विस्थापित हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र प्रवासन एजेंसी ने बुधवार को यह जानकारी दी।

प्रवासन के लिए अंतरराष्ट्रीय संगठन ने कहा कि संघर्ष के चलते सूडान में 10 लाख लोग अपने घरों को छोड़कर सुरक्षित इलाकों में जाने के लिए मजबूर हुए। संगठन के मुताबिक करीब तीन लाख 20 हजार अन्य लोगों ने मिस्र, दक्षिण सूडान, चाड, इथियोपिया, द सेंट्रल अफ्रीकन रिपब्लिक और लीबिया जैसे पड़ोसी देशों में शरण ली। जनरल अब्देल-फतह बुरहान के नेतृत्व वाली सेना और जनरल मोहम्मद हमदान दगालो के नेतृत्व वाली रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच महीनों तक चले तनाव के बाद 15 अप्रैल को जंग शुरू हुई।

संघर्ष ने देश में लोकतंत्र के बहाल होने की सूडानी लोगों की उम्मीदों को पटरी से उतार दिया। अक्टूबर 2021 में दो जनरलों के नेतृत्व में एक सैन्य तख्तापलट से लोकतांत्रिक व्यवस्था खत्म हो गई थी। संघर्ष ने लोकतंत्र के लिए देश के नाजुक संक्रमण को बहाल करने की सूडानी उम्मीदों को पटरी से उतार दिया, जो अक्टूबर 2021 में दो जनरलों के नेतृत्व में एक सैन्य तख्तापलट से बाधित हो गया था।

सूडानी डॉक्टर्स सिंडिकेट के हालिया नंबरों के अनुसार, संघर्ष में कम से कम 863 नागरिकों की मौत हुई है, जिनमें कम से कम 190 बच्चे शामिल हैं, और 3,530 से अधिक अन्य घायल हुए हैं।

# न्यूयॉर्क आपराधिक मामले में डिजिटल माध्यम से पेश हुए ट्रंप

**न्यूयॉर्क (अमेरिका)।** न्यूयार्क आपराधिक मामले में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप मंगलवार को डिजिटल वीडियो माध्यम से अदालत में पेश हुए। इस मामले में न्यायाधीश ने सुनवाई के लिए 25 मार्च की संभावित तारीख तय की जो राष्ट्रपति चुनाव के प्राइमरी के दौर में पड़ेगी।

ट्रंप ने पिछले महीने इस आपराधिक मामले में खुद को बेकसूर बताया था। सुनवाई करीब 15 मिनट चली।

मंगलवार की सुनवाई में मैनहट्टन के न्यायाधीश जुआन मर्चन ने अभियोजकों द्वारा बदले गए कुछ सबूतों को ट्रंप द्वारा सार्वजनिक रूप से प्रसारित करने से रोकने संबंधी एक आदेश की समीक्षा की। ट्रंप को पिछले महीने अदालत में व्यक्तिगत पेशी से छूट दी गई थी। इसके बजाय रिपब्लिकन पार्टी के नेता वीडियो कॉन्फ्रेंस से पेश हुए, जिसमें उसका चेहरा कोर्ट रूम टीवी मॉनिटर पर नजर आ रहा था।

सुनवाई के दौरान अधिकतर समय ट्रंप के वीडियो फीड को म्यूट (आवाज रहित) कर दिया गया था, जिससे वह अपने वकील टॉड ब्लैंच के साथ स्वतंत्र रूप से परामर्श कर पाएं।

ट्रंप ने अपनी कंपनी द्वारा अपने पूर्व वकील माइकल कोहेन को किए गए भुगतानों से संबंधित बिजनेस रिकॉर्ड को गलत ठहराने संबंधी मामले में चार अप्रैल को खुद को बेकसूर बताया था।



**लंदन में अपने साप्ताहिक प्रधान मंत्री के प्रश्न कार्यक्रम के लिए हाउस ऑफ कॉमन्स जाने के लिए 10 डाउनिंग स्ट्रीट से निकलते ब्रिटेन के प्रधान मंत्री ऋषि सुनक**

# फवाद चौधरी ने पाकिस्तान तहरीक ए इंसाफ पार्टी छोड़ी

भाषा। इस्लामाबाद



**पाकिस्तान** के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान को झटका देते हुए उनके करीबी सहयोगी और पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने बुधवार को पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी से इस्तीफा दे दिया।

खान के समर्थकों द्वारा नौ मई को सैन्य प्रतिष्ठानों में तोड़फोड़ और आगजनी की घटनाओं के बाद से पीटीआई पाकिस्तान सरकार के दबाव का सामना कर रही है।

इससे एक दिन पहले पाकिस्तान की पूर्व मंत्री और इमरान खान की करीबी सहयोगी शिरीन मजारी ने पीटीआई छोड़ दी थी और समूचे पाकिस्तान में नौ मई को संवेदनशील रक्षा प्रतिष्ठानों पर हमला करने वाले खान के समर्थकों की कार्वाई की निंदा की। चौधरी ने कहा, मैने अपने पूर्व के बयान में नौ मई की घटनाओं की स्पष्ट रूप से निंदा की थी। मैंने कुछ समय के लिए राजनीति से दूर होने का फैसला किया है, इसलिए मैंने पार्टी के पद से इस्तीफा दे दिया है और इमरान खान से अलग हो रहा हूं। चौधरी ने खान के नेतृत्व वाली सरकार के दौरान सूचना एवं प्रसारण मंत्री और विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्री के रूप में कार्य किया था। वह पीटीआई के वरिष्ठ उपाध्यक्ष और पार्टी प्रवक्ता थे।

# माउंट एवरेस्ट की चोटी के आसपास भारतीय पर्वतारोही की तलाश जारी

भाषा। सिंगापुर

**माउंट एवरेस्ट** की चोटी पर पहुंचने के बाद पिछले शनिवार को लापता हुए भारतीय मूल के सिंगापुरी पर्वतारोही की तलाश में कई टीम लगी हुई हैं। नेपाल गाइड ट्रेक्स एंड एक्पेडिशन के मालिक प्रकाश चंद्र देवकोटा ने बताया कि पर्वतारोही श्रीनिवास सैनी दत्तात्रेय की तलाश में लगे प्रत्एक दल में तीन तीन शेरपा शामिल हैं। समाचारपत्र द स्ट्रेट्स टाइम्स ने मंगलवार को अपनी एक रिपोर्ट में बताया कि देवकोटा ने पिछले शुक्रवार को चोटी पर पहुंचने की पर्वतारोही की एक तस्वीर भी साझा की है। इस तस्वीर में दत्तात्रेय गहरे नारंगी रंग के कपड़े, धूप का चश्मा तथा ऑक्सीजन मास्क पहने नजर आ रहे हैं। इसमें 8,849 मीटर उंची चोटी पर उनके इर्द गिर्द काफी सारे झंडे लगे दिखाई दे रहे हैं। दत्तात्रेय जेएलएल टेक्नोलॉजी में वरिष्ठ प्रबंधक हैं। एक अन्य तस्वीर में पर्वतारोही पीठ के बल लेटे हैं और तीन अन्य लोग एक जैसे कपड़े पहने बैठे हैं। खबर के मुताबिक, श्रीनिवास ने आखिरी बार शुक्रवार को अपनी पत्नी को एक संदेश भेजा था, जिसमें उन्होंने बताया था कि वह एवरेस्ट की चोटी पर पहुंच गए हैं। उन्होंने बताया था कि उन्हें सेरेब्रल ओडेमा हुआ है और उनके वापस नीचे आने की संभावना नहीं है। सेरेब्रल ओडेमा उंचाई पर होने वाली एक बीमारी है, जो जानलेवा भी साबित हो सकती है। श्रीनिवास की पत्नी सुषमा सोमा ने बताया कि उनकी अपने पति से आखिरी बार शुक्रवार दोपहर साढ़े तीन बजे बात हुई थी। सोमा को शुक्रवार देर रात दो बजे पता चला कि उनके पति के साथ गए दो शेरपा और समूह के अन्य लोग लौट आए हैं लेकिन श्रीनिवास वापस नहीं आए। सोमा ने सोमवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी में लिखा कि बचाव एवं राहत अभियान जारी है आपके संदेशों के लिए आप सभी का शुक्रिया। हम आपके प्यार और जो चिंताएं अपनी दिखाई हैं, उसके लिए आपके आभारी हैं।

# बखमुत की लड़ाई में हमारे 20,000 सैनिक मारे गए: प्रगोझिन

एपी। कीव

**रूस** की निजी सेना वैगनर के प्रमुख का कहना है कि उसके बल ने बखमुत में लंबी खिंची लड़ाई में 20,000 से अधिक लड़ाकों को खो दिया है। उसने कहा कि पूर्वी यूक्रेन में 15 महीने से जारी लड़ाई के लिए भर्ती किए गए 50,000 रूसी अपराधियों में से से लगभग 20 प्रतिशत मारे जा चुके हैं।

यह आंकड़ा मॉस्को के इन दावों के विपरीत है कि युद्ध में उसके केवल 6,000 सैनिक मारे गए हैं। मरने वालों का आंकड़ा 1979-89 के बीच सोवियत संघ के अफगानिस्तान में मारे गए 15,000 सैनिकों की संख्या से भी अधिक है। फरवरी 2022 में रूस का आक्रमण शुरू होने के बाद से यूक्रेन ने यह नहीं बताया है कि उसके कितने सैनिक मारे गए हैं।

विश्लेषकों का मानना है कि अकेले बखमुत में नौ महीने से जारी लड़ाई में हजारों सैनिक मारे गए हैं जिनमें वे अपराधी भी शामिल हैं जिन्हें कथित तौर पर मोर्चे पर भेजे जाने से पहले बहुत कम प्रशिक्षण प्राप्त हुआ था। वैगनर प्रमुख एवगेनी प्रिगोझिन ने मंगलवार देर रात प्रकाशित एक साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन के ˆविसैन्ईकरणˆ का रूस के आक्रमण का लक्ष्य उल्टा असर कर रहा है क्योंकि यूक्रेनी सेना अपने पश्चिमी सहयोगियों से मिले हथियारों और प्रशिक्षण के चलते मजबूत हो गई है। क्रेमलिन समर्थक राजनीतिक रणनीतिकार कोन्स्टेंटिन डोलगोव के साथ अपने साक्षात्कार में प्रिगोझिन ने यह भी कहा कि निरंतर पश्चिमी समर्थन को देखते हुए यह संभव है कि आने वाले हफ्तों में कीव की जवाबी कार्वाई रूसी सेना को दक्षिणी और पूर्वी यूक्रेन के साथ-साथ क्रीमिया से बाहर धकेल दे।

उन्होंने कहा, इसलिए हमें एक कठिन युद्ध के लिए तैयार रहने की आवश्यकता है। यूक्रेनी जनरल स्टाफ ने बुधवार को कहा कि बखमुत के अंदर ˆभीषण लड़ाईˆ जारी है। इससे कुछ दिन पहले रूस ने कहा था कि उसने बखमुत शहर पर पूरी तरह से कब्जा कर लिया है।

इस बीच, रूसी सेना ने देश के दक्षिणी बेलगोरोद क्षेत्र में बड़ी संख्या में ड्रोन को मार गिराया। एक स्थानीय अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। इससे एक दिन पहले रूस ने दावा किया था कि उसके सैनिकों ने सीमा पार से किए गए यूक्रेन के हमले को नाकाम कर दिया। बेलगोरोद के गवर्नर ब्याचेस्लाव ग्लादकोव ने एक टेलीग्राम पोस्ट में कहा, प्रांत के उपर रातभर मंडराते रहे कई ड्रोन को मार गिराया गया। उन्होंने कहा कि किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं है, लेकिन अनिर्दिष्ट प्रशासनिक भवनों, आवासीय भवनों और वाहनों को नुकसान पहुंचा है। यूक्रेनी अधिकारियों ने तत्काल कोई टिप्पणी नहीं की। रूस ने कल दावा किया था कि उसके सैनिकों ने सीमा पार से किए गए यूक्रेन के हमले को नाकाम कर दिया। रूस के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि बेलगोरोद में लगभग 24 घंटे तक चली लड़ाई में 70 से अधिक हमलावर मारे गए। इस घटना में किसी रूसी के हताहत होने की खबर नहीं थी। रूसी रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता इगोर कोनार्शेकोव ने दावा किया कि सशस्त्र हमलावरों को रूसी सेना की स्थानीय इकाइयों, हवाई हमलों और तोपखाने की मदद से खदेड़ दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि हमले में बारह स्थानीय नागरिक घायल हो गए और कार्वाई के दौरान एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। यह लड़ाई पूर्वी यूक्रेन के खारकीव शहर से लगभग 80 किलोमीटर उत्तर में बेलगोरोद क्षेत्र में हुई।

## यूक्रेन को 100 सैन्य वाहन देगा जापान

**तोक्यो।** जापान ने यूक्रेन को करीब 100 सैन्य वाहन दान करने की योजना के तहत बुधवार को एक समारोह आयोजित किया और साथ ही कहा कि युद्ध के जल्द समाप्त होने की उम्मीद जताई। रक्षा मंत्रालय में आयोजित एक समारोह में जापान के उप-रक्षा मंत्री तोशीरो इनो ने यूक्रेनी राजदूत सेर्गी कोर्सुनस्की को एक दस्तावेज सौंपा जिसमें दान में दिए जाने वाले तीन प्रकार के वाहनों का विवरण था। इनो ने कहा, हम आशा करते हैं कि युद्ध जल्द से जल्द समाप्त हो और हालात फिर से पहले की तरह सामान्य हो जाएं। हम जितना संभव होगा उतना समर्थन प्रदान करेंगे। अन्य देशों ने यूक्रेन को जहां टैंक, मिसाइल और लड़ाकू जेट प्रदान किए हैं, वहीं जापान ने अपने दान को गैर-घातक उपकरणों तक सीमित रखा है। पिछले साल रूस के आक्रमण के बाद से जापान ने यूक्रेन को बुलेटप्रूफ जैकेट, हेलमेट, गैस मास्क, हजमत सूट, छोटे ड्रोन और राशन मुहैया कराया है।

## बोरिस जॉनसन के खिलाफ कोविड नियमों के उल्लंघन के नए आरोप सामने आए

**लंदन।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन के खिलाफ कोविड-19 की रोकथाम के लिए लागू लॉकडाउन के उल्लंघन के नए आरोप सामने आए हैं, जिन्हें लेकर पुलिस में शिकायत दर्ज की गई है। जॉनसन को लॉकडाउन से जुड़े नियमों का उल्लंघन कर 10 डाउनिंग स्ट्रीट (ब्रिटिश प्रधानमंत्री का आवास) पर पार्टी आयोजित करने के आरोपों के बाद पिछले साल जुलाई में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था। पूर्व प्रधानमंत्री ने अपने उपर लगे नए आरोपों को खारिज करते हुए उन्हें विचित्र और अस्वीकार्य करार दिया है।

उन्होंने कहा कि ए आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और कोरोना काल में नियमों का उल्लंघन कर किसी ने भी प्रधानमंत्री कार्यालय का दौरा नहीं किया था। बताया जा रहा है कि ब्रिटेन के कैबिनेट कार्यालय ने लॉकडाउन के दौरान जॉनसन से मिलने के लिए प्रधानमंत्री आवास पहुंचे कुछ लोगों की यात्राओं को लेकर आगंतुक डायरी की कुछ प्रविष्टियां पुलिस के पास भेजी हैं।

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल अंकित चौहान जो निर्मित सम्पत्ति मकान नं. 153, एफ-64, सी/7, सैक्टर-40, नोएडा जनपद गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र. को मुख्तारनामा आम द्वारा भगवती देवी से खरीदना चाहते हैं। यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को इस बिक्री लेनदेन के लिए कोई आपत्ति है या वह अपना दावा आदि करना चाहता है तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तारीख से 15 दिन के भीतर नोएडा विकास प्राधिकरण के कार्यालय में बतौर दस्तावेजों के प्रमाण के साथ अधोहस्ताक्षरी से सम्पर्क कर सकता है।

अंतरीति का नाम - अंकित चौहान
पुत्र कुमार पाल सिंह चौहान
निवासी मकान नं. 152, एफ-64, सी/7, सैक्टर-40, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उ.प्र.

**PUBLIC NOTICE**

This is to inform public at large that following shares certificate of **Eicher Motors Limited** having its registered office at: **3rd Floor, Select City Walk, A-3 District Centre, Saket, New Delhi 110017** registered in the name of following share holders have been lost/mis-placed:

SN.1 - NAME OF THE SHARE HOLDER - V. B. AGARWALA
FOLIO NO.:- 0031402
CERTIFICATE NO'S:- 43200
DISTINCTIVE NO'S: - 4318601 TO 4318700
NO. OF SHARES :- 100 FACE VALUE OF RS10/-

Any person who has any claim in respect of the said shares should lodge such claim with the Company within 15 days of publication of this notice after which no claim will be entertained and the Company shall proceed to issue Duplicate Share Certificate/s.

Date: 25th May 2023
VB Agarwala

# भारत 2047 तक विश्व गुरु बन जाएगा : धनखड़

**भाषा।** नई दिल्ली



**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने बुधवार को कहा कि भारत अभूतपूर्व विकास पथ पर आगे बढ़ रहा है और 2047 तक यह विश्व गुरु बन जाएगा। भारत 2047 में अपनी स्वतंत्रता की 100वीं वर्षगांठ मनाएगा। धनखड़ ने जोर देकर कहा कि देश की आर्थिक प्रगति और उसकी सुरक्षा आपस में गहराई से जुड़ी हुई हैं और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) जैसे बल भारत के समग्र विकास के संरक्षक हैं। उपराष्ट्रपति यहां बीएसएफ के वार्षिक रुस्तमजी स्मृति व्याख्यान को संबोधित कर रहे थे। यह व्याख्यान बीएसएफ के पहले प्रमुख के.एफ. रुस्तमजी की याद में आयोजित किया जाता है, जो 1965-74 के दौरान 2.65 लाख की क्षमता वाले बल के महानिदेशक थे। वर्ष 1965 में गठित बीएसएफ पर पाकिस्तान और बांग्लादेश से सटी सीमाओं की सुरक्षा की जिम्मेदारी है। धनखड़ ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा देश की प्रगतिशील समृद्धि की आधारशिला है और जो विकास पहले होना चाहिए था, वह अब हो रहा है। उन्होंने कहा, आप देखिए हमारे पास किस तरह का सड़क ढांचा है, किस तरह की तकनीकी भागीदारी हो रही है, किस तरह के हथियार उपलब्ध कराए जा रहे हैं और किस तरह की सुविधाएं मानव संसाधन के लिए बनाई जा रही हैं... यह कोई बाध्यता नहीं, हमारा कर्तव्य है (बीएसएफ जैसे सुरक्षा बलों के लिए)। धनखड़ ने कहा कि वह इस बात से संतुष्ट हैं कि इन मुद्दों पर ध्यान दिया जा रहा है।उन्होंने कहा कि भारत अभूतपूर्व प्रगति की तरह बढ़ रहा है और यह सतत वृद्धि उच्च-स्तर पर जाएगी और 2047 तक भारत विश्व गुरु होगा। उपराष्ट्रपति ने कहा, लगभग एक दशक पहले हम 11वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था थे, हालांकि, सितंबर 2022 में हम ब्रिटेन को पछाड़कर पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गए और इस दशक के अंत तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने कहा कि देश ने डिजिटल अर्थव्यवस्था के तौर पर भी दुनिया का ध्यान आकर्षित किया है और वर्ष 2022 में भारत का डिजिटल लेन-देन अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और जर्मनी की तुलना में चार गुना अधिक रहा था। धनखड़ ने कहा, यह सब इसलिए संभव हो सका क्योंकि हमारी सीमाएं सुरक्षित हैं।

## अमेरिकी वाणिज्य मंत्री ने आर्थिक संबंध मजबूत करने पर चर्चा की

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रधान सचिव पी के मिश्रा और अमेरिका की वाणिज्य मंत्री जीना रायमोंडो ने मंगलवार को वॉशिंगटन में बैठक कर दोनों देशों के आर्थिक संबंधों को मजबूत करने पर चर्चा की।

वॉशिंगटन में मिश्रा ने अमेरिकी प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों, उद्योग जगत के प्रतिनिधियों, विचारकों और शिक्षाविदों से भी चर्चा की। वॉशिंगटन में भारतीय दूतावास ने ट्वीट किया, प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रधान सचिव डॉ. पी के मिश्रा ने अमेरिका की वाणिज्य मंत्री रायमोंडो के साथ सार्थक बैठक की। उन्होंने आर्थिक और प्रौद्योगिकी साझेदारी मजबूत करने पर चर्चा की। मिश्रा ने यूनाइटेड स्टेट्स एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डेवलपमेंट (यूएसएआईडी) प्रशासक समांथा पावर से भी बैठक की और आपदा प्रतिरोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन (सीडीआरआई) के अंतर्गत चल रहे कार्यों, विकास सहयोग और अन्य देशों की साझेदारियों पर सकारात्मक चर्चा की।

# असम, मेघालय के मुख्यमंत्रियों ने सीमा विवाद पर की चर्चा

**भाषा।** गुवाहाटी

**असम** के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और मेघालय के मुख्यमंत्री कोनराड संगमा ने बुधवार को मुलाकात की और सीमा पर 12 में से शेष छह क्षेत्रों में पूर्वोत्तर के दोनों पड़ोसियों के बीच विवाद को हल करने के लिए विचार-विमर्श किया। गुवाहाटी में बैठक के बाद संवाददाता सम्मेलन में शर्मा ने घोषणा की कि वह संगमा के साथ अगले महीने असम के कार्बी आंगलोंग और मेघालय के पश्चिम जयंतिया हिल्स में विवादित क्षेत्रों का दौरा करेंगे, जहां समस्या थोड़ी जटिल है।

मेघालय, असम से अलग होकर 1972 में नए राज्य के रूप में अस्तित्व में आया था, लेकिन उसने असम पुनर्गठन अधिनियम, 1971 को चुनौती दी है जिससे 12 सीमावर्ती स्थानों पर विवाद की स्थिति है।

दोनों राज्यों ने 884.9 किलोमीटर लंबी सीमा पर छह क्षेत्रों में विवाद के निपटारे के लिए मार्च 2022 में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की मौजूदगी में नई दिल्ली में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर दस्तखत किए थे।

समझौते के अनुसार 36.79 वर्ग किलोमीटर विवादित क्षेत्र पहले चरण में समाधान के लिए लिया गया जिसमें असम को 18.51 वर्ग किलोमीटर और मेघालय को 18.28 वर्ग किलोमीटर जमीन पर पूरी तरह नियंत्रण मिला। असम के मुख्यमंत्री ने संवाददाताओं से कहा, यह विश्वास निर्माण का कदम होगा ताकि दोनों पक्षों के लोगों को आश्वस्त किया जा सके कि हम मतभेदों को सुलझा रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि बातचीत, आपसी विश्वास और भरोसे के जरिए हम छह अन्य विवादित क्षेत्रों को लेकर मतभेदों को अपेक्षित समय से पहले सुलझा लेंगे।

संगमा ने कहा कि हालांकि इन छह क्षेत्रों में मतभेद जटिल हैं, लेकिन इन्हें भी विश्वास और दोस्ती की भावना से सुलझाया जा सकता है।

उन्होंने कहा, चीजें जटिल हैं लेकिन हमारा मानना है कि जहां चाह होती है, तो वहां रास्ता अपने आप बन जाता है। संगमा ने कहा कि जिन छह क्षेत्रों के लिए पिछले साल पहले चरण में दोनों राज्यों के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए थे, उनमें सर्वेक्षण तथा अन्य संबद्ध कार्य चल रहे हैं। यह पूछे जाने पर कि क्या शेष छह क्षेत्रों में समाधान खोजने के लिए कोई समयसीमा निर्धारित की गई है, शर्मा ने कहा, ए छह क्षेत्र थोड़े जटिल हैं, समयसीमा तय करना उचित विचार नहीं है लेकिन हम काम की प्रगति की समीक्षा के लिए जुलाई में मिलेंगे।

## जी20 प्रतिनिधियों ने गोल्फ का लुत्फ उठाया

**श्रीनगर।** तीसरे जी20 पर्यटन कार्य समूह की बैठक मे भाग लेने वाले प्रतिनिधियो ने बुधवार को गोल्फ के एक सत्र का आनंद लिया और डल झील के किनारे प्रसिद्ध मुगल गार्डन की भी सैर की। अधिकारियो ने यह जानकारी दी। प्रतिनिधि जिस होटल मे ठहरे है उसके लॉन में सुबह आयोजित एक योग सत्र मे भी उन्होने हिस्सा लिया। अधिकारियो ने कहा कि प्रतिनिधियो और भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने रॉयल स्प्रिंग्स गोल्फ कोर्स (आरएसजीसी) में गोल्फ खेला। अधिकारियो ने बताया कि इसके बाद उन्होने डल झील के किनारे स्थित प्रसिद्ध मुगल गार्डन निशात का दौरा किया।

## अभिनेता नितेश पांडे का 52 साल की उम्र में निधन



**मुंबई।** टेलीविजन धारावाहिक अनुपमा के अभिनेता नितेश पांडे बुधवार को तड़के ग्रामीण नासिक के इगतपुरी स्थित एक होटल के कमरे मे मृत पाए गए। वह 52 साल के थे। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पांडे को टेलीविजन धारावाहिक साया, अस्तित्व...एक प्रेम कहानी , और शाहरुख खान अभिनीत फिल्म ओम शांति ओम और दिबाकर बनर्जी की फिल्म खोसला का घोसला मे उनकी भूमिकाओ के लिए भी जाना जाता है। वह शूटिंग के लिए इगतपुरी में थे। अधिकारी के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और पुलिस ने इगतपुरी पुलिस थाने में दुर्घटनावश मौत का मामला दर्ज किया है।

## अभिनेत्री वैभवी उपाध्याय की सड़क दुर्घटना में मौत



**शिमला।** लोकप्रिय टेलीविजन धारावाहिक साराभाई वर्सेज साराभाई की अभिनेत्री वैभवी उपाध्याय की हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले मे एक सड़क दुर्घटना में मृत्यु हो गई। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि कुल्लू के बंजार इलाके मे स्थित सिधवान के पास उनका वाहन (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) एक खाई मे गिर जाने के बाद सोमवार को उनकी मृत्यु हो गई। एक तीखे मोड़ पर चालक के वाहन पर नियंत्रण खो देने के कारण यह दुर्घटना हुई। कुल्लू की पुलिस अधीक्षक (एसपी) साक्षी वर्मा ने पीटीआई-भाषा को बताया, वैभवी ने खिड़की के जरिए वाहन से बाहर निकलने की कोशिश की और उनके सिर मे चोट लग गई, जो घातक साबित हुई। उन्हे बंजार के सिविल अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हे मृत घोषित कर दिया। उन्होने बताया कि अभिनेत्री का शव पोस्टमॉर्टम के बाद उनके भाई अंकित उपाध्याय को सौप दिया गया। उनका परिवार चंडीगढ़ मे रहता है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार संतोषजनक स्थिति में : उद्योग मंत्री पीयूष गोयल

**भाषा।** नई दिल्ली



**वाणिज्य** एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा है कि भारत का विदेशी मुद्रा भंडार मजबूत है और यह अगले पांच-छह साल में खराब-से-खराब परिस्थितियों में देश की सभी जरूरतों को पूरा करने के लिए संतोषजनक स्थिति में है। भारतीय रिजर्व बैंक के आंकड़ों के अनुसार, 12 मई को समाप्त सप्ताह में भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 3.55 अरब डॉलर बढ़कर 599.52 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) के वार्षिक सत्र को संबोधित करते हुए गोयल ने बुधवार को कहा कि सरकारी प्रयासों ने मुद्रास्फीति के प्रबंधन में मदद की है और मुझे खुशी है कि रिजर्व बैंक ने भी इसे मान्यता देते हुए पिछली मौद्रिक समीक्षा बैठक में ब्याज दरों में बदलाव नहीं किया है।

विदेशी मुद्रा भंडार पर उन्होंने कहा, हमारे पास मजबूत विदेशी मुद्रा भंडार है ... आज अपने विदेशी मुद्रा भंडार की वजह से भारत खराब से खराब स्थिति में भी अगले पांच-छह साल की जरूरतों को पूरा करने की दृष्टि से संतोषजनक स्थिति में है। उन्होंने कहा कि दुनिया में कोई भी अन्य विकासशील देश इस तरह की बेहतर स्थिति में नहीं है। यह पहली बार है जब कारोबारी ब्याज दरों को विकसित देशों के समान देख रहे हैं। उन्होंने कहा, मेरा मानना है कि यह निवेश, वृद्धि, हमारी अंतरराष्ट्रीय पहुंच का विस्तार करने, प्रौद्योगिकी लाने, और देश में नवोन्मेषण लाने के लिए एक आकर्षक मामला है। उन्होंने कहा कि भारत के व्यापारिक भागीदार मुक्त व्यापार करार (एफटीए) के लिए वार्ताओं में तेजी चाहते हैं। भारत अभी कनाडा, ईएफटीए (यूरोपियन मुक्त व्यापार संघ), ब्रिटेन और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ इस तरह के समझौतों के लिए बातचीत कर रहा है। उन्होंने कहा, यह वैश्विक व्यवस्था में भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाता है। एफटीए दोतरफा होता है ... मुझे बहुत दुख होता है जब कभी-कभी कहा जाता है कि मैं (उद्योग) यूरोपीय संघ के बाजार तक पहुंच चाहता हूं, लेकिन कृपया उन्हें इसकी अनुमति न दें। मंत्री ने भरोसा जताया कि 2030 तक देश 2,000 अरब डॉलर के वस्तुओं और सेवाओं के निर्यात के आंकड़े पर पहुंच जाएगा।

# बीते वित्त वर्ष में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 16% घटकर 71 अरब डॉलर रहा

**भाषा।** नई दिल्ली




**देश** में सकल प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) बीते वित्त वर्ष 2022-23 में 16.3 प्रतिशत घटकर 71 अरब डॉलर रहा। एक दशक में यह पहली बार है जब किसी वित्त वर्ष में एफडीआई प्रवाह घटा है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के आंकड़ों के अनुसार, इसके पीछे वैश्विक अर्थव्यवस्था में नरमी मुख्य कारण रहा।

वित्त वर्ष 2021-22 में सकल एफडीआई प्रवाह 81.97 अरब डॉलर था, जो उससे पिछले वित्त वर्ष से 10 प्रतिशत ज्यादा था। सकल एफडीआई में पिछली गिरावट वित्त वर्ष 2012-13 में हुई थी, जब निवेश 26 प्रतिशत घटकर 34.29 अरब डॉलर रह गया था। आरबीआई के ताजा मासिक बुलेटिन में प्रकाशित लेख के अनुसार, वित्त वर्ष 2022-23 में सकल एफडीआई प्रवाह 71 अरब डॉलर रहा, जो सालाना आधार पर 16.3 प्रतिशत कम है। विज्ञप्ति के अनुसार, समीक्षाधीन वित्त वर्ष में शुद्ध एफडीआई भी सालाना आधार पर लगभग 27 प्रतिशत घटकर 28 अरब डॉलर रहा, जो इससे पिछले वित्त वर्ष में 38.6 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन वर्ष में पिछले वर्ष की तुलना में एफडीआई प्रवाह में गिरावट सबसे ज्यादा विनिर्माण, कंप्यूटर सेवा और संचार सेवा क्षेत्रों में रही।

## क्विक न्यूज

### भारत के पास साल के अंत तक मौसम पूर्वानुमान के लिए नया सुपर कंप्यूटर होगा: पृथ्वी विज्ञान मंत्री



**नई दिल्ली।** केंद्रीय पृथ्वी विज्ञान मंत्री किरेन रीजीजू ने बुधवार को कहा कि भारत इस साल के अंत में मौसम की भविष्यवाणी करने वाले संस्थानो के लिए अपना नया 18 पेटाफ्लॉप सुपर कंप्यूटर पेश करेगा। रीजीजू ने नोएडा मे मंत्रालय के राष्ट्रीय मध्यम अवधि मौसम पूर्वानुमान केन्द्र (एनसीएमआरडब्ल्यूएफ) का दौरा करने के बाद यह घोषणा की। एनसीएमआरडब्ल्यूएफ मे मिहिर , 2.8 पेटाफ्लॉप सुपर कंप्यूटर है, जबकि भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान (आईआईटीएम), पुणे में प्रत्यूष , 4.0 पेटाफ्लॉप सुपर कंप्यूटर है। रीजीजू ने एनसीएमआरडब्ल्यूएफ मे संवाददाताओं से कहा, "नया सुपर कंप्यूटर 900 करोड़ रुपए की लागत से खरीदा जाएगा"।

### नीति आयोग की 27 मई को होने वाली बैठक में भाग नहीं लेंगी ममता बनर्जी



**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने 27 मई को नई दिल्ली मे होने वाली नीति आयोग की बैठक मे शामिल नही होने का फैसला किया है। राज्य सचिवालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक दिन पहले ही तृणमूल कांग्रेस ने घोषणा की थी कि वह राष्ट्रीय राजधानी मे नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करेगी। नीति आयोग की बैठक मे भाग नही लेने के बनर्जी के फैसले के पीछे वजह पता नही चली है। राज्य सचिवालय के अधिकारी ने कहा, पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री 27 मई को नई दिल्ली मे होने वाली नीति आयोग की बैठक मे संभवतः भाग नही लेंगी। बनर्जी ने इस महीने की शुरुआत मे बैठक मे भाग लेने की इच्छा व्यक्त की थी और कहा था कि वह राज्य के मुद्दो को उजागर करेंगी जिसे केंद्र द्वारा कथित रूप से वंचित किया जा रहा है। बाद मे उन्होने कहा था, मै नई दिल्ली मे 27 मई को नीति आयोग की बैठक मे हिस्सा लूंगी क्योंकि राज्य के मुद्दो को उठाने का यह एक मंच है। बनर्जी ने बिहार के मुख्यमंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) नेता नीतीश कुमार से इस महीने के आखिर मे पटना मे विपक्षी दलो की बैठक बुलाने को कहा था ताकि 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी मिलकर की जा सके। लेकिन अभी ऐसा कुछ संभव होता नही दिख रहा। तृणमूल कांग्रेस, आम आदमी पार्टी और वाम दलो माकपा तथा भाकपा आदि पार्टियो ने मंगलवार को घोषणा की कि वे 28 मई को नए संसद भवन के उद्घाटन का बहिष्कार करेंगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि सभी राजनीतिक दलो को नए संसद भवन के उद्घाटन के लिए आमंत्रित किया गया है और वे अपने विवेक के अनुसार निर्णय लेगे।

### नए संसद भवन का प्रस्ताव नरसिंह राव के समय आया था, अच्छी बात है कि अब यह काम पूरा हुआ: आजाद



**जम्मू।** पूर्व केंद्रीय मंत्री और डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी (डीपीएपी) के प्रमुख गुलाम नबी आजाद ने बुधवार को कहा कि नए संसद के निर्माण का प्रस्ताव सबसे पहले तत्कालीन प्रधानमंत्री पी वी नरसिंह राव के समय मे सामने आया था, लेकिन यह ठंडे बस्ते में चला गया। उन्होने अब इसका निर्माण होने को अच्छी घटना बताया। विपक्षी दलो द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार किए जाने के बारे में पूछे जाने पर उन्होने कहा, मै इस पर कुछ नही कहूंगा। संसद में बैठे लोगो को यह तय करना है कि वो भाग लेगे या बहिष्कार करेंगे। आजाद ने कहा, 1991-92 मे तत्कालीन प्रधानमंत्री नरसिंह राव के समय सबसे पहले नए संसद भवन के निर्माण का विचार आया था। उस वक्त शिवराज पाटिल लोकसभा अध्यक्ष और मै संसदीय कार्य मंत्री था। न्होंने कहा कि अच्छी बात है कि यह काम अब पूरा हुआ है। विपक्ष के 19 दलो ने बुधवार को ऐलान किया कि वे संसद के नए भवन के उद्घाटन समारोह का सामूहिक रूप से बहिष्कार करेंगे क्योंकि इस सरकार के कार्यकाल मे संसद से लोकतंत्र की आत्मा को निकाल दिया गया है और समारोह से राष्ट्रपति को दूर रखकर अशोभनीय कृत्य किया गया है। उन्होने एक संयुक्त बयान मे यह आरोप भी लगाया कि राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को उद्घाटन समारोह से दूर रखना और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा संसद के नए भवन का उद्घाटन करने का फैसला लोकतंत्र पर सीधा हमला है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 28 मई को संसद के नए भवन का उद्घाटन करेंगे।

# पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कई कानूनों को वापस लिया जाएगा : प्रियंक खरगे

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** के मंत्री प्रियंक खरगे ने बुधवार को कहा कि पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के तहत राज्य के हित के खिलाफ लागू किए गए स्कूल पाठ्यपुस्तक संशोधन और धर्मांतरण-रोधी कानून जैसे आदेश और कानूनों को समीक्षा के बाद संशोधित किया जाएगा, या उन्हें वापस ले लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सरकार उन सभी कानूनों और आदेशों को वापस लेगी, जो राज्य की आर्थिक प्रगति और समृद्धि को बाधित करते हैं तथा कर्नाटक वासियों के हितों के खिलाफ हैं। विभिन्न वर्गों की तरफ से हिजाब पर लगे प्रतिबंध को वापस लेने संबंधी मांग के बीच मंत्री ने इस मुद्दे पर कोई टिप्पणी किए बिना कहा कि सरकार पूर्ववर्ती भाजपा सरकार की उन तमाम नीतियों की समीक्षा करेगी, जो संविधान, समाज निर्माण की भावना और समाज की एकजुटता के खिलाफ हैं। हम पूर्ववर्ती सरकार द्वारा लाए गए हर नीतिगत मामले पर फिर से विचार करेंगे। प्रियंक ने कहा, पिछली सरकार ने कुछ जयंती (प्रमुख व्यक्तियों की जयंती) मनाने का फैसला किया था और अन्य को छोड़ दिया था। केवल जयंती ही नहीं, उसके (पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के) आदेश, चाहे वे पाठ्यपुस्तकों के संबंध में हो, गोहत्या-रोधी या, धर्मांतरण-रोधी कानून क्यों ना हों, उन सभी को संशोधित किया जाएगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, हमारा लक्ष्य कर्नाटक को फिर से अव्वल बनाना है और हम उस दिशा में कदम उठाएंगे। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बेटे प्रियंक उन आठ मंत्रियों में शामिल हैं, जिन्हें पिछले सप्ताह मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के नेतृत्व वाले मंत्रिमंडल में शामिल किया गया था।

# राष्ट्रपति ने देवघर में बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की

**भाषा।** देवघररांची



**राष्ट्रपति** द्रौपदी मुर्मू ने झारखंड के देवघर जिले में बुधवार को बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा अर्चना की। राष्ट्रपति ने 12 ज्योतिर्लिंगों में से एक, देवघर के बाबा बैद्यनाथ मंदिर में विशेष पूजा की। पुजारियों के एक दल ने मंदिर में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पूजा में राष्ट्रपति की मदद की।

मंदिर के अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू ने पुजारियों के वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मंदिर में विशेष पूजा की। एक अधिकारी ने कहा, देवघर में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू पहुंचीं। इसके बाद राष्ट्रपति ने बाबा मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना की और बाबा बैद्यनाथ से देश की सुख-समृद्धि की कामना की। उन्होंने बाबा बैद्यनाथ का विधिविधान से षोडशोपचार पूजन एवं अभिषेक किया।

इससे पहले राष्ट्रपति मुर्मू के देवघर पहुंचने पर राज्यपाल सी.पी. राधाकृष्णन, केन्द्रीय कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल एवं स्थानीय भाजपा सांसद निशिकांत दूबे ने उनका स्वागत किया। बारह पवित्र ज्योतिर्लिंगों में से एक बाबा धाम का सर्वोच्च संवैधानिक पद पर रहते हुए दर्शन करने वाली मुर्मू चौथी राष्ट्रपति हैं। उनसे पूर्व रामनाथ कोविंद, प्रणव मुखर्जी एवं देश के पहले राष्ट्रपति राजेन्द्र प्रसाद ने बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना की थी। इस यात्रा के दौरान वह झारखंड उच्च न्यायालय के नए भवन का उद्घाटन करेंगी, रांची में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईआईटी) के दूसरे दीक्षांत समारोह में हिस्सा लेंगी और खूंटी में एक अन्य कार्यक्रम में शामिल होंगी। यह राष्ट्रपति पद संभालने के बाद झारखंड का उनका दूसरा दौरा है। राष्ट्रपति सचिवालय ने एक बयान जारी कर बताया, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू 24 से 26 मई 2023 तक झारखंड का दौरा करेंगी। वह 24 मई को रांची में झारखंड उच्च न्यायालय के नए भवन का उद्घाटन करेंगी। वह 25 मई को केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा खूंटी में आयोजित महिला सम्मेलन में हिस्सा लेंगी। बयान में कहा गया है, राष्ट्रपति 25 मई को नामकुम में भारतीय सूचना प्रौद्योगिकी संस्थान, रांची के दूसरे दीक्षांत समारोह में भी शामिल होंगी। उसी शाम, वह राजभवन में झारखंड सरकार द्वारा उनके सम्मान में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगी।

देवघर से मुर्मू दोपहर में रांची के बिरसा मुंडा हवाईअड्डे पहुंचीं जहां राज्यपाल राधाकृष्णन और मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने उनका स्वागत किया। रांची हवाई अड्डे से, वह बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने के लिए बिरसा चौक गईं और फिर अल्बर्ट एक्का चौक गईं, जहां वह शहीद लांस नायक परमवीर अल्बर्ट एक्का को श्रद्धांजलि देंगी और फिर राजभवन जाएंगी।

झारखंड के मुख्यमंत्री सोरेन ने एक ट्वीट में कहा, "हम धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा की पवित्र भूमि पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू का भव्य स्वागत करते हैं"।

# कर्नाटक की जीत में अल्पसंख्यकों ने दिया साथ : कांग्रेस

**भाषा।** मुंबई

**महाराष्ट्र** कांग्रेस ने बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) पर देश में सामाजिक सौहार्द को खत्म करने का आरोप लगाया और कहा कि अल्पसंख्यकों ने कर्नाटक चुनाव में पार्टी की शानदार जीत में योगदान दिया। राज्य इकाई के अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ की बैठक में महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि भाजपा के सत्ता में आने तक भारत में सभी जातियों और धर्मों के लोग सद्भाव से रहते थे। उन्होंने भाजपा पर पिछले 9 वर्षों में भारत की असली पहचान को मिटाने का आरोप लगाया।

पटोले ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार लोकतंत्र और संविधान को चोट पहुंचा रही है।

उन्होंने कहा कि भाजपा जाति और धर्म के नाम पर राजनीति कर रही है लेकिन देश के लोग अब इसे देख सकते हैं। पटोले ने कहा कि भाजपा ने कर्नाटक विधानसभा चुनाव में हिजाब जैसे धार्मिक मुद्दे को उठाया, लेकिन जो नेता धार्मिक मुद्दों पर भरोसा करते थे, उनकी जमानत जब्त हो गई। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के लोगों ने भाजपा की धर्मांध राजनीति को जारी नहीं रहने दिया। भाजपा के डबल इंजन नारे पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, मणिपुर में डबल इंजन की सरकार है। हम देख रहे हैं कि आज वहां क्या स्थिति है। पटोले के पार्टी सहयोगी और पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण ने कहा कि कर्नाटक चुनाव ने दिखा दिया है कि देश में डबल इंजन की कोई जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की जरूरत तभी पड़ती है जब एक इंजन रुकता है लेकिन कांग्रेस के पास एक ही दमदार इंजन है और वह हैं राहुल गांधी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में जीत में अल्पसंख्यक समुदाय का भी काफी योगदान है। चव्हाण ने कहा कि यह महाराष्ट्र में भी हो सकता है।

चव्हाण ने कहा कि एआईएमआईएम और भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) महाराष्ट्र में वोटों को बांटने का काम करती हैं और इसका सीधा फायदा भाजपा को होता है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को सत्ता में लाने के लिए अल्पसंख्यक समुदाय को एकजुट होकर उसके साथ खड़ा होना चाहिए।

## मोदी के प्रति नफरत के बुखार से पीड़ित है विपक्ष : फडणवीस



**मुंबई।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए विपक्ष की नफरत की तुलना बुखार से की। वह 28 मई को मोदी द्वारा नए संसद भवन के उद्घाटन समारोह का बहिष्कार करने की कांग्रेस और 19 अन्य पार्टियों की घोषणा पर टिप्पणी कर रहे थे। विपक्षी दल मांग कर रहे हैं कि संसद के नए भवन का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू करें न कि मोदी। फडणवीस ने यहां संवाददाताओं से कहा, ऐसे आयोजनों को पक्षपातपूर्ण नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। नया संसद भवन इस देश की शान है। लोकतंत्र के नए मंदिर के उद्घाटन समारोह में शामिल नहीं होने वाले लोगों द्वारा बताए गए कारण हास्यास्पद हैं। उन्होंने कहा, विपक्ष मोदी के प्रति नफरत के बुखार से पीड़ित है। उन्होंने कहा कि नए संसद भवन का निर्माण कम समय में किया गया, जिससे देश की ताकत पता चलती है।

# भाजपा ने कर्नाटक पुलिस पर भगवाकरण टिप्पणी के लिए उपमुख्यमंत्री शिवकुमार पर निशाना साधा

**भाषा।** बेंगलुरु

**कर्नाटक** में विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बुधवार को प्रदेश की कांग्रेस सरकार पर पुलिस का मनोबल गिराने का आरोप लगाते हुए निशाना साधा और पुलिस बल के भगवाकरण के संबंध में उपमुख्यमंत्री डी. के. शिवकुमार के बयान पर कड़ी आपत्ति जताई। कर्नाटक में कांग्रेस नीत सरकार के सत्ता में आने के बाद पुलिस अधिकारियों के साथ अपनी पहली बैठक में मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने मंगलवार को चेतावनी दी थी कि अगर राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति बिगड़ती है तो संबंधित अधिकारियों को इसके लिए जिम्मेदार माना जाएगा और उनसे कहा कि सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए सौहार्द बिगाड़ने वालों के खिलाफ वे कड़ी कार्वाई करें।

बैठक में मुख्यमंत्री के साथ उपमुख्यमंत्री शिवकुमार भी शामिल थे। उन्होंने भाजपा के नेतृत्व वाले पूर्ववर्ती शासन में कुछ घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा था कि नई सरकार पुलिस विभाग का भगवाकरण नहीं होने देगी।

भाजपा नीत सरकार के कार्यकाल के दौरान मेंगलुरु, विजयपुरा और बागलकोट में कुछ अवसरों पर पुलिसकर्मियों द्वारा भगवा शॉल या पोशाक पहनने की घटनाओं का जिक्र करते हुए उपमुख्यमंत्री ने कहा था, हम अपनी सरकार में पुलिस विभाग का भगवाकरण नहीं होने देंगे।

भाजपा नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बुधवार को कहा कि शिवकुमार का बयान नई सरकार के लिए अच्छी शुरुआत नहीं है।

उन्होंने कहा, सरकारें आती हैं और जाती हैं, लेकिन कानून व्यवस्था बनाए रखने और अपराध को नियंत्रित करने की जिम्मेदारी रखने वाले गृह और पुलिस विभागों को हतोत्साहित करने का कोई प्रयास नहीं किया जाना चाहिए। कल का बयान मनोबल गिराने वाला था... अपने एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने पुलिस पर शक करने की बात कही है। बोम्मई ने दावा किया कि कर्नाटक पुलिस का न तो कभी भगवाकरण हुआ है और न कभी होगा, जबकि इस तरह की सोच कांग्रेस नेताओं का भ्रम मात्र है।

# आईपीएल में लखनऊ का खत्म हुआ अभियान, मुंबई ने 81 रन से हराया

**भाषा।** चेन्नई



**कैमरन** ग्रीन की अगुआई में बल्लेबाजों की उपयोगी पारियों के बाद आकाश मधवाल के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से मुंबई इंडियन्स ने बुधवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग एलिमिनेटर मुकाबले में लखनऊ सुपरजाइंट्स को 81 रन से हरा दिया।

मुंबई के 183 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए सुपरजाइंट्स की टीम मधवाल (पांच रन पर पांच विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 16.3 ओवर में 101 रन पर सिमट गई। मार्कस स्टोइनिस (40) के अलावा सुपरजाइंट्स का कोई और बल्लेबाज टिककर नहीं खेल पाया। टीम के तीन बल्लेबाज रन आउट हुए। मुंबई ने इससे पहले कैमरन ग्रीन (41) और सूर्यकुमार यादव (33) की उम्दा पारियों और दोनों के बीच तीसरे विकेट की 38 गेंद में 66 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 182 रन बनाए। तिलक वर्मा (22 गेंद में 26) और निहाल वढेरा (12 गेंद में 23) ने उपयोगी पारियां खेली। सुपरजाइंट्स की ओर से नवीन उल हक सबसे सफल गेंदबाज रहे जिन्होंने 38 रन पर चार विकेट चटकाए। यश ठाकुर ने भी 34 रन पर तीन विकेट हासिल किए। मुंबई की टीम अब 26 मई को अहमदबाद में दूसरे क्वालीफायर में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस से भिड़ेगी।

लक्ष्य का पीछा करने उतरे सुपरजाइंट्स की शुरुआत खराब रही। टीम ने 23 रन तक ही दोनों सलामी बल्लेबाजों काइल मायर्स (18) और प्रेरक मांकड़ (03) के विकेट गंवा दिए।

आकाश मधवाल ने मांकड़ को ऋतिक शोकीन के हाथों कैच कराया जबकि मायर्स ने क्रिस जोर्डन की गेंद को पुल करने की कोशिश में मिड ऑन पर ग्रीन को कैच थमाया।

मार्कस स्टोइनिस एक बार फिर अच्छी लय में नजर आए। उन्होंने कप्तान कृणाल पंड्या के साथ पावर प्ले में टीम का स्कोर दो विकेट पर 54 रन तक पहुंचाया। स्टोइनिस ने शोकीन का स्वागत लगातार गेंदों पर दो चौकों और एक छक्के के साथ किया। कृणाल (08) हालांकि पीयूष चावला पर बड़ा शॉट खेलने की कोशिश में लांग ऑन पर टिम डेविड के हाथों लपके गए। मधवाल ने इसके बाद लगातार गेंदों पर आयुष बडोनी (01) और निकोलस पूरन (00) को आउट करके सुपरजाइंट्स का स्कोर पांच विकेट पर 74 रन किया। बडोनी बोल्ड हुए जबकि पूरन ने विकेटकीपर इशान किशन को कैच थमाया। स्टोइनिस इसके बाद दो रन लेने की कोशिश में दीपक हुड्डा से टकराने के बाद रन आउट हो गए जबकि कृष्णप्पा गौतम (02) रोहित के सटीक निशाने का शिकार बने जिससे टीम का स्कोर सात विकेट पर 92 रन हो गया। स्टोइनिस ने 27 गेंद का सामना करते हुए पांच चौके और एक छक्का मारा।

सुपरजाइंट्स के रनों का शतक 15वें ओवर में पूरा किया लेकिन मधवाल के इसी ओवर में रवि बिश्नोई (03) ने लांग ऑन पर जोर्डन को कैच दे दिया। इसी ओवर में हुड्डा (15) भी रन आउट हो गए।

सुपरजाइंट्स को अंतिम पांच ओवर में 83 रन की दरकार थी और मधवाल ने मोहसिन खान (00) को बोल्ड करके मुंबई को दूसरे क्वालीफायर में जगह दिलाई।

इससे पहले रोहित (11) ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन वह विरोधी कप्तान कृणाल पंड्या के ओवर में छक्का और चौका जड़ने के बाद नवीन की गेंद पर एक्सट्रा कवर पर आयुष बडोनी को कैच दे बैठे। इशान किशन (15) ने भी यश ठाकुर की गेंद पर विकेटकीपर निकोलस पूरन को कैच थमाया। पिछले मैच के शतकवीर ग्रीन ने नवीन पर दो चौकों के साथ शुरुआत की जबकि अच्छी फॉर्म में चल रहे सूर्यकुमार ने आते ही यश पर छक्का जड़ा। ग्रीन ने कृणाल के ओवर में तीन चौके मारे जिससे टीम ने पावर प्ले में दो विकेट पर 62 रन बनाए। बीच के ओवरों में सूर्यकुमार और ग्रीन ने रन गति बरकरार रखी। दोनों ने मोहसिन खान के ओवर में छक्के जड़े। सूर्यकुमार ने नवीन पर चौके के साथ 11वें ओवर में टीम के रनों का शतक पूरा किया। सूर्यकुमार हालांकि नवीन की धीमी गेंद को हवा में खेलकर लांग ऑफ पर गौतम को आसान कैच दे बैठे। उन्होंने 20 गेंद का सामना करते हुए दो चौके और दो छक्के मारे। नवीन ने इसी ओवर में ग्रीन को भी धीमी गेंद पर बोल्ड करके मुंबई को दोहरा झटका दिया। ग्रीन ने 23 गेंद की अपनी पारी में छह चौके और एक छक्का जड़ा। नवीन के ओवर में दो विकेट गंवाने के बाद मुंबई की रन गति में गिरावट आई। टीम 13 से 15 ओवर में 15 रन ही जोड़ सकी। तिलक वर्मा ने नवीन पर छक्के के साथ रन गति में इजाफे की कोशिश की लेकिन टिम डेविड (13) अगले ओवर में यश की गेंद पर दीपक हुड्डा को कैच दे बैठे।

इंपेक्ट प्लेयर के रूप में उतरे निहाल वढेरा ने आते ही नवीन पर छक्का मारा लेकिन तिलक ने हुड्डा को कैच थमा दिया। वढेरा ने अंतिम ओवर में यश पर भी दो छक्कों के साथ टीम का स्कोर 180 रन के पार पहुंचाया लेकिन अंतिम गेंद पर आउट हो गए।

### स्कोर बोर्ड

**मुंबई इंडियन्स:** इशान किशन का पूरन बो यश 15, रोहित शर्मा का बडोनी बो नवीन 11, कैमरन ग्रीन बो नवीन 41, सूर्यकुमार यादव का का गौतम बो नवीन 33, तिलक वर्मा का हुड्डा बो नवीन 26, टिम डेविड का हुड्डा बो यश 13, निहाल वढेरा का बिश्नोई बो यश 23, क्रिस जोर्डन का हुड्डा बो मोहसिन 04, ऋतिक शौकीन नाबाद 00, **अतिरिक्त:** 16, **कुल:** 20 ओवर में आठ विकेट पर: 182 रन, विकेट पतन: 1-30, 2-38, 3-104, 4-105, 5-148, 6-159, 7-168, 8-182, **गेंदबाजी:** कृणाल 4-0-38-0, गौतम 1-0-8-0, नवीन 4-0-38-4, यश 4-0-34-3, मोहसिन 3-0-24-1, बिश्नोई 4-0-30-0

**लखनऊ सुपरजाइंट्स:** काइल मायर्स का ग्रीन बो जोर्डन 18, प्रेरक मांकड़ का शोकीन बो मधवाल 03, कृणाल पंड्या का डेविड बो चावला 08, मार्कस स्टोइनिस रन आउट 40, आयुष बडोनी बो मधवाल 01, निकोलस पूरन का इशान बो मधवाल 00, दीपक हुड्डा रन आउट 15, कृष्णप्पा गौतम रन आउट 02, रवि बिश्नोई का जोर्डन बो मधवाल 03, नवीन उल हक नाबाद 01, मोहसिन खान बो मधवाल 00, **अतिरिक्त:** 10, कुल: 16.3 ओवर में सभी विकेट खोकर: 101 रन, **विकेट पतन:** 1-12, 2-23, 3-69, 4-74, 5-74, 6-89, 7-92, 8-100, 9-100, गेंदबाजी: बेहरेनडोर्फ 3-0-21-0, मधवाल 3.3-0-5-5, जोर्डन 2-1-7-1, ग्रीन 3-0-15-0, शोकीन 1-0-18-0, चावला 4-0-28-1

# अश्विन-जडेजा को डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अंतिम एकादश में चाहते हैं शास्त्री

**भाषा।** दुबई

**पूर्व** मुख्य कोच रवि शास्त्री का मानना है कि भारतीय टीम को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले महीने ओवल में होने वाले विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल में अपने मजबूत पक्ष के साथ उतरना चाहिए तथा रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा दोनों को अंतिम एकादश में शामिल करना चाहिए। शास्त्री के कोच रहते हुए भारतीय टीम ने 2021 में ओवल में टेस्ट मैच जीता था लेकिन उसमें तेज गेंदबाजों जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, उमेश यादव और शार्दुल ठाकुर के अलावा तत्कालीन उप कप्तान रोहित शर्मा की शतकीय पारी ने अहम भूमिका निभाई थी। शास्त्री ने डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए अपनी अंतिम एकादश का चयन करते हुए कहा कि बुमराह की अनुपस्थिति से भारत की संभावनाओं को झटका लगा है और ऐसे में टीम को एक अन्य स्पिनर के साथ उतरना चाहिए। शास्त्री ने आईसीसी समीक्षा में कहा, भारत ने पिछली बार इंग्लैंड में अच्छा प्रदर्शन किया था क्योंकि तब टीम में बुमराह, मोहम्मद शमी, शार्दुल ठाकुर और



मोहम्मद सिराज थे। इस तरह से आपके पास चार तेज गेंदबाज थे जिनमें से शार्दुल के रूप में ऑल राउंडर था। शास्त्री के अनुसार खिलाड़ियों को परिस्थितियों और उनकी वर्तमान फॉर्म को देखकर चुनना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर आपका तेज गेंदबाजी आक्रमण बहुत अच्छा नहीं है। अगर आपको लगता है कि कुछ तेज गेंदबाज उम्रदराज हो गए हैं और पहले की तरह तेजी से गेंदबाजी नहीं कर सकते हैं तो फिर आपको दो स्पिनरों के साथ उतरना चाहिए क्योंकि अश्विन और जडेजा दोनों उम्दा स्पिनर हैं। भारत ने अपनी टीम में अश्विन और जडेजा के अलावा अक्षर पटेल के रूप में तीसरा स्पिनर भी रखा है। शास्त्री ने कहा, अगर पिच सख्त और सूखी होती है तो फिर आपको हर हाल में दो स्पिनरों के साथ उतरना चाहिए। इंग्लैंड में मौसम की भूमिका अहम होती है लेकिन मुझे लगता है अभी वहां धूप खिली है लेकिन इंग्लैंड के मौसम का पता नहीं। इसलिए यहां अच्छा होगा कि भारत दो स्पिनर, दो तेज गेंदबाज और एक ऑलराउंडर के साथ उतरे। इसके अलावा वह टीम में पांच बल्लेबाज और एक विकेटकीपर को शामिल करे। शास्त्री ने कहा, इसलिए यदि ओवल में परिस्थितियां सामान्य रहती हैं तो यह मेरा टीम संयोजन होगा। आपको ऐसे खिलाड़ी मैदान में उतारने होंगे जो ऑस्ट्रेलिया को हरा सके। जहां तक विकेटकीपर की बात है तो शास्त्री ने कोना भरत को ईशान किशन पर प्राथमिकता दी है। डब्ल्यूटीसी फाइनल के लिए शास्त्री ने भारत की जो अंतिम एकादश चुनी है, वह इस प्रकार है:

रोहित शर्मा (कप्तान), शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, विराट कोहली, अजिंक्य रहाणे, रविंद्र जडेजा, केएस भरत (विकेटकीपर), शार्दुल ठाकुर, रविचंद्रन अश्विन, मोहम्मद शमी और मोहम्मद सिराज।

# नए क्यूबाई कोच के मार्गदर्शन में धाविका प्रिया मोहन की नजरें एशियाई खेलों में पदक पर

**भाषा।** नई दिल्ली

**हैमस्ट्रिंग** चोट से उबरने के बाद ट्रैक पर लौटी प्रिया एच मोहन का लक्ष्य एक बार फिर देश की सबसे तेज 400 मीटर की धाविका बनकर आगामी एशियाई खेलों में क्यूबा के कोच एनिएर गार्सिया के मार्गदर्शन में पदक जीतने का है। प्रिया 2021 में 52 . 77 सेकंड के समय के साथ सबसे तेज 400 मीटर की धाविका बनी जब वह सिर्फ 18 साल की थी। दो साल बाद और दो विश्व अंडर 20 चैम्पियनशिप में पदक जीतने में नाकाम रहने के बाद उसने कहा कि अब नई शुरूआत की जरूरत है। दो महीने पहले उसने लंबे समय से कोच रहे अर्जुन अजय से नाता तोड़ा जिन्होंने 2018 में एक राष्ट्रीय स्कूल टूर्नामेंट के तहत उसे तलाशा था। अब वह क्यूबा के गार्सिया के मार्गदर्शन में कर्नाटक के बेल्लारी में अभ्यास कर रही है। उसने पीटीआई से कहा , इन चार साल में मेरे कैरियर में कई उतार चढाव आए। कई बार आप ऊपर जाते हैं और कई बार नीचे आ जाते हैं। खिलाड़ी के जीवन में नीचे आना जरूरी है क्योंकि इसके बाद वह मजबूती से वापसी कर पाता है। उसने कहा , मैने नए कोच के साथ शुरूआत की है। यह नई शुरूआत है। हमें बहुत सारे लक्ष्य हासिल करने हैं। मैं 2023 में सबसे तेज 400 मीटर की धाविका बनना चाहती हूं। मैं एशियाई खेलों में पदक जीतना चाहती हूं। उसने 2018 एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। वह विश्व अंडर 20 चैम्पियनशिप में मिश्रित रिले चार गुणा 400 मीटर में कांस्य जीतने वाली भारतीय टीम की सदस्य थी लेकिन 400 मीटर व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक नहीं जीत सकी।

## सिंधु, श्रीकांत दूसरे दौर में, प्रणय ने दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी को हराया

**कुआलालंपुर।** दो बार की ओलंपिक पदक विजेता बैडमिंटन खिलाड़ी पी वी सिंधू ने डेनमार्क की लाइन क्रिस्टोफरसेन को एक कड़े मुकाबले में हराया जबकि एच एस प्रणय ने दुनिया के छठे नंबर के खिलाड़ी चीनी ताइपै के तिएन चेन चोउ को हराकर बुधवार को मलेशिया मास्टर्स के प्री क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। छठी वरीयता प्राप्त सिंधू ने एक घंटे दो मिनट तक चले मुकाबले में 21 . 17, 17 . 21, 21 . 18 से जीत दर्ज की। इससे पहले भी वह डेनमार्क की इस खिलाड़ी को चार बार हरा चुकी है। विश्व रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज सिंधु का सामना अब जापान की अया ओहोरी से होगा। दुनिया के नौवें नंबर के खिलाड़ी प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद चोउ को 16 . 21, 21 . 14, 21 . 13 से मात दी। अब उनका सामना चीन के शि फेंग ली से होगा। भारत के ही किदाम्बी श्रीकांत ने टोमा जूनियर पोपोव को 21 . 12, 21 . 16 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। अब उनका सामना थाईलैंड के कुंलावुत विदितसर्न से होगा। क्वालीफायर अश्मिता चालिहा , मालविका बंसोड़ और आकर्षि कश्यप महिला एकल वर्ग में सीधे गेम में हारकर बाहर हो गई। अश्मिता को चीन की चौथी वरीयता प्राप्त युए हान ने 21 . 17, 21 . 7 से हराया। वहीं आकर्षि को जापान की अकाने यामागुची ने 21 . 17, 21 . 12 से मात दी। मालविका को दूसरी वरीयता प्राप्त चीन की झी यि वांग ने 21 . 11, 21 . 13 से हराया।

## राष्ट्रीय पिकलबॉल चैंपियन बने महाजन और स्नेहल

**फातोर्दा (गोवा)।** महाराष्ट्र के कुलदीप महाजन ने तीसरे राष्ट्रीय रैंकिंग पिकलबॉल टूर्नामेंट में पुरुष एकल का खिताब जीता जबकि दिव्यांशु कटारिया (राजस्थान) और सोनू कुमार (झारखंड) ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीते। महिला वर्ग में महाराष्ट्र ने क्लीनस्वीप किया। उसकी खिलाड़ी स्नेहल पाटिल ने महिला वर्ग का खिताब जीता जबकि वृषाली ठाकरे और उर्वी अभ्यंकर ने क्रमशः रजत और कांस्य पदक हासिल किया। पिकलबॉल ऐसा खेल है जिसमें टेनिस, बैडमिंटन और टेबल टेनिस के कई अवयव शामिल होते है। इसे बैडमिंटन के आकार के कोर्ट में पैडल और प्लास्टिक की गेंद के साथ खेला जाता है। प्लास्टिक की इस गेंद पर छेद होते है।

## टेनिस प्रीमियर लीग : लिएंडर पेस ने बंगाल टीम में हिस्सेदारी खरीदी

**मुंबई।** लिएंडर पेस ने टेनिस प्रीमियर लीग के पांचवे सत्र से पहले बंगाल टीम में हिस्सेदारी खरीदी है। यह लीग पुणे में खेली जाएगी जिसमें आठ टीमें भाग लेंगी। पेस ने वार्डविजार्ड समूह के साथ मिलकर टीपीएल में आठवी टीम खरीदी है। बाकी टीमें मुंबई लियोन आर्मी, पंजाब टाइगर्स, पुणे जागुआर्स, बेंगलुरू स्पार्टंस , दिल्ली बिन्नीस ब्रिगेड , हैदराबाद स्ट्राइकर्स और गुजरात पैंथर्स है।

# सत्र पूर्व अभ्यास शिविर हमारी सफलता की कुंजी: गायकवाड

**भाषा।** चेन्नई

**चेन्नई** सुपर किंग्स के सलामी बल्लेबाज रुतुराज गायकवाड़ ने वर्तमान इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपनी टीम की सफलता का श्रेय सत्र पूर्व अभ्यास शिविर को दिया तथा खिलाड़ियों को सुरक्षा प्रदान करने और अपनी भूमिका स्पष्ट तरह से समझाने के लिए टीम प्रबंधन की भी प्रशंसा की। चार बार के चैंपियन चेन्नई ने मंगलवार को पहले क्वालीफायर में गत चैंपियन गुजरात टाइटंस को 15 रन से हराकर पांचवें आईपीएल खिताब की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। गायकवाड ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, सत्र से पहले अभ्यास शिविर का आयोजन करना बेहद महत्वपूर्ण रहा क्योंकि चेन्नई में नई पिच बिछाई गई थी। कोई भी पिच के व्यवहार को लेकर सुनिश्चित नहीं था। कई बार जब आप सपाट विकेट पर खेलते हैं तो आपको विरोधी टीम की गेंदबाजी के बजाय अपने शॉट के बारे में सोचने की अधिक जरूरत पड़ती है। गायकवाड सहित चेन्नई के कई क्रिकेटरों ने इस सत्र से पहले चेन्नई में आईपीएल मैच नहीं खेला था। चेन्नई का अभ्यास शिविर तीन मार्च से शुरू हुआ था। गायकवाड ने कहा, हमारी सफलता काफी प्रयासों का परिणाम है। इसकी शुरुआत पिछले साल से हो गई थी जब हम प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर पाए थे।

# टी20 क्रिकेट में एंकर की कोई भूमिका नहीं

**भाषा।** मुंबई

**भारतीय** कप्तान रोहित शर्मा का मानना है कि टी20 क्रिकेट बदल गया है और अब इस प्रारूप में एंकर (एक छोर पर टिककर बल्लेबाजी करने वाला) की कोई भूमिका नहीं रह गई है। उन्होंने कहा कि वह विचार कर रहे हैं बल्लेबाज के तौर पर वह और अधिक क्या हासिल कर सकते हैं और इस रवैया में बदलाव के कारण उन्हें असफलता का सामना भी करना पड़ रहा है। सभी प्रारूपों में भारतीय कप्तान रोहित का कहना है कि एक बल्लेबाज के रूप में वह परिणामों के बारे में बहुत अधिक चिंता किए बिना अब चीजों को अलग तरीके से करना चाहते हैं और पावर-हिटिंग कभी भी उनकी विशेषता नहीं रही।



रोहित ने जियो सिनेमा से कहा, जैसा कि मैं देख रहा हूं, एंकर के लिए अब कोई भूमिका नहीं है। इन दिनों टी20 क्रिकेट इसी तरह खेला जाता है, जब तक कि आप 20 रन तक तीन या चार विकेट नहीं गंवा देते लेकिन ऐसा कर दिन नहीं होने वाला।

उन्होंने कहा, कभी कभार आपको ऐसी स्थिति का सामना करना पड़ सकता है और फिर किसी को पारी को संवारने और अच्छे स्कोर तक पहुंचाने की जरूरत है। एंकर के लिए अब कोई भूमिका नहीं है, खिलाड़ी तरह से खेल रहे हैं। रोहित को लगता है कि मानसिकता में बदलाव अनिवार्य है।

उन्होंने कहा, अगर आप अपनी मानसिकता नहीं बदलते हैं, तो आप धराशाई हो जाओगे। दूसरी ओर लोग खेल के बारे में अलग तरह से सोच रहे हैं और इसे अगले स्तर पर ले जा रहे हैं। रोहित ने कहा, सभी सात बल्लेबाजों को अपनी भूमिका निभाने की जरूरत है, मेरा मानना है कि यदि आप एक अच्छा स्कोर बनाते हैं तो यह अच्छा है लेकिन यहां तक कि अगर आप 10-15 या 20 गेंदों पर 30-40 का अच्छा स्कोर बनाते हैं तो यह भी उतना ही अच्छा है क्योंकि आप टीम के लिए भूमिका निभा रहे हैं। खेल बदल गया है।

# जियो सिनेमा पर ढाई करोड़ दर्शकों ने देखा आईपीएल का पहला क्वालीफायर

**भाषा।** नई दिल्ली

**चेन्नई** सुपर किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच इंडियन प्रीमियर लीग 2023 का पहला क्वालीफायर मैच ढाई करोड़ कांकरेंट दर्शकों (एक ही समय पर लाइव स्ट्रीमिंग देखने वाले दर्शक) ने जियो सिनेमा पर देखा जो एक रिकॉर्ड है। जियो सिनेमा ने न सिर्फ इस सत्र में तीसरी बार अपना ही रिकॉर्ड तोड़ा बल्कि आईसीसी विश्व कप 2019 के दौरान भारत और न्यूजीलैंड के बीच सेमीफाइनल मैच के दौरान बने विश्व रिकॉर्ड की भी बराबरी की। पहले क्वालीफायर में चेन्नई ने गत चैम्पियन गुजरात को 15 रन से हराकर दसवीं बार फाइनल में प्रवेश किया। इससे पहले 17 अप्रैल को बेंगलुरू में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर और सीएसके के बीच खेले गए मैच को 2.4 करोड़ कांकरेंट दर्शकों ने देखा था। वहीं सीएसके और राजस्थान रॉयल्स के बीच 12 अप्रैल को खेले गए मैच को 2.2 करोड़ कांकरेंट दर्शक मिले थे। आईपीएल के मौजूदा सत्र के पहले पांच सप्ताह में जियो सिनेमा को 1300 करोड़ से अधिक वीडियो व्यूज मिले हैं।

# शुभमन गिल की बहन की आनलाइन ट्रोलिंग पर दिल्ली पुलिस को दिल्ली महिला आयोग का नोटिस

**भाषा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** महिला आयोग ने क्रिकेटर शुभमन गिल की बहन को ट्रोल करने, अपशब्द कहने , बलात्कार और मारने की धमकी देने वालों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस दिया है।

आईपीएल के आखिरी लीग मैच में गिल के शतक की मदद से गुजरात टाइटंस ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर को हराकर टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। उस मैच के बाद से गिल और उसकी बहन की विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लगातार ट्रोलिंग हो रही थी। आयोग ने नोटिस में कहा , सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्विटर और इंस्टाग्राम पर शुभमन गिल की बहन के लिए लिखी ए पोस्ट अश्लील, धमकीभरी और अपमानजनक हैं। उसे बलात्कार और मारने की भी धमकी दी जा रही है जो आपराधिक है। इसमें आगे कहा गया कि यह काफी गंभीर मसला है और इस पर तुरंत कार्वाई करने की जरूरत है। आयोग की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने ट्विटर पर नोटिस साझा करके दिल्ली पुलिस को 26 मई तक कार्वाई की जानकारी देने को कहा है।

# विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप में भारतीय चुनौती समाप्त

**डरबन।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के अंतिम 32 दौर में पुएर्तो रिको की एड्रियाना डियाज से 3- 4 से हारकर बाहर हो गई जबकि टूर्नामेंट में बुधवार को भारतीय चुनौती समाप्त हो गई। आईटीटीफ रैंकिंग में 13वें स्थान पर काबिज डियाज के खिलाफ दुनिया की 39वें नंबर की खिलाड़ी मनिका ने पहला गेम जीता लेकिन उस लय को कायम नहीं रख सकी। डियाज ने यह मुकाबला 6 . 11, 12 . 10, 11 . 9, 6 . 11, 13 . 11, 9 . 11, 11 . 3 से जीता। अचंत शरत कमल और साथियान ज्ञानशेखरन पुरूषों के अंतिम 16 वर्ग में पॉल ड्रिंकहाल और लियाम पिचफोर्ड से 11. 9, 8 . 11, 12 . 14, 10 .12 से हार गए। भारतीय जोड़ी ने इसी टीम को पिछले साल बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों में हराकर स्वर्ण पदक जीता था। मनिका और अर्चना कामत महिला युगल में अंतिम 16 में जापान की हिना हयाता और मिमा इतो से 8 . 11, 6 . 11, 7 . 11 से हार गई।

# अर्जेंटीना अंडर-20 विश्व कप के नॉकआउट चरण में

**एपी।** ब्यूनस आयर्स

**अर्जेंटीना** ने मंगलवार को ग्वाटेमाला को 3-0 से हराकर अंडर-20 विश्व कप फुटबॉल के नॉकआउट चरण में जगह बना ली।

अमेरिका ने ग्रुप बी में फिजी पर 3-0 की जीत के साथ अंतिम-16 में जगह बनाने की तरफ मजबूत कदम बढ़ाए। अर्जेंटीना को ग्वाटेमाला पर जीत दर्ज करने में कोई खास परेशानी नहीं हुई। उसकी तरफ से अलेजो वेलिज, लुका रोमेरो और मैक्सिमो पेरोन ने गोल किए।

अर्जेंटीना के यह लगातार दूसरी जीत है जिससे उसके छह अंक हो गए हैं और उसका ग्रुप में कम से कम दूसरे स्थान पर रहना तय है। छह बार का चैंपियन अर्जेंटीना का अगला मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा जिसने ग्रुप ए के एक अन्य मैच में उज्बेकिस्तान से 2-2 से ड्रा खेला। न्यूजीलैंड के अब दो मैचों में चार अंक हो गए हैं। इस टूर्नामेंट में कुल 24 टीम भाग ले रही हैं। प्रत्एक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें नॉकआउट चरण में जगह बनाएंगी।

ग्रुप बी में अमेरिका के दो जीत से छह अंक हो गए हैं लेकिन इक्वाडोर और स्लोवाकिया के अभी तीन-तीन अंक हैं और उन दोनों के पास अपने अंकों की संख्या छह पर पहुंचाने का मौका है।

# लगातार अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने का मौका मिलना भारत के लिए काफी अच्छा : गुरप्रीत

**भाषा।** नई दिल्ली

**भारतीय** फुटबॉल टीम की पहली पसंद के गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू ने कहा कि उनके और अमरिंदर सिंह के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा है लेकिन दोनों के लिए मैदान पर रहने से ज्यादा महत्वपूर्ण मैच जीतना है।

इस साल की शुरुआत में इंफाल में तीन देशों के टूर्नामेंट में भारत ने म्यामां को 1-0 से और किर्गिस्तान को 2-0 से हराकर खिताब जीता था और टूर्नामेंट में गुरप्रीत और अमरिंदर दोनों ने संयुक्त रूप से टूर्नामेंट के गोलकीपर का पुरस्कार जीता।

गुरप्रीत ने कहा, खिलाड़ियों के बीच संबंध बहुत अच्छे हैं। टीम में स्थानों के लिए प्रतिस्पर्धा है लेकिन हम भाइयों की तरह हैं और हम सभी जानते हैं कि हमारे में से कोई भी किसी निश्चित दिन टीम के लिए काम कर सकता है।

उन्होंने कहा, देश के लिए खेलना सम्मान की बात है और जब भी मौका मिले हमें इसके साथ न्याय करना चाहिए। बेशक, जब भी वे खुद को प्रस्तुत करते हैं तो हम एक दूसरे को ऐसे अवसरों के लिए सही फ्रेम में रहने में मदद करते हैं। कुल मिलाकर इच्छा टीम को जीतते हुए देखने की है, सिर्फ मैदान पर रहने की नहीं।

गुरप्रीत का मानना है कि अगले साल होने वाले एएफसी एशियाई कप से पहले लगातार टूर्नामेंट खेलना भारतीय टीम के लिए बहुत अच्छा है।

टीम कई अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में खेलने की तैयारी कर रही है जिसमें - भुवनेश्वर में इंटरकॉन्टिनेंटल कप, बेंगलुरू में सैफ चैंपियनशिप, थाईलैंड में किंग्स कप (सितंबर) और मलेशिया में मर्डेका कप (अक्टूबर) शामिल हैं। कतर में जनवरी-फरवरी में होने वाले एशियाई कप की तैयारी कर रही भारतीय टीम इंटरकॉन्टिनेंटल कप से पहले भुवनेश्वर में प्रशिक्षण शिविर में कड़ी मेहनत कर रही है।

गुरप्रीत का मानना है कि यह खिलाड़ियों के लिए अपने कौशल को निखारने का अच्छा मौका है।

गुरप्रीत ने द-एआईएफएफ.कॉम कहा, लगातार टूर्नामेंटों का आयोजन हमारे लिए बहुत अच्छा है। हमें अच्छी संख्या में मुकाबलों में खेलना है और यह ऐसी चीज है जिसकी मैं व्यक्तिगत रूप से सराहना करता हूं। मुझे नहीं लगता कि हमने पहले कभी ऐसा किया है। उन्होंने कहा, इस तरह के टूर्नामेंट हमेशा एक चुनौती होते हैं लेकिन वे अच्छी टीमों के खिलाफ हमारे कौशल को निखारने और खिताब जीतने का एक बड़ा अवसर भी पेश करते हैं। इस गोलकीपर ने कहा, एशियाई कप हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। हमें मिलने वाले हर अवसर पर अधिक प्रतिस्पर्धी खेल खेलने की जरूरत है जो एशियाई कप की तैयारी में हमारे लिए अच्छा होगा।

भारत ने 40 खिलाड़ियों के साथ भुवनेश्वर में शिविर शुरू किया जिसे कोचिंग स्टाफ में मार्गदर्शन में ट्रेनिंग के बाद 27 खिलाड़ियों का कर दिया जाएगा।

## भारत ने जूनियर एशिया कप हॉकी में चीनी ताइपे को 18-0 से रौंदा

**सालालाह ( ओमान )।** गत चैंपियन भारत ने बुधवार को यहां सुल्तान कबूस यूथ कॉम्प्लेक्स में चीनी ताइपे पर 18-0 की बेजोड़ जीत के साथ पुरुष जूनियर एशिया कप हॉकी टूर्नामेंट में अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। भारतीय टीम ने चीनी ताइपे के डिफेंस को भेदने में लगातार कामयाबी हासिल की और गोल दागे। भारत के लिए अरिजीत सिंह हुंदल (19वें, 29वें, 30वें, 59वें मिनट) और अमनदीप (38वें, 39वें, 41वें मिनट) ने हैट्रिक बनाई जबकि बॉबी सिंह धामी (10वें और 46वें मिनट), आदित्य अर्जुन ललागे (37वें और 39वें मिनट) और कप्तान उत्तम सिंह (10वें और 59वें मिनट) ने दो-दो गोल किए। शारदा नंद तिवारी (11वें), अंगद बीर सिंह (37वें), आमिर अली (51वें), बोबी पूवन्ना चंदूरा (54वें) और योगंबर रावत (60वें) ने भी एक-एक गोल दागकर पूल के ए के मुकाबले को एकतरफा बनाया।

# द्रविड़ ने बांग्लादेश दौरे से पहले भारतीय महिला टीम की हौसलाअफ्जाई की

**भाषा।** बेंगलुरू

**विश्व** टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) फाइनल के लिए इंग्लैंड रवाना होने से कुछ घंटे पहले पुरुष क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में बांग्लादेश दौरे से पहले भारतीय महिला क्रिकेटरों की हौसलाअफजाई की।

भारतीय महिला टीम फिलहाल बांग्लादेश के अपने दौरे से पहले एनसीए में अनुकूलन शिविर में हिस्सा ले रही है। बांग्लादेश दौरे पर टीम तीन वनडे और इतने ही टी20 मैच खेलेगी।

भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ट्वीट किया, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने बेंगलोर के एनसीए में सीनियर महिला क्रिकेटरों के साथ बहुत ही व्यावहारिक बातचीत की। उन्हें तैयारी, निरंतर सुधार की आवश्यकता और उत्कृष्टता हासिल करने की प्रक्रिया पर एक नया दृष्टिकोण मिला। हम भारत की शीर्ष महिला क्रिकेटरों के साथ बातचीत का समय निकालने के लिए राहुल द्रविड़ को धन्यवाद देते हैं।

बातचीत सत्र के दौरान राहुल के साथ एनसीए प्रमुख वीवीएस लक्ष्मण भी मौजूद थे। सत्र में दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, रिचा घोष, जेमिमा रोड्रिग्स, राजेश्वरी गायकवाड़, पूजा वस्त्रकार, देविका वैद्य, हरलीन देओल, सायका इशाक, अरुंधति रेड्डी सहित देश की शीर्ष क्रिकेटरों ने हिस्सा लिया।